
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta


/jagrukjantanews

jagruk_janta

आश्विन, पक्ष - शुक्ल, तिथि - पूर्णिमा, संवत 2078 | पृष्ठ : 8+4 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-34, 20 अक्टूबर - 26 अक्टूबर, 2021 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## जातीय आधार पर जनसंख्या गणना के पीछे उद्देश्य क्या है!

सटीक



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

**हमारे** देश और संस्कृति में जातियां समाज का अभिन्न अंग रही हैं। मनुष्य जब सभ्यता के साथ रहना सीख रहा था तो उसको सामाजिक व्यवस्थाओं एवं एक-दूसरे से जुड़े रहने के लिए जातियां होना जरूरी लगा होगा। एक समय था जब जातियां एक-सामाजित ताने-बाने को बनाए रखने के लिए जरूरी थी। कोई भी शुभ कार्य एक-दूसरी जाति के सहयोग के बिना संभव ही नहीं था। जनम से लेकर परण होते हुए मरण तक के कार्यक्रम संपूर्ण जातियों में बंटे हुए थे। एक-दूसरी जाति के सहयोग बिना ये सम्पन्न नहीं हो सकते थे। ऐसा ताना-बाना बुना था हमारे पूर्वजों ने। मगर अब जातियों को वोट बैंक बनाकर राजनीतिक दल इनका दोहन कर रहे हैं। चुनावों में जीतने के लिए जातीय समीकरण बनाए जाते हैं और फिर उन जातियों का ध्रुवीकरण किया जाता है। एक-दूसरी जाति को आपस में लड़ाया जाता है। ये तो हुई चुनाव की गणित। वर्तमान में समाज तो जातियों के भूलकर एक हो रहा है। मगर जो सरकार और नेता जातिवाद को मिटाने की बातें गाहे-बगाहे करते रहते हैं वे ही लोग जातियों को जिंदा रखे हुए हैं। जाति के आधार पर आरक्षण दे रखा है। अगर समाज को एकजुट रखना है तो फिर सरकारी नौकरियों में जातीय आधार को खत्म कर देना चाहिए। मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हाथी के दांत दिखाने के और तथा खाने के और होते हैं। उसी प्रकार हमारे संविधान में व्यवस्था है कि जातीय आधार पर आरक्षण की। जबकि दूसरी ओर जातियों का खत्म कर समाज को एकजुट करने की बातें होती हैं। राजनीतिक दल अब एक नया नासूर पैदा करने की बातें करते हैं कि जनगणना जातीय आधार पर होनी चाहिए। इस तरह की जनगणना के पीछे कुछ न कुछ चल जरूर रहा है। हो सकता है जातीय प्रतिशत के आधार पर सरकारी नौकरी और चुनावों में आरक्षण की बात दिमाग में कौंध रही हो। मगर ऐसा होना नहीं चाहिए। वरना एक और नासूर हमारे समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के पैदा हो जाएगा। होना तो यह चाहिए कि बहुत हो गया आरक्षण का खेल। अब इसे खत्म कर नए सिरे से हमारे समाज की समरसता को बढ़ाने के कार्य किए जाने चाहिए। एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए यह जरूरी है।

**shivdayalmishra@gmail.com**

### उत्तराखंड में भारी बारिश: हल्द्वानी में पुल टूटा

# दो दिन में 24 मरे, नैनीताल और काठगोदाम के बीच रेल लाइन बही

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते हालात बेहद खराब हो गए हैं। यहां मंगलवार को 11 और लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा कुमाऊं क्षेत्र प्रभावित है, जहां कई मकान जमींदोज हो गए हैं और मलबे में कई लोग दबे हुए हैं। नैनीताल का संपर्क राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। यहां तक आने वाली तीनों सड़कें भूस्खलन के चलते ब्लॉक हो गई हैं। वहीं भारी बारिश के चलते नैनीताल जिले में काठगोदाम रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली रेलवे लाइन भी बह गई है।

### दो दिन में मरने वालों का आंकड़ा 24 हुआ

**इसके** साथ ही राज्य में मरने वालों का आंकड़ा 24 हो गया है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के सचिव एसए मुरुरेसन ने बताया कि पिछले 24 घंटे में राज्य में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। सोमवार को बारिश के चलते पौड़ी और चंपावत में 5 मौतें हुई थीं। इसमें नेपाल के तीन मजदूर भी शामिल थे। मंगलवार को अल्मोड़ा, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में 11 लोगों की जान गई।



### सीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई दौरा

**राज्य** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि जल्द ही सेना के हेलिकॉप्टर यहां मदद और राहत पहुंचाने के लिए पहुंच जाएंगे। इनमें से दो हेलिकॉप्टरों को नैनीताल और एक को गढ़वाल भेजा जाएगा। CM ने लोगों से आग्रह किया कि वे घबराएं नहीं, उनकी सुरक्षा के सभी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने चारधाम यात्रियों से अपील की कि वे जहां हैं, वहीं रुक जाएं और मौसम साफ होने के बाद ही यात्रा को दोबारा शुरू करें। मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। बाद में उन्होंने रुद्रप्रयाग पहुंचकर नुकसान के आकलन की समीक्षा भी की। उनके साथ राज्य के मंत्री धन सिंह रावत और राज्य के डीजीपी अशोक कुमार भी थे। इंडियन यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट श्रीनिवास ने एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें उत्तराखंड के नैनीताल में पानी के तेज बहाव के बीच सुरक्षाबल के जवान लोगों का रेस्क्यू कर रहे हैं। सैनिकों ने ह्यूमन चेन बनाकर एक दुकान से लोगों को रेस्क्यू किया।

### हल्द्वानी में दरक गया पुल

**हल्द्वानी** में गौला नदी पर बना पुल बारिश के चलते दरक गया है। पुल के बीचोबीच गड्ढा बन गया। पुल के एक छोर पर खड़े लोगों ने दूसरे छोर से आ रहे बाइक सवार को इस बारे में अलर्ट किया। तब मोटरसाइकिल सवार वापस मुड़ा। नैनीताल में नैनी झील के पास माल रोड और नंदा देवी मंदिर में पानी भर गया है, यहां एक होस्टल बिल्डिंग को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं ऊधम सिंह नगर में नानक सागर बांध के सभी गेट खोल दिए गए हैं।

### यूपी चुनाव में 40% टिकट महिलाओं को: प्रियंका गांधी का बड़ा ऐलान

# 403 सीटों में 161 पर महिलाओं को टिकट देगी कांग्रेस



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 40% टिकट महिलाओं को देगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बड़ा ऐलान किया। प्रियंका ने कहा कि यह फैसला तमाम पीड़ित महिलाओं के साथ न्याय करेगा। प्रियंका ने नया नारा दिया, लड़की हूं लड़ सकती हूं। कांग्रेस 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने के लिहाज से P की कुल 403 विस सीटों में से 161 पर महिला उम्मीदवार उतारेगी। प्रियंका जब यह ऐलान कर रही थीं, तब भी उनके मंच पर 7 पुरुष मौजूद थे और प्रियंका के आजू-बाजू केवल दो महिलाएं बैठी हुई थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्टी का महिलाओं को टिकट देने का फैसला काफी चुनौतीभरा रहने वाला है।

### प्रियंका को परिवारवाद से ऐतराज नहीं

**कांग्रेस** ने भले ही महिलाओं को 40% टिकट देने का ऐलान किया हो, लेकिन इसमें भी नेताओं के परिवार की महिलाओं का ही दबदबा रहने की संभावना है। खुद प्रियंका गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परिवारवाद का समर्थन किया। जब उनसे सवाल पूछा गया कि कांग्रेस ने 40% महिलाओं को टिकट देने का ऐलान किया है, लेकिन सभी असरदार नेता अपने परिवार की महिलाओं को ही टिकट दिलाने के लिए लॉबिंग करेंगे। इस पर प्रियंका ने कहा कि इसमें कोई हर्ज नहीं है।

### अलवर-धौलपुर जिले में पंचायत चुनाव

# पहले चरण के लिए मतदान आज

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के अलवर और धौलपुर जिले में पंचायत और जिला परिषद चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार 20 अक्टूबर को होगा। पहले चरण में 7 पंचायत समितियों के 153 वार्डों के लिए 683 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। दोनों जिलों में पहले चरण के लिए 9 लाख 41 हजार 490 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिसमें से 4 लाख 98 हजार 178 पुरुष, 4 लाख 43 लाख 310 महिलाएं व 2 अन्य मतदाता हैं। दोनों जिलो में मतदान के लिए 1263 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इधर राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त पीएस मेहरा ने पहले चरण के लिए अलवर और धौलपुर जिले के मतदाताओं से बिना किसी प्रलोभन, लालच और दबाव के भयमुक्त मतदान करने की अपील की है।

इसके साथ ही आयुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल की पालना कराने के भी निर्देश दिए हैं। मेहरा ने बताया कि पहले चरण के मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इससे पहले मंगलवार को मतदान दलों ने धौलपुर और अलवर जिला मुख्यालयों से रवाना होकर अपने-अपने लिए निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं संभाल ली।

### सांवलिया सेठ के मंदिर में चांदी से बना लैपटॉप किया भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के श्री सांवलिया सेठ के मंदिर में एक श्रद्धालु ने 294 ग्राम चांदी से बना लैपटॉप भेंट किया है। मेवाड के कृष्णधाम के नाम से मशहूर श्री सांवलियाजी सेठ के दरबार में हर बार भक्त अलग-अलग तरह की भेंट चढ़ाते हैं। अब टोंक के श्रद्धालु पी सिंह ने चांदी से बना लैपटॉप भेंट किया हैं। भक्त ने अपनी इच्छा को गुप्त रखा है।

## जागरूक खबरें

### बंगलादेश उच्चतम न्यायालय में दिल्ली के वकील की पत्र याचिका

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** बंगलादेश में हिंदुओं तथा उनके धर्म स्थलों पर हमले की न्यायिक जांच, पीड़ितों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और समुचित सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार वहां के उच्चतम न्यायालय से भारत के एक वकील ने पत्र याचिका के माध्यम से की है। याचिकाकर्ता दिल्ली के वकील विनीत जिंदल ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने बंगलादेश के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सैयद अहमद हुसैन से एक पत्र के माध्यम से स्वत: संज्ञान लेने की गुहार लगाई है।

### राजस्थान में मंगलवार को कोरोना का एक भी मामला सामने नहीं आया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में कई दिनों बाद वैश्विक महामारी कोरोना का मंगलवार को एक भी मामला सामने नहीं आया। चिकित्सा विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य के सभी जिलों में कोई नया मामला सामने नहीं आया।

### फोन टैपिंग केस में सीएम के OSD को 22 को दिल्ली लवाइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** फोन टैपिंग केस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 22 अक्टूबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने लोकेश शर्मा को ईमेल से नोटिस भेजकर 22 अक्टूबर को 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। सीएम के ओएसडी का नोटिस के बाद पूछताछ के लिए जाने पर अभी स्थिति साफ नहीं हुई है, ओएसडी अभी कानूनी राय ले रहे हैं। इससे पहले लोकेश शर्मा को 24 जुलाई को भी पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन उस समय पेश नहीं हुए थे।




राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 30°C | 19°C |
| जोधपुर | 35°C | 21°C |
| अजमेर | 32°C | 19°C |
| उदयपुर | 31°C | 19°C |

सूर्योदय प्रातः 06:32 बजे | सूर्यास्त सांय : 05:42 बजे | चन्द्रोदय 05:50 बजे | चन्द्रास्त 05:58 बजे


## जागरूक खबरें

### सक्षम संस्थान ने जरूरतमंद लोगों में खुशियां बांटी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सामाजिक सरोकारों में अग्रणी सक्षम संस्थान ने मानसरोवर स्थित कच्ची बस्ती में जरूरमंद लोगों को कपड़े व ज़रूरी सामान बांटा। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े अनेकों वॉलिंटर्स व सदस्य उपस्थित रहे। खिलौने, कपड़े क्रॉकरी, स्टेशनरी आदि बहुत से उपयोगी सामान पा के ज़रूरत मन्द लोग बहुत खुश हुए। इस अवसर पर संस्थान के अद्यक्ष ब्रज राज नारायण सक्सेना, संरक्षक अनिता सक्सेना, सचिव ईवादीप सक्सेना, यूथ प्रेसिडेंट अप्लव सक्सेना, सुदीप सक्सेना, सचिन, डॉ भार्गवी आदि उपस्थित रहे। संस्थान सचिव व प्रोग्राम हेड ईवादीप सक्सेना के अनुसार दीपावली पर अब मिठाई वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा।

### युवा जागृति सेवा समिति ने नवरात्रि में निकाली माँ दुर्गा की शोभायात्रा



**जयपुर @ जागरूक जनता।** युवा जागृति सेवा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा 2021 का आयोजन किया गया। मां दुर्गा की स्थापना छठ 11 अक्टूबर 2021 को दी गई और 15 अक्टूबर 2021 को माता की शोभा यात्रा निकाली गई और विसर्जन किया गया, इस दुर्गा पूजा में छठ से दशहरे तक कार्यक्रम रखे गए। जिसमें छठ को मातारानी की स्थापना, अष्टमी को माता की मेहंदी में स्थानीय महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन कर मेहन्दी का प्रसाद रूप मे वितरण किया गया, अष्टमी को 201 दीपों की महाआरती, राम नवमी को हवन एवं कन्या पूजन के साथ भक्तजनों को दोना प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। रामनवमी को 51 कन्याओं को भोजन प्रसादी के साथ कुछ पुरस्कार दिए गए। युवा जागृति सेवा समिति ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना करते हुए इस कार्यक्रम को आयोजित किया।

### मूक-बधिर विधार्थियो को ज्यामितीय बॉक्स वितरित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शांति देवी फाउंडेशन के नेतृत्व में आज जयपुर के त्रिमूर्ति सर्किल के पास स्थित आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर विद्यालय के विधार्थियो को ज्यामितीय बॉक्स वितरित किया, जो विधार्थियो की पढाई में मदद करेगा। पोद्दार विद्यालय राजस्थान का एकमात्र सरकारी संस्थान है जहां मूक-बधिरों की 12वीं कक्षा तक पढ़ाई होती है। शांति देवी फाउंडेशन विगत वर्षों से ही लोगों की मदद के लिए काम काम करता आ रहा है। फाउंडेशन का लक्ष्य किसी भी संकट के समय में लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहना है। शांति देवी फाउंडेशन ऐसे युवा लोगों का ग्रुप है जो अपने वित्तीय खर्चों में से कमी करते हुए लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन के फाउंडर श्रवण शर्मा, संकल्प फ्रेडरिक, विजेंदर चौधरी, रितेश सोनी, दिनेश सोनी, तथा स्कूल के शिक्षक गण इत्यादी सदस्य मौजूद थे।

### नवांकुर की सातवीं कड़ी में कथक नृत्य की मनोहर प्रस्तुति



**जयपुर @ जागरूक जनता।** इंडियन इस्टिट्यूट ऑफ कथक डांस एंड म्यूजिक की ओर से ऑनलाइन सीरीज "नवांकुर" की सातवी कड़ी में अनन्या, भावना, खुशी, संस्कृति, शाइनी, दृष्टि, प्रेक्षा, किंजल, मनस्वी, सौम्या' इशिका व श्रेया ने प्रस्तुति दी। नृत्य का प्रारम्भ गणेश वंदना से किया गया। उसके उपरांत देवी की स्तुति, त्रिवाल में जुगलबंदी प्रस्तुत की। जिसमें थाट, आमद, परण, चक्कर के टुकड़े तत्कार आदि प्रस्तुत किए गए। उसके पश्चायत कनिष्ठ वर्ग द्वारा शुद्ध कथक नृत्य ताल चौताल व त्रिताल में प्रस्तुत किया गया। नृत्य निर्देशन डॉ स्वाति अग्रवाल ने किया।

### पीस पैलेस में नव दुर्गा की सजी झांकी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पीस पैलेस परिसर में तीन दिवसीय नव दुर्गा की चैतन्य झांकी सजाई गई। झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पीस पैलेस आए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज कविता बहन ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का अध्यात्मिक रहस्य आगंतुकों को समझाया। झांकी के अंतिम दिन सभी को राजयोग मैडिटेशन द्वारा परमात्म शक्ति की अनुभूति कराई गई।

### भगवा रक्षा दल का हुआ विस्तार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल में प्रदीप कुमार वैष्णव ग्राम गूलर पर्वतसर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मंजू सिंह चौधरी मुरलीपुरा स्कीम जयपुर को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, रामप्रताप अग्रवाल मुरलीपुरा स्कीम जयपुर को राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी राजस्थान तथा प्रेम सिंह ग्राम भावंडा जिला नागौर को राष्ट्रीय प्रचारक पद पर मनोनीत किया गया है। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने उपरोक्त निर्णय की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की वृद्धि के लिए अनुशासित पदाधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे और अगली सूचना तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे।

### किशनबाग सैलानियों के लिए तैयार, धारीवाल ने दो घंटे किया निरीक्षण

# जयपुराइट्स के लिए जैसलमेर के धोरे तैयार, उद्घाटन जल्द

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजधानी के विद्याधर नगर क्षेत्र में किशनबाग वानिकी परियोजना बनकर तैयार हो चुका है। राज्य भर के विशेष पत्थरों और वनस्पति से 64 हैक्टेयर में इसे विकसित किया गया है। जेडीए ने इस पर 11 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। तीन साल के रखरखाव का काम भी हाल ही में जेडीए ने दिया है।

यहां की व्यवस्थाओं को देखने के लिए नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने दौरा किया। दो घंटे तक वे यहां पर रहे। इस दौरान उन्होंने यहां की वनस्पति से लेकर पत्थरों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उद्घाटन करेंगे। संभवतः दिवाली से पहले इसका उद्घाटन हो जाएगा।

दरअसल, यह प्रोजेक्ट में रेगिस्थानी थीम पर आधारित है। राजधानी में सैलानियों को लुभाने के लिए रेतीले टीलों को स्थाई करने का प्रयास किया है। इससे यहां रहने वाले जीव जंतुओं का दिक्कत नहीं होगी। साथ ही रेगिस्तान की प्राकृतिक वनस्पति भी सुरक्षित बनीं रहेंगी। इसके निर्माण को प्राकृतिक बनाने का प्रयास किया गया है। जो रास्ता बनाया गया है, उसमें पत्थर और लकड़ी उपयोग की गई है। मचान पर छांव के लिए वनस्पति का उपयोग किया गया है। पत्थरों को भी लाकर रखा गया है।

निरीक्षण के दौरान नगरीय विभाग के प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीणा, जेडीसी गौरव गोयल, जेडीए सचिव हृदेश शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त विनीता सिंह, वन संरक्षक महेश तिवाड़ी आदि मौजूद रहे।

#### आगे की योजना

- सोशल मीडिया पर जेडीए व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। ताकि, सैलानियों को यहां लाए जा सके।
- स्कूलों को जेडीए पत्र लिखकर बच्चों को किशन बाग का भ्रमण कराने का अनुरोध करेगा।
- गाइड एसोसिएशन से बातचीत किशनबाग में ट्यूरिस्ट स्पॉट में शामिल करने का अनुरोध करेगा।
- फिल्म शूटिंग और प्री-वेडिंग शूट के लिए इसे खोला जाएगा। ताकि, व्यापक प्रचार हो सके।

### कार्तिक माह में सुबह 4 से 5 बजे होगी आरती

# गोविंद देव जी मन्दिर में आज से बदलेगा मंगला आरती का समय

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंददेवजी मन्दिर में रोज सुबह मंगला आरती करने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह खबर है। मंदिर प्रबंधन ने बुधवार से शुरू होने वाले कार्तिक माह में मंगला आरती का समय बदल दिया है। अब 20 अक्टूबर से मंगला आरती अलसुबह 4 से 5 बजे होगी, जबकि सामान्य दिनों में मंगला आरती का 5 से 5:15 बजे का रहता है। ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी जयपुर की ओर से जारी नए शेड्यूल के मुताबिक मंगला आरती के अलावा शेष अगली 6 आरतियों का समय पहले की तरह यथावत रहेगा। मंदिर प्रबंधन के इस फैसले से श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए ज्यादा समय मिलेगा। क्योंकि कार्तिक माह में बड़ी संख्या श्रद्धालु मंगला आरती करने आते है। विशेषकर महिलाए जो कार्तिक स्नान करती है वह विशेष रूप से मंगला आरती करती है और इसका काफी महत्व भी है। जयपुर चारदीवारी के अलावा दूर-दराज से भी महिलाएं रोज सुबह कार्तिक माह में दर्शन के लिए अलसुबह मंदिर पहुंचती है। समय बदलने के कारण अब श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए ज्यादा भागमभाग नहीं करनी पड़ेगी। वहीं मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों का कहना है कि कार्तिक माह में मंगला आरती के समय ज्यादा भीड़ आती है। सुबह-सुबह मंदिर परिसर में लगभग 4-5 हजार लोग दर्शन के लिए आते है। कोरोनाकाल चल रहा है ऐसे में भीड़ कंट्रोल रहे और आने वाले श्रद्धालुओं को कोविड नियमों की पालना करते हुए दर्शन करवाए इसलिए आरती का समय 15 मिनट से बढ़ाकर एक घंटा कर दिया है।

### सहायक अग्निशमन अधिकारी और फायरमैन भर्ती परीक्षा 29 जनवरी को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सहायक अग्निशमन अधिकारी और फायरमैन भर्ती परीक्षा की प्रस्तावित तिथि घोषित कर दी है। जारी आदेशानुसार इस भर्ती के लिए अगले साल 29 जनवरी 2022 को परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह भर्ती सहायक अग्निशमन अधिकारी के 29 पदों पर और फायरमैन के 600 पदों पर भर्ती के लिए हो रही है। इसमें सहायक अग्निशमन अधिकारी पद के लिए 7 हजार और फायरमैन के लिए 1.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

**दिवाली की सजावट**

### अलग–अलग थीम पर सजे नगर आएंगे बाजार, एमआई रोड शाम 6 से रात 10 बजे तक होगा जगमग

# दमकने लगे बाजार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** परकोटे के बाजारों में दिवाली की सजावट शुरू हो गई है। इसबार भी हर बाजार को अलग–अलग थीम पर सजाया जा रहा है। हालांकि बिजली संकट का असर दिवाली की सजावट पर देखने को मिलेगा। एमआई रोड शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक ही रोशन होगा, वहीं अन्य बाजारों में भी रात को लाइट का स्वीच ऑफ हो जाएगा। किशनपोल बाजार गुलाबी रोशनी से नहाया नजर आएगा, वहीं चांदपोल बाजार तिरंगी रोशनी से जगमग होगा। राजापार्क सतरंगी रोशनी से रोशन होगा। इन सभी बाजारों में सजावट का काम शुरू हो गया है।

परकोटे के बाहरी बाजारों में दिवाली की सजावट शुरू हो गई है। एमआई रोड पर करीब 3 किलोमीटर में एलइडी लाइटें लगना शुरू हो गई है। पांच बत्ती को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। एमआई रोड व्यापार मंडल महामंत्री सुरेश सैनी ने बताया कि बिजली संकट को देखते हुए दिवाली सजावट के साथ बिजली बचत पर भी फोकस रहेगा। इस बार बाजार शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक ही जगमग होगा। इससे कोविड गाइडलाइन की पालना भी सुनिश्चित होगी। बिजली कनेक्शन के लिए 10 फाइल लगा रहे हैं।

राजापार्क सजने लग गया है। राजापार्क व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि नैय्यर ने बताया कि बाजार में दिवाली की सजावट का काम शुरू हो गया है। इस बार भी बाजार को विशेष थीम पर सजाया जा रहा है। दिवाली का त्योहार खुशियों का त्योहार है।

#### तिरंगी रोशनी से जगमगाएगा बाजार

**परकोटे** के चांदपोल बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिवाली की सजावट में चांदपोल बाजार को तिरंगी रोशनी से जगमग किया जाएगा। दिवाली की सजावट के बीच बाजार में तितलियां उड़ती नगर जाएगी। स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिवाली की सामूहिक सजावट के लिए सरकार से घरेलू दर पर बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



# व्यर्थ बहता लाखों लीटर पानी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित जेपी कॉलोनी सेक्टर 4 में जेडीए कार्यालय के पास लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। सरकार एक ओर जल बचाए-जीवन बचाए का संदेश घर-घर पहुंचा रही है। यहां अवैध कनेक्शन की बाढ़ के तहत पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। दूसरी ओर, समीपवर्ती कॉलोनियों में जल आपूर्ति कम समय के लिए की जा रही है। साथ ही, प्रेशर भी कम दिया जा रहा है। इस व्यर्थ बहते पानी की ओर ध्यान देने वाला कोई भी नहीं है जबकि जबकि हमारी जेपी कॉलोनी में पानी की सप्लाई बिल्कुल भी नहीं ढंग से आती है प्रेशर बिल्कुल भी नहीं आता है और कटौती और होती है।

### भारत विकास परिषद भवन का भूमि पूजन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भारत विकास परिषद उत्तर पश्चिम रीजन ने विजय दशमी के दिन जयपुर में परिषद भवन बनाने के लिए भूमि पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। भूमि पूजन आचार्य विनोद बिहारी ने करवाया। इस अवसर पर श्री पीपा पीठाधीश्वर झंकार ईश्वर दास त्यागी महाराज झालावाड़ मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर भवन निर्माण में सहयोग देने वाले परिषद सदस्यों एवं भामाशाहों को सम्मानित किया गया। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रांतीय मीडिया प्रकल्प प्रमुख नगेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि सांसद रामचरण बोहरा ने परिषद के कार्यों की सराहना की और भवन निर्माण के लिए सांसद कोटे से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीडी शर्मा, राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री डॉ. त्रिभुवन शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत आर.एस. सक्सेना ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। ओपी गुप्ता संयोजक भवन निर्माण समिति ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय महासचिव राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत रणवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सैल्यूट तिरंगा टीम ने बांटी खाद्य सामग्री




**जयपुर @ जागरूक जनता।** सैल्यूट तिरंगा जयपुर की टीम ने कालवाड़ रोड स्थित आनन्द कुंज वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री और फलों का वितरण किया जिसमें सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष शर्मा अधिवक्ता और प्रदेश सचिव मुकेश तिवाड़ी सहित सदस्यों ने भाग लिया। वृद्धा आश्रम की जरूरत के मुताबिक सैल्यूट तिरंगा समय-समय पर उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।



### 60 एकड़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स कंपनियों के निवेश के लिए होगा समर्पित क्षेत्र

# कारोली में बनेगा प्रदेश का पहला ईवी जोन, सरकार की मंजूरी जल्द

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का भविष्य देखते हुए राज्य सरकार ने एक और कदम बढ़ाया है। अलवर के भिवाड़ी स्थित कारोली औद्योगिक क्षेत्र में सरकार राजस्थान का पहला ईवी औद्योगिक जोन बनाने जा रही है। यह क्षेत्र समर्पित तौर पर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की विनिर्माण इकाइयों के निवेश का ठिकाना बनेगा। इसके लिए कारोली में करीब 60 एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है।

रीको जल्द ही इस जोन को विकसित करने के लिए होने वाले कार्यों की मंजूरी जारी करेगा। जानकारों के अनुसार भिवाड़ी में पहले से ऑटोमोटिव कम्पनियों के रुचि दिखाने के कारण रीको ने इसी क्षेत्र में ईवी सेक्टर की कंपनियों को आकर्षित करने की यह योजना तैयार की है। करीब 40 से अधिक ऑटोमोटिव सेक्टर की कंपनियां यहां भूमि आवंटन की तैयारी में है।

#### रिझाने के लिए रिप्स में रियायत

**ईवी** सेक्टर में निवेश के मौके भुनाने के लिए सरकार ने इस सेक्टर को राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स 2019) में विनिर्माण के थ्रस्ट सेक्टर में शामिल किया है। इस क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को पांच साल तक के लिए ऋण पर 5 प्रतिशत इंटरेस्ट सब्सिडी (अधिकतम 1 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष) मिलेगी। निवेशक के पास प्लांट और मशीनरी पर हुए खर्च की 25 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी (अधिकतम 50 लाख) रुपए लेने का विकल्प भी होगा।

#### टेस्ला तक दिया सरकार ने न्योता

**इलेक्ट्रिक** कार मैन्युफैक्चिरंग में विश्व की ख्यातनाम अमरीकी कंपनी टेस्ला को भी सरकार प्रदेश में निवेश के लिए न्योता दे चुकी है। इसी साल जनवरी में रीको ने टेस्ला को भिवाड़ी में इकाइ स्थापित करने के लिए जमीन देने का प्रस्ताव दिया था। रीको अधिकारी कंपनी का मानस जानने के लिए निरंतर बातचीत कर रहे हैं।

### राजस्थान में निवेश करना चाहते हैं स्विस इन्वेस्टर्स

## टूरिज्म सेक्टर पहली पसंद, जनवरी 22 में होगा 'इन्वेस्ट राजस्थान-2022'

#### स्विस राजदूत ने सीएम गहलोत से की चर्चा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** स्विस निवेशक राजस्थान में इन्वेस्टमेंट करना चाहते हैं। स्विटजरलैंड और राजस्थान दोनों टूरिज्म सेक्टर में अपनी पहचान और विशेषज्ञता रखते हैं। ऐसे में दोनों एक दूसरे के स्पेशियलाइजेशन का फायदा उठाते हुए और आगे बढ़ सकते हैं। राजस्थान में स्विस निवेश की सम्भावनाओं पर चर्चा करने मुख्यमंत्री निवास पर स्विटजरलैंड के राजदूत ने सीएम गहलोत से शिष्टाचार मुलाकात की। जिसमें टूरिज्म सेक्टर में इनवेस्टमेंट पर खास तौर पर चर्चा हुई। राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 20 और 21 जनवरी, 2022 को जयपुर में स्टेट इन्वेस्टर समिट 'इन्वेस्ट राजस्थान-2022' होने जा रहा है। जिसमें स्विस निवेशक भी हिस्सा लेने की तैयारी में जुटे हैं।

#### 'इन्वेस्ट राजस्थान-2022' में टूरिज्म क्षेत्र में इन्वेस्ट करने में दिलचस्पी

स्विस राजदूत डॉ रॉफ हैकनर ने मुख्यमंत्री को बताया कि निवेश की बड़ी सम्भावनाओं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए राजस्थान सरकार की ओर से लगातार लिए जा रहे फैसलों से स्विस कम्पनियों और निवेशकों में भी पॉजिटिव मैसेज गया है। स्विस इंवस्टर्स इस समिट में हिस्सा लेने के लिए दिलचस्पी दिखा रहे हैं।हैकनर ने बताया कि टूरिज्म के क्षेत्र में स्विट्जरलैंड दुनिया का एक अग्रणी देश है। इसी तरह राजस्थान भी टूरिस्ट्स के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। टूरिज्म के क्षेत्र में राजस्थान और स्विट्जरलैंड एक-दूसरे की विशेषज्ञता का फायदा उठाते हुए और भी आगे बढ़ सकते हैं।

#### सीएम ने कहा निवेश के लिए राज्य ने बनाई हैं कई पॉलिसी

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं।इनमें एमएसएमई एक्ट-2019, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2019), राजस्थान इंडस्ट्रियल डवलपमेंट पॉलिसी-2019, सोलर एंड विण्ड पॉलिसी, वन स्टॉप शॉप सिस्टम जैसी कई महत्वपूर्ण नीतियां और कार्यर्‍ म लागू किए हैं। इन पॉलिसी बेस्ड सुधारों से राजस्थान में निवेश का बेहतर माहौल तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री और स्विस राजदूत के बीच हुई चर्चा में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर भी चर्चा हुई। हैकनर ने राज्य में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में किए जा रहे इन्नोवेशन और सुधारों की तारीफ की।

## सरकारी स्कूलों में मिलेगी फ्री यूनिफॉर्म

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 1 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स को फ्री में स्कूल यूनिफॉर्म मिलेगी। यूनिफॉर्म के लिए पैसा सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने एक अति आवश्यक सर्कुलर जारी कर बैंक खातों की जानकारी इकट्ठा कर भिजवाने के आदेश सभी जिला मुख्य शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं।

#### बैंक खातों की जानकारी मांगी


**राज्य** बजट 2021-22 के बजट घोषणा के पॉइंट संख्या-6 पर एक्शन लेते हुए यह फैसला लिया गया है। खास बात यह है कि इसमें स्टूडेंट्स, उनके पैरेंट्स, सरकारी स्कूलों और विद्यालय प्रबंधन समितियों सभी के बैंक खातों की डिटेल्स यह कहते हुए मांगी गई हैं कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर या स्कूलों के खातों में यूनिफॉर्म का पैसा ट्रांसफर किया जाएगा। इसकी जरूरत पड़ेगी। इसलिए सर्वोच्च प्राथमिकता पर ये सूचनाएं मुहैया करवाएं।

#### प्रक्रिया तय होने से पहले मांगी सभी के खातों की डिटेल्स

**आदेश** में कहा गया है कि यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाने की प्रि या तय की जा रही है। इस दौरान कुछ सूचनाएं इकट्ठा करके हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में मांगी गई हैं। इनमें ऐसे पात्र स्टूडेंट्स या उनके पैरेंट्स के बैंक खातों की डिटेल्स, अपडेट जनाधार को इन बैंक खातों के साथ लिंग अप करना, सभी राजकीय स्कूलों या विद्यालय प्रबंधन समितियों के बैंक खातों की डिटेल भी मांगी गई है। ऑर्डर कहता है कि अभिभावकों या स्टूडेंट्स के खाते में भी पैसा डाला जा सकता है या फिर स्कूलों या स्कूलों की प्रबंधन समितियों के बैंक खातों में भी पैसा ट्रांसफर किया जा सकता है। हालांकि प्रक्रिया तय करने से पहले ही सभी के बैंक खातों की जानकारी मांग ली गई है।

#### नॉमिनेशन बढ़ेगा, सीधा बेनिफिशियरी को मिलेगा फायदा

**ऐसा** माना जाता है कि मुफ्त स्कूल यूनिफॉर्म देने से सरकारी स्कूलों में बच्चों का नॉमिनेशन प्रतिशत बढ़ाने और ड्रॉप आउट प्रतिशत घटाने में मदद मिलेगी। राजस्थान सरकार के निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 और संशोधित निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2011 के संशोधन भी किए थे। जिसमें अभी तक इस कानून के तहत राज्य में बच्चों को सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक फ्री एजुकेशन का प्रोविजन किया था, लेकिन अब इसमें संशोधन करके आठवीं तक के बच्चों को मुफ्त स्कूल यूनिफॉर्म देने का फैसला किया गया है।




## जागरूक खबरें

#### पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों निशुल्क मिलेगी यूनिफॉर्म

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की पालना में सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण की तैयारी है। विभाग अब यह तय करने में लगा है कि यूनिफॉर्म की राशि डीबीटी के जरिए विद्यार्थियों के खाते में जमा कराई जाए या स्कूलों की प्रबंध समिति को यह राशि दे दी जाए, इसलिए विभाग ने दोनों की ही बैंक डिटेल मांगी है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से जारी आदेश के अनुसार सभी जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पात्र विद्यार्थी या उनके अभिभावक के बैंक खातों का विस्तृत विवरण एकत्रित कर उनका जन आधार से इस खाते का लिंक कराए। ताकि अगर यूनिफॉर्म की राशि डीबीटी के जरिए दिए जाने का निर्णय लिया जाए तो यह राशि इन खातों में भिजवाई जा सके। अगर यह निर्णय नहीं लिया जाता है तो स्कूल की प्रबंध समितियों के खाते में भी राशि भेजी जा सकती है, इसलिए प्रबंध समितियों के बैंक खातों का विवरण भी एकत्रित किया जाए।

#### डॉ.कटारा को ढूंढाड़ रा गौरव सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा संतानहीनता निवारण पर उल्लेखनीय चिकित्सा कार्य करने पर पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर के सभागार में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डा.वी.वी.कटारा को ढूंढाढ रा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। ये सम्मान डॉ.कटारा को कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता ओर युवा नेता डॉ.अर्चना शर्मा ओर सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पं.सुरेश शर्मा ने प्रदान किया।

## शैक्षणिक योग्यता की समकक्षता विवादों का हो पुख्ता समाधान-गहलोत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्तियों को लेकर दो महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। उन्होंने भर्तियों में शैक्षणिक योग्यता और शैक्षणिक योग्यता की समकक्षता के संबंध में होने वाले विवादों के समाधान की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विभागों में रिक्त एवं नवसृजित पदों पर नियमित रूप से भर्तियां करने और इस प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराने के भी उन्होंने निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने भर्तियों में शैक्षणिक योग्यता संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विभागों में विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में शैक्षिक अर्हता एवं शैक्षिक समकक्षता समिति के गठन तथा नियमित भर्तियों के संबंध में अलग-अलग परिपत्र जारी किए हैं।

परिपत्र के अनुसार समिति में विभागीय अधिकारियों के साथ ही मनोनीत विषय विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा। यह समिति विभिन्न पदों की शैक्षिक अर्हता एवं शैक्षणिक समकक्षता के नियमों को अद्यतन करने के साथ ही उनका स्पष्ट निर्धारण करेगी, जिससे कि ऐसे विवादों को दूर कर भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से सम्पन्न किया जा सके। गौरतलब है कि राज्य सरकार में अलग-अलग पदों पर नियुक्ति के लिए बने सेवा नियमों में पद के अनुरूप आवश्यक शैक्षणिक योग्यता का प्रावधान है। साथ ही, इन पदों की वांछित शैक्षणिक योग्यता में डिग्री, डिप्लोमा या पाठ्यक्रम के साथ ही 'अथवा समकक्ष' निर्धारित किया जाता है।

वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा लगातार नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं, जो इन पदों की शैक्षिक अर्हता से संबंधित डिग्री, डिप्लोमा अथवा पाठ्यक्रम के समान 'अथवा समकक्ष' होते हैं। इन सभी कोर्सेज को पद विशेष की शैक्षणिक योग्यता में शामिल कर पाना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में पदों की शैक्षणिक योग्यता को अद्यतन करने तथा भर्तियों में शैक्षणिक योग्यता की समकक्षता के संबंध में होने वाले किसी भी विवाद के समाधान के लिए यह समिति एक संस्थागत व्यवस्था के रूप में कार्य कर सकेगी।

किसी पद की भर्ती में शैक्षणिक योग्यता की समकक्षता के संबंध में विवाद होने पर प्रकरण निर्णय के लिए इस समिति के समक्ष रखा जाएगा। इस स्थिति में कार्मिक विभाग के प्रतिनिधि को भी बैठक में आमंत्रित किया जाएगा। यह समिति नए पाठ्यक्रमों का अध्ययन एवं परीक्षण कर सेवा नियमों को अद्यतन करने एवं समकक्षता के संबंध में अनुशंसा कर सकेगी।







ANCHOR

### कोविड वॉरियर के रूप में काम कर चुके शिक्षक करेंगे गणना

# अब मंदिरों में दान पात्र की राशि की गणना भी करेंगे शिक्षक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोविड के दौरान कोविड वॉरियर के रूप में काम कर चुके शिक्षक अब मंदिरों में दान पात्र की राशि की भी गणना करेंगे। जी हां, अजमेर के पुष्कर स्थित विश्व विख्यात वन ब्रह्मा मंदिर की दान पात्रों में जमा हुए राशि की गणना के लिए अब शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। अजमेर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने एक आदेश जारी कर कहा है कि पीईईओ के क्षेत्र अधीन आने वाले 10 विद्यालयों के दो दो शिक्षकों की ड्यूटी ब्रह्मा मंदिर के अंदर लगाई जाएगी। आदेश में कहा गया है कि यह वे शिक्षक होंगे,जो बीएलओ की ड्यूटी में ना लगे हुए हो। प्रारंभिक शिक्षा के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय ने आदेश में निर्देश दिए हैं कि ये 2 शिक्षक ब्रह्मा मंदिर के दान पात्रों में आई राशि की 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक गणना करने में सहयोग करेंगे।



अजमेर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवानपुरा, पंचायत समिति पीसांगन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांद पंचायत समिति पीसांगन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचौलिसा, पंचायत समिति पीसांगन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवनगर पंचायत समिति पीसांगन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानस पंचायत समिति पीसांगन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चावंडिया, पीसांगन,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा पंचायत समिति पीसांगन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनाहैडा पंचायत समिति पीसांगन और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलोरा पंचायत समिति पीसांगन के शिक्षकों की ड्यूटी ब्रह्मा मंदिर में होने वाली दान राशि की गणना के लिए लगाई गई है। गौरतलब है कि ऐसा पहली बार नहीं है कि शिक्षकों की ड्यूटी इस प्रकार गैर शैक्षणिक कार्य में लगाई गई हो। शिक्षकों को बतौर बीएलओ तो काम करना ही पड़ता है साथ ही कभी उनकी ड्यूटी जनसंख्या, कभी मतगणना के काम में तो कभी कोविड काल में शिक्षकों की ड्यूटी अस्पतालों में सिलेंडर की व्यवस्था करने और श्मशान घाट में लगाई जा चुकी है।

#### नहीं लगा सकते गैरशैक्षणिक कार्य में ड्यूटी

गौरतलब है कि शिक्षकों की ड्यूट किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य में नही लगाई जा सकती। इस संबंध में समय समय पर कई बार आदेश भी जारी किए गए हैं। गत वर्ष जून में भी सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे। उस दौरान कई स्थानों पर शिक्षकों की गैर शैक्षिक कार्यों में ड्यूटी लगाए जाने के प्रकरण आए थे। शिक्षामंत्री गोविंद सिंह डोटासरा को खुद उन ड्यूटियों को निरस्त करने के निर्देश देने पड़े थे। इसके बाद तत्कालीन मुख्य सचिव डीबी गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे। इसके अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी कोरोना वायरस संक्रमण महामारी के संबंध में जारी राजकीय निदेर्शों के अतिरिक्त अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगायी जाए। उन्होंने इन आदेशों की कठोरता से पालना करने के भी निर्देश दिए हैं।

#### यह कार्य भी करते हैं शिक्षक

चुनाव कार्य, जनगणना,आर्थिक सर्वे,राशन कार्ड सत्यापन, बीपीएल सर्वे, मिड डे मील वितरण,पोलियो उन्मूलन अभियान ड्यूटी,छात्रवृत्ति वितरण,कोरोना ड्यूटी।

सीखने की बात

सच्चे अर्थों में स्वतंत्र होने का तात्पर्य यह है कि बहानेबाजी का बिल्कुल भी सहारा नहीं लिया जाए...

- अज्ञात

## आंदोलन में हिंसा

लखीमपुर में उड़ी हिंसा की धूल पूरी तरह जमीन पर आई भी नहीं है कि सिंघु बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन स्थल के निकट एक युवक की निर्मम हत्या ने झकझोर कर रख दिया है। यह हत्या ऐसी है, जिससे संयुक्त किसान मोर्चा ने भी पल्ला झाड़ लिया है और इसे एक बड़ी साजिश करार दिया है। हत्यारों ने जिस तरह से शव को अपमानित किया है, उसे हल्के से नहीं लिया जा सकता। यह घटना ऐसी नहीं है, जिससे संयुक्त किसान मोर्चा आसानी से दामन छुड़ा ले। कोई भी आंदोलन जिम्मेदारी भरा काम है, इस जिम्मेदारी को उठाने वालों के लिए यह जरूरी है कि वे संविधान और मानवीयता के तहत अपना नैतिक बल बनाए रखें। इस हत्या से आंदोलन पर भले कोई सीधा असर न पड़े, लेकिन एक दुखद अध्याय तो उसके साथ जुड़ ही गया है। किसान मोर्चा पूरा जोर लगा देगा कि वह मरने वालों के साथ-साथ मारने वालों से भी दूरी बना ले, लेकिन क्या वह हाथ झाड़कर खड़ा हो सकता है? यह बहुत दुख की बात है कि इस आंदोलन के साथ एक संप्रदाय विशेष का धार्मिक जुड़ाव किसी से छिपा नहीं है। इस धार्मिक संप्रदाय के झंडावाहकों के दामन पर इस निर्मम हत्या के दाग लगे हैं। यह संजीदगी के साथ विचार करने का समय है। मारने वालों को सोचना चाहिए कि इस हत्या से किसकी प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है? क्या इस हत्या से आंदोलन को मजबूती मिली है? कायदे से आंदोलन में तो उन्हीं लोगों को होना चाहिए, जिनका आचरण संविधान की रोशनी में जिम्मेदारी भरा हो। किसान आंदोलन के नाम पर एक तांडव देश ने 26 जनवरी को दिल्ली की सीमा से लाल किले तक देखा था, लेकिन तब भी देश ने हुड़दंग करने वालों को माफ कर दिया था। आज उस बवाल की कोई चर्चा नहीं करता। किस तरह से तलवारबाजी हुई थी, किस तरह से लोगों को आतंकित किया गया था, लोग भूले नहीं हैं। इसके बावजूद किसान आंदोलन चल रहा है और ऐसा लगता है कि अराजक तत्वों की संख्या आंदोलन में फिर बढ़ रही है। अब किसान आंदोलन के कर्ताधर्ताओं को सचेत हो जाना चाहिए। लखीमपुर में किसानों के साथ सहानुभूति के बावजूद एक दुखद तथ्य यह भी है कि वहां हिंसा को हिंसा से जवाब दिया गया। किसान आंदोलन के नेताओं को एक बार गिरेबान में झांकना चाहिए। क्या ऐसी हिंसा के कारण उनके प्रति सहानुभूति में कमी नहीं आ रही है? ऐसी हिंसा से क्या समाज में हमेशा के लिए एक ऐसा वर्ग नहीं खड़ा हो रहा है, जिसकी यादों में किसान आंदोलन एक दुस्वप्न होगा? क्या किसानों की कोई जवाबदेही नहीं है? किसी भी आंदोलन को अंदर से साफ करना और रखना आंदोलनकारियों का स्वयं का काम है। अगर आंदोलन में हिंसक या साजिश करने वाले शामिल होने लगे हैं, तो यह किसान नेताओं की सबसे बड़ी जवाबदेही है। जो नकली किसान समर्थक आंदोलन में घुस आए हैं, उन्हें पहचानकर निकाल बाहर करना भी आंदोलनकारी किसानों का ही कर्तव्य है। हजारों किसान दिल्ली सीमा पर डटे हैं, लेकिन क्या किसी में हिम्मत नहीं थी कि ऐसी निर्मम हत्या को रोकता? मृतक पंजाब का एक मजदूर बताया जा रहा है, उसे न्याय मिलना चाहिए। ध्यान रहे, इस देश में सजा देने का अधिकार केवल अदालत को है और किसी को नहीं।

सम्पादकीय

## टीकाकरण की प्रशंसा

भारत के टीकाकरण अभियान की प्रशंसा स्वागतयोग्य होने के साथ ही पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय भी है। विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मलपास ने वाशिंगटन में भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट के दौरान कोरोना वायरस बीमारी के खिलाफ सफल टीकाकरण अभियान के लिए भारत को बधाई दी है। गौर करने की बात है कि भारत 100 करोड़ खुराक के महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करने वाला है। कोरोना खुराक के मामले में भारत महज चीन से ही पीछे है। चीन के आंकड़ों पर अगर विश्वास किया जाए, तो वहां दो अरब से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। अगर संख्यात्मक तुलना करें, तो भारत टीकाकरण में अमेरिका से दो गुना से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इस मोर्चे पर बाकी देश भारत से बहुत पीछे है। भारत ने अपनी आबादी को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण के मोर्चे पर बेहतरीन काम किया है। टीकाकरण भारत में जिस तरह की चुनौती था, उसे देखते हुए यह पड़ाव बहुत उल्लेखनीय है और विश्व बैंक की ओर से अगर भारत की तारीफ हो रही है, तो हमें इस दिशा में और प्रेरित होकर काम करना चाहिए। अब जरूरी है कि वैक्सीन उत्पादन और वितरण में भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका का विस्तार हो। भारत की ख्याति एक वैक्सीन उत्पादक देश के रूप में है और भारत ने कोरोना वैक्सीन के मामले में अपनी आबादी का टीकाकरण करने के लिए दुनिया के दूसरे देशों को वैक्सीन देने का काम रोक रखा है। हालांकि, अब हम ऐसी स्थिति में पहुंच रहे हैं कि भारत सरकार कभी भी कोरोना वैक्सीन का निर्यात शुरू कर देगी। भारत की अपनी कोवैक्सीन को दुनिया के सात देशों ने मंजूरी दे रखी है। हमें अपने वैक्सीन के निर्यात के लिए कोशिशें ज्यादा तेज करनी चाहिए। विशेष रूप से अफ्रीका के देश टीकाकरण में काफी पिछड़ गए हैं। वहां ऐसे देश भी हैं, जहां न के बराबर टीकाकरण हुआ है, अतः भारत को इन देशों के लिए उत्पादन बढ़ाना चाहिए। इनमें से अनेक देश भारत के भरोसे ही बैठे होंगे, इनमें कुछ देश ऐसे भी हैं, जिन्हें भारत पहले कुछ वैक्सीन दे चुका है। भारत ने अप्रैल के महीने में किसी भी देश को टीका देने से मना कर दिया था, क्योंकि अप्रैल में देश में कोरोना के मामले बहुत तेजी से बढ़ने लगे थे। गौर करने की बात है कि 9 मई को जब भारत में कोरोना मामले रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज हुए थे, उसकी तुलना में अब महज चार प्रतिशत मामले ही दर्ज हो रहे हैं। बेशक, कोरोना से सफल मुकाबले में टीकाकरण का योगदान सबसे खास है। भारत में लगभग 70 प्रतिशत आबादी को कम से कम एक खुराक मिल चुकी है और लगभग 30 प्रतिशत आबादी को दोनों खुराक। असर यह है कि भारत के दैनिक कोविड-19 संक्रमण में गिरावट आ रही है और बीते शनिवार को महज 15,981 नए मामले सामने आए हैं। भारत ने जिस तरह से टीकाकरण किया है और जिस तरह से अपनी अर्थव्यवस्था को संभाल रहा है, उससे विश्व बैंक का भारत के प्रति विश्वास बढ़ा है। भारत को टीकाकरण में और तेजी लाने पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों के टीकाकरण पर सावधानी से काम करना होगा। हम दुनिया में भले कुछ आगे दिख रहे हों, लेकिन अपने स्तर पर हमारी सत्तर प्रतिशत यात्रा अभी शेष है, तो हमें मंजिल की ओर तेज चलना ही होगा।

**हमारे रीति-रिवाजों और परंपराओं में महिलाओं को देखभाल करने वाले और रक्षक दोनों के रूप में सम्मानित किया जाता है। यदि सरस्वती हमारी ज्ञान और विद्या की देवी हैं, तो माँ दुर्गा सुरक्षा, शक्ति, विनाश और युद्ध से जुड़ी रहती हैं। इतिहास में अनेक ऐसे प्रसंग मिलते हैं जब महिलाओं ने देश की रक्षा के लिए हथियार उठाए।**

# महिलाओं को फौज की कमान सौंपने का वक्त



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**भारतीय वायु सेना में महिलाएं हेलीकॉप्टर, लड़ाकू जेट उड़ाती हैं और अधिकारी संवर्ग का एक महत्वपूर्ण भाग होती हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भी भारतीय सशस्त्र बलों की महिलाएं नियमित रूप से भाग लेती हैं। महिलाएं पिछले 100 से अधिक वर्षों से भारतीय सैन्य नर्सिंग सेवा में भी गर्व के साथ सेवाएं दे रही हैं।**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पिछले साल रक्षा मंत्रालय ने महिलाओं को भारतीय सेना में स्थायी कमीशन प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और अब पिछले महीने केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि महिलाएं मिलिट्री कॉलेज में दाखिला ले सकती हैं और सेना में स्थायी कमीशन की पात्र होंगी। अभी तक महिलाओं की सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) के तहत भर्ती होती है, स्थायी कमीशन के तहत नहीं, जो पूरे कार्यकाल के लिए सर्विस की अनुमति होती है। इसलिए महिलाओं को सिर्फ पांच साल सेवा का अवसर मिलता है, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है, लेकिन उन्हें पुरुषों जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। इसमें सेना की कानून और शिक्षा विभाग अपवाद हैं, जहां महिला अफसर साल 2008 से स्थायी कमीशन के योग्य हैं।

दरअसल स्थायी कमीशन वाले अफसर रिटायरमेंट की उम्र तक सेवा में रहते हैं जबकि एसएससी के जरिए किसी उम्मीदवार की भर्ती 10 साल तक के लिए ही होती है। हालांकि उनकी सेवा अवधि 14 साल तक बढ़ाई जा सकती है। साथ ही पुरुष अफसर को स्थायी कमीशन में आने का विकल्प मिला करता था लेकिन अब महिलाओं को भी यह विकल्प मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस मामले में 2010 में ही दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला दिया था कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना में भर्ती हुई महिलाएं भी पुरुषों की तरह स्थायी कमीशन की हकदार हैं।

बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि महिलाएं पिछले 100 से अधिक वर्षों से भारतीय सैन्य नर्सिंग सेवा में गर्व के साथ सेवा दे रही हैं। भारतीय सेना ने 1992 में महिला अधिकारियों को कमीशन प्रदान करना शुरू किया था। अब यह सेना की अधिकांश शाखाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने की ओर बढ़ गई है। महिलाओं को अब स्थायी कमीशन के लिए स्वीकार किया जा रहा है और निकट भविष्य में वे सेना की इकाइयों और बटालियनों की कमान संभालेंगी। अगले साल से महिलाएं प्रमुख ट्राई-सर्विस प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हो सकेंगी। महिलाओं को सपोर्ट वाली और कॉम्बैट दोनों भूमिकाओं में शामिल किया गया था- भारतीय नौसेना में वे समुद्री टोही विमानों का संचालन करती हैं और पिछले साल से उन्हें युद्धपोतों पर नियुक्त किया गया था।



इसी तरह भारतीय तटरक्षक महिला अधिकारियों को कॉम्बैट वाली भूमिकाओं में नियुक्त करता रहा है जिसमें पायलट, पर्यवेक्षक और विमानन सहायता सेवाएं शामिल हैं। भारतीय वायु सेना में महिलाएं हेलीकॉप्टर, लड़ाकू जेट उड़ाती हैं और अधिकारी संवर्ग का एक महत्वपूर्ण भाग होती हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भी भारतीय सशस्त्र बलों की महिलाएं नियमित रूप से भाग लेती हैं।

सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की अनुमति मिलने के बाद अब लगता है कि महिलाओं को कमान सौंपने का समय आ गया है। सरकार इस दिशा में अब तक तैयार नहीं थी और इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि पुरुष सैनिक किसी महिला अफसर के नीचे काम करने के लिए तैयार नहीं होते। यूनिटों मे तैनात अधिकांश पुरुष सैनिक देहाती पृष्ठभूमि से हैं और वे महिला अफसरों का हुक्म मानने में 'संकोच' कर सकते हैं। इसका अर्थ तो यही निकलता है कि पुरुष होने की वजह से ही नहीं, ग्रामीण होने के चलते भी उनका नजरिया लैंगिक भेदभाव वाला बना हुआ है। इसीलिए किसी महिला को अफसर के पद पर देखना उन्हें गवारा नहीं। लेकिन यह महिलाओं के प्रति ही नहीं, बल्कि देहाती और ग्रामीण परिवेश के प्रति भी तंग नजरिया दिखाता है।

दरअसल सेना में लैंगिक असमानता से छुटकारा पाने के लिए दो चीजों की दरकार है- प्रशासनिक इच्छाशक्ति और नजरिए में बदलाव। महिलाओं को पुरुषों की बराबरी पर आने की कोशिश करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि वे पुरुषों से बहुत आगे हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में पेश दलीलों में बताया गया कि औरतों के सैन्य रोजगार में मातृत्व और बच्चों की देखभाल, मनोवैज्ञानिक सीमाएं जैसी बातें भी आड़े आती हैं। कहा गया कि औरतें मर्दों की अपेक्षा शारीरिक तौर पर कमजोर होती हैं, महिलाओं की पारिवारिक स्थितियां, जरूरतें और युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिए जाने का खतरा भी कुछ ऐसी बातें हैं जिनके आधार पर सरकार सोचने पर विवश है। हालांकि इस बारे में कोई प्रायोगिक या अनुभवसिद्ध आंकड़े नहीं हैं कि महिला अधिकारी पुरुष अधिकारियों से कमतर हैं।

जिस देश में महिलाएं प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक रह चुकी हैं वहां सेना में महिलाओं को अग्रिम यूनिटों की कमान देने के अलावा लड़ाई के मोर्चों या युद्धस्थलों पर उनकी तैनाती पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बारे में एक वैचारिक धारा ये कहती है कि युद्ध की हिंसा, रक्तपात और अन्य भयावहताओं से उन्हें दूर रखा जाना चाहिए। इसलिए नहीं कि वे ऐसी भूमिकाओं पर विचलित हो जाने वाली होंगी या टूट जाएंगी बल्कि इसलिए कि ये युद्ध संहिताओं, स्त्री गरिमा और उसके मानवाधिकार का भी मुद्दा है। उन्हें न हमलावर के रूप में न पीड़ित या शिकार के रूप में युद्ध में झोंका जाना चाहिए। लेकिन नैतिक दायित्व और आदर्श को केंद्र में रखने वाले इस विचार का विरोध भी कई स्तरों पर होता है। फेमेनिस्ट नजरिए में भी ये बात कम स्वीकार्य है। और प्रगतिशील लिबरल नजरियों में भी इसे महिलाओं के प्रति अबलावाद बनाए रखने की कोशिश कहा जा सकता है। भारतीय रीति-रिवाजों और परंपराओं में महिलाओं को देखभाल करने वाले और रक्षक दोनों के रूप में सम्मानित किया जाता है। यदि सरस्वती हमारी ज्ञान और विद्या की देवी हैं, तो माँ दुर्गा सुरक्षा, शक्ति, विनाश और युद्ध से जुड़ी रहती हैं। पूरे इतिहास में महिलाओं ने देश की रक्षा के लिए हथियार उठाए, रानी लक्ष्मी बाई उनमें से सबसे सम्मानित हैं। उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक अन्यायपूर्ण विदेशी शासन लागू करने के विरुद्ध लड़ाई लड़ी, आगे रह कर अपने सैनिकों का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन आज भी पालनपोषण से लेकर शिक्षा और नौकरी और जन्म से लेकर ब्याह तथा संतानोत्पत्ति तक-महिलाओं की कठिन घेरेबंदियां हैं। फिर भी उन्हें तोड़ते हुए वे आगे बढ़ती आ रही हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

ओपिनियन

# महंगाई के एक नए दौर की आहट



आलोक जोशी
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

महंगाई एक ऐसी चीज है, जो कभी खबरों से बाहर नहीं होती। कभी इसके बढ़ने की खबर है, तो कभी घटने की। बताया जाता है कि महंगाई ने इस देश में कई बार सरकारें भी गिरा दी हैं। हालांकि, आजकल के हालात देखकर यकीन करना मुश्किल है कि ऐसा भी होता होगा।

महंगाई के मोर्चे पर पिछले कुछ दिनों में आई खबरों पर नजर डालें, तो क्या दिखता है? सितंबर में खुदरा महंगाई की दर पांच महीने में सबसे नीचे आ गई है, जो त्योहारी सीजन में अच्छी खबर मानी जा रही है। दूसरी तरफ खाने के तेलों की महंगाई से परेशान केंद्र सरकार ने इनके आयात पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने और सेस घटाने का एलान किया है। सब्जियों की उठापटक तो मौसमी खबर होती है, लेकिन इस वक्त टमाटर की महंगाई चौतरफा मार कर रही है। इसके बावजूद सितंबर का थोक महंगाई दर का आंकड़ा लगातार चौथे महीने गिरा है और अब वह 10.66 प्रतिशत हो गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह है, खाने-पीने की चीजों की महंगाई में नहीं, बल्कि दामों में भारी गिरावट। ध्यान रहे कि महंगाई में गिरावट का मतलब दाम कम होना नहीं है, बस दाम बढ़ने की रफ्तार में कमी आती है। जबकि सितंबर के आंकड़े में खाने-पीने की चीजों के दाम में 4.69 प्रतिशत की कमी आई है। यानी, यहां दाम बढ़ने के बजाय घटे हैं। दूसरी तरफ, मैन्युफैक्चर्ड उत्पाद या फैक्टरी में बननेवाली चीजों की महंगाई दर में मामूली बढ़त हुई है और कच्चे तेल के दामों की वजह से ईंधन की महंगाई दर कुछ कम होने के बाद भी करीब 25 फीसदी पर थी। ये सितंबर के आंकड़े हैं। अक्तूबर की शुरुआत से अब तक डीजल-पेट्रोल का हाल बता रहा है कि आगे भी यहां कोई राहत दिखने के आसार नहीं हैं।

तो अब हिसाब जोड़िए कि महंगाई कम हो रही है या बढ़ रही है? सरकार और सरकारी पैरोकारों की मानेंगे, तो यह घटती दिखेगी और इसके समर्थन में तर्क भी मिल जाएंगे व सुबूत भी। लेकिन थोड़ी गहराई में चलें, तो बात कुछ और ही है। अभी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या आईएमएफ ने दुनिया की आर्थिक तरक्की के जो अनुमान जारी किए हैं, उन्हें दिखाकर बहुत से लोग ढोल पीट रहे हैं कि भारत का विकास दुनिया में सबसे तेज होने वाला है। लेकिन वे यह नहीं देख रहे हैं कि मुद्रा कोष ने इन आंकड़ों के साथ हल्के से एक चेतावनी भी दी है, और वह चेतावनी महंगाई का ही खतरा दिखा रही है। बेशक, भारत का रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति में कह चुका है कि अगले तीन महीनों में महंगाई काबू में रहने के ही आसार दिख रहे हैं। लेकिन मुद्रा कोष की चेतावनी तीन महीनों से आगे की है। उसका कहना है कि अगले साल के मध्य तक दुनिया भर में महंगाई की दर कोरोना से पहले के स्तरों पर पहुंच जाएगी। इसका मुकाबला करने के लिए जल्द ही एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है। यही नहीं, आईएमएफ का यह भी कहना है कि महंगे पेट्रोल और डीजल का बाकी हर चीज की महंगाई पर थोड़ा असर पड़ता है, लेकिन वही काफी है। दूसरे शब्दों में, कच्चे तेल के दामों में आ रही तेजी और उससे भारत में महंगाई बढ़ने की आशंका को नजरंदाज करना दुस्साहस ही कहा जा सकता है।

आईएमएफ ने अप्रैल में कहा था कि चालू साल में भारत की महंगाई दर 4.9 फीसदी रह सकती है, लेकिन अब उसने इसे बढ़ाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की रिपोर्ट में एक चिंताजनक बात यह भी दिखती है कि कोरोना संकट के दौरान जहां अमीर देशों में महंगाई दर काफी तेजी से और भारत जैसे विकासशील देशों या उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कुछ कम रफ्तार से गिरी थी, वहीं गरीब देशों में यह बढ़ती ही रही, और इस वक्त जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्था में सुधार की बात हो रही है, तब भी वहां की महंगाई सबसे तेज बढ़ रही है। उभरते बाजार अब उसके साथ मुकाबले में आ गए हैं और अमीर देशों में भी महंगाई का एक नया दौर शुरू होता दिख रहा है।

अमेरिका के अखबारों पर नजर डालें, तो दिखता है कि इस वक्त वहां महंगाई बहुत बड़ी चिंता बन चुकी है। पांच-साढ़े पांच फीसदी महंगाई का आंकड़ा भारत से देखने पर कम दिखता है, लेकिन अमेरिका में यह 10 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। अब केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के भीतर भी इससे निपटने के मसले पर गंभीर मंत्रणा हो रही है। सबसे बड़ा दबाव तो यही है कि डेढ़ साल से लगातार नोट छाप रहा अमेरिका अब कैसे उन नोटों को सिस्टम से बाहर खींचने का काम करेगा, ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।

फेडरल रिजर्व पर पूरी दुनिया की नजर है, क्योंकि सबको आशंका है कि जैसे ही नकदी की सप्लाई घटेगी, वैसे ही शेयर बाजारों में दिवाली का माहौल भी खत्म हो जाएगा। और ऐसा कोई नहीं चाहता। यह महंगाई कुछ समय की बात है, ऐसा माननेवाला तो अब शायद ही कोई बचा हो। लेकिन विद्वानों का एक तबका खड़ा हो चुका है, जिसका कहना है कि इस वक्त दुनिया भर में अर्थव्यवस्था की जो हालत है, उसमें सभी को थोड़ी और महंगाई झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। कोरोना संकट और उसके साथ लगे लॉकडाउन की वजह से दुनिया भर में आपूर्ति शृंखला बिखर चुकी थी। यही वजह है कि ज्यादातर उद्योगों में कच्चा माल या पुर्जे नहीं पहुंच पाए। दाम बढ़ने की वजह यही है कि कंपनियों का खर्च बढ़ गया है। और वह भी तब, जबकि वे किफायत के सारे रास्ते आजमा चुकी हैं। ऐसे में, दाम काबू करने का दबाव शायद बहुत से कारोबारों के लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। लेकिन यह एक तर्क है। दूसरी तरफ, उन गरीब देशों में करोड़ों की आबादी को देखिए, जो अमेरिका या यूरोप के मुकाबले तीन गुना रफ्तार से चढ़ती महंगाई की मार झेल रही है। मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं को इन सबकी भी फिक्र करनी है। शायद इसीलिए वे तरक्की की बात करने के साथ ही महंगाई के खतरे की तरफ भी आगाह करना जरूरी समझ रही हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



नौ प्रकार के शब्द बताए गए हैं-घोष, झांझ, सिंगा, घंटा, वीणा, बांसुरी, दुन्दुभि, शंख और नव मेघ गर्जन। इन नौ प्रकार के शब्दों को त्याग कर हुंकार शब्द का अभ्यास करें। ये नौ प्रकार के शब्द माया मण्जल के हैं। सार शब्द यानि आदि नाद (हुंकार) ही है जो आत्म ज्ञान देता है। उसकी प्राप्ति के लिए हमें पहले तो माया के नौ प्रकार के शब्दों का अभ्यास तो करना ही पड़ेगा, उसके बाद नाद ब्रह्म की प्राप्ति होगी। ओम्कार की योग के रूप में साधना यद्यपि कठिनच है, किन्तु इसे मोक्ष का सीधा और सुगम उपाय बताया गया है। इस मार्ग पर चलने के लिए सदाचार, श्रद्धा, विश्वास, वैराग्य यानि त्याग और गुरू भक्ति चाहिए। तन्मयता ही इस साधन का मुख्य रहस्य है। जैसे तन्मय होकर चलाया गया तीर लक्ष्य में प्रवेश करता है वैसे ही ओंकार रूपी धनुष पर आत्मा रूपी तीर धनुष पर आत्मा रूपी तीर चढ़ाकर ब्रह्म रूपी लक्ष्य की ओर प्रमाद रहित होकर, एकाग्रता पूर्वक किया गया। संधान आत्मा का ब्रह्म यानि परमात्मा से तादाम्य कराता है। ओंकारोपासना सम्बन्धी जितनी बातें यहां लिखी गई हैं, सभी हमारे प्राचीन धर्मग्रंथों में उल्लिखित वर्णन के आधार पर हैं। योग संबंधी सभी साधनाएं गुरू गम्य होती है। बिना गुरू के निर्देश और सान्निध्य के केवल पढ़कर या सुनकर की गई साधना पूर्ण फलवती नहीं हो सकती। साधना का उद्देश्य हमेशा सात्विक, निष्काम और ईश्वर प्राप्ति का होना चाहिए। सासांरिक सुख भोग और उपलब्धियां अनित्य होती हैं। इसलिए सारे वेद शास्त्रों ने परम सत्य परमात्मा को ही परम इष्ट माना है। किसी भी साधना का अभ्यास प्रारम्भ से करना चाहिए। एक एक सीढ़ी चढ़ने से ही सुगमता पूर्वक ऊपर पहुंचा जा सकता है। **क्रमशः**

जागरूक Selfie विद सन



भानू पुत्र लक्ष्मी-लोकेश शर्मा, जयपुर

## अक्षर ब्रह्म योग

अध्याय -7

(ऊँ जाप)

हमने पिछले अध्याय में ज्ञान और विज्ञान को समझा। सदियां बीत गई और कितना समय गुजर गया लेकिन इंसान निरंतर खोज करता जा रहा है, ये खोज संबंधित है खुद से और ब्रह्माण्ड से लेकिन मुझे लगता है कि सबसे बडी खोज जो ऊर्जा की खोज है, ब्रह्म की खोज है और इसका जिक्र मिलता है गीता में। श्रीकृष्ण द्वारा कहे गये शब्द आज के युग में बहुत ही प्रासंगिम और अगर किसी एक शब्द में पूरे ब्रह्माण्ड की व्याख्या की जाये तो सब कुछ ऊर्जा ही तो है। ऊर्जा ही तो पदार्थ बनती है और हम सब इसी में तो खो जाते हैं। गीता के आठवें अध्याय में हम अक्षर ब्रह्म योग को जानेंगे तो आइये चलिये इस यात्रा में जिसका नाम है श्रीमद् भगवद गीता संजय की नजर से......



डॉ. संजय बियानी
मोटिवेशनल स्पीकर
@jagrukjanta.net

इस अध्याय में हम तीन बातों की चर्चा करेंगे-

1. पहले वो शब्द जो पिछले अध्याय में कृष्ण द्वारा अर्जुन को बताये गये थे और वो हैं- ब्रह्र, अध्यात्म, कर्म, अधिभूत, अधिदेव और अधियज्ञ।
2. मृत्यु के पश्चात् मोक्ष का साधन क्या है?
3. पुनर्जन्म और मोक्ष का कारण क्या है?

आइये इन तीनों बातों को विस्तार से समझें। कृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन, नियत कर्म करने वाले व्यक्ति ब्रह्म, सम्पूर्णअध्यात्म कर्म, अधिभूत, अधिदेव और अधियज्ञ को जानते-जानते ईश्वर को जानने लगते हैं, ईश्वरमय हो जाता है।

कृष्ण सबसे पहलें ब्रह्म को समझाते हुए कहते हैं कि ब्रह्म से तात्पर्य ऊर्जा से है जो कभी नष्ट ही नहीं होती। दूसरा शब्द है अध्यात्म यानि स्वयं की खोज, मैं कौन हूँ ये भी जिज्ञासावश ही आता है। बहुत ही कम व्यक्ति हैं जो जीवन के उद्देश्यों के बारे में सोचते हैं और फिर आता है कर्म जिसका मतलब है जो बीत चुका है और जो आने वाला है उसे भूलकर वर्तमान समय में स्थिर होकर कर्म को धर्म समझकर करते जाओ। अधिभूत को बताते हुए कृष्ण कहते हैं ऐसी चीजें जो नाशवान हैं जो पदार्थ है और जिनको नष्ट होना है। इसके बाद अधिदेव की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण कहते हैं कि पदार्थों के बीच मौजूद ऊर्जा जिसे प्राण कहा गया है वही अधिदेव है। कृष्ण कहते हैं कि ब्रह्माण्ड में जो भी क्रि या हो रही है वो मुझमें ही निहित है क्योंकि मैं ही तो ऊर्जा हूँ। लेकिन मैं किसी में आसक्त नहीं होता, यही अधियज्ञ भाव है।

इसके बाद कृष्ण कहते हैं कि मृत्यु के समय मुझे कोई व्यक्ति जिस भाव से भजता है उसे उसी अनुरूप मोक्ष की प्राप्ति होती है या मैं उसे पुनर्जन्म देता हूँ। तब अर्जुन कृष्ण से पूछते हैं कि यदि ये सब इतना आसान है तो इंसान मृत्यु के समय ही आपका नाम ले लेंगे। जीवनभर आपका नाम भजने की क्या आवश्यकता है? मुझे लगता है कि अर्जुन द्वारा पूछा गया ये प्रश्न बहुत ही गंभीर है क्योंकि हम भी ऐसा ही प्रयास करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सुना है जो सारी उम्र पदार्थों के पीछे भागता रहा वो मृत्यु के समय आसानी से कृष्णा का नाम ले पाया होगा, ऊँ का उच्चारण कर पाया हो। यह संभव ही नहीं है क्योंकि जिसने जीवन भर जिसका स्मरण किया होगा मृत्यु के समय भी उसे वही याद रहेगा। इसका तात्पर्य है कि जीवनपर्यन्त एक यात्रा चलेगी जो तीन पडाव से गुजरेगी- निरंतर जप, चिंतन और युद्ध। कितनी गहरी बात है आइये इसको गहराई से समझते हैं। निरंतर जप से तात्पर्य है ऊँ के उच्चारण से है। पूरे ब्रह्माण्ड में ऊँ का नाद हो रहा है हमें उसे ही जपना है साथ ही अन्तःमन में कृष्ण का चिंतन हो, ईश्वर का ध्यान हो और इसके बाद युद्ध की बात कही गई।

मैं आपको बताना चाहता हूँ कि गीता कभी भी युद्ध करने को नहीं कहती, यहां युद्ध से तात्पर्य इंसान के भीतर चलने वाले द्वन्द्व से है और वो काम, क्रोध, मोह, लोभ के कारण है। हमें इनसे बाहर निकलना है, इन्हे हराना है और जब हम इन तीनों से ऊपर उठ जायेंगे तब ईश्वर और मोक्ष की यात्रा आरम्भ होगी। इसके बाद कृष्ण अर्जुन कोएक और महत्वपूर्ण बात समझा रहे हैं और वो बात है पुनर्जन्म और मोक्ष की। देवलोक भी जिसके लिए तरसते हैं, देवता भी जिसे प्राप्त नहीं कर पाते क्योंकि उन्हे भी अपने कर्मों को भोगना पडता है, इसके साथ पशु भी तो अपने कर्मों को भोग रहे हैं लेकिन पशु के पास ना बुद्धि है, ना विवेक है, ना अपने कर्मों का ज्ञान है और श्रीकृष्ण कहते हैं हे पार्थ! इसी जन्म से तुम मोक्ष या फिर पुनर्जन्म को प्राप्त कर सकते हो। श्रीकृष्ण एक और बात जो अर्जुन को बताते हैं कि इस अध्यात्म की यात्रा में ब्रह्मचर्य भी आवश्यक है। ब्रह्मचर्य से तात्पर्य अपने मन को संयमित करना है और उसे हृदय में विराजमान करना जिससे एक शांति की प्राप्ति होती है और मन कहीं भी भटकता नहीं है और तब आत्मा का परमात्मा में मिलन हो जाता है। लेकिन ये एक लम्बी प्रक्रि या है जिसमें पहले मन को नियंत्रित करना पडता है तब मन शांत से प्रशांत हो जायेगा जब कोई व्यक्ति ये सारी प्रक्रि या पूरी कर लेता है तो वह योगी बन जाता है इसे ही मोक्ष कहा गया है।

अंत में अर्जुन कृष्ण से एक अबोध बालक की तरह पूछते हैं कि यदि कोई व्यक्ति श्रद्धा से भरा हो, योग भी कर रहा हो, लेकिन इसके बावजूद उसका मन चंचल है जो स्थिर नहीं हो पा रहा तो ऐसे व्यक्ति का, क्या होता है? तब कृष्ण जवाब देते हुए कहते हैं कि ऐसे व्यक्ति को पुनर्जन्म प्राप्त होगा और वो उच्च योनी में पैदा होगा और उसका परिवार उसे योगी बनने में मदद करेगा।

यही गीता है जो मुक्त कर देती है, प्रशांत बना देती है, कर्म योगी बना देती है, ईश्वर तक पहुंचा देती है। गीता के इन छह अध्यायों में ही इसका गूढ ज्ञान छिपा हुआ है बाकी के अध्यायों में उसे विस्तार से समझाया गया है। आइये हम फिर आगे बढते हैं। मैं आपका इस धर्ममयी यात्रा पर आमंत्रित करता हूँ जहां हम गीता के ज्ञान को समझेंगे। सातवें अध्याय में हम ज्ञान विज्ञान योग को जानेंगे और इन दो शब्दों के बीच के अंतर को समझेंगे।

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।


jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 20/10/2021**

**सूर्योदय** : 06:32 **सूर्यास्त** : 17:42 **चन्द्रोदय** : 17:50 **चन्द्रास्त** : 05:58 **शक सम्वत** : 1943 पलवा **अमान्ता महीना** : आश्विन **पूर्णिमांत** : आश्विन **सूर्य राशि**: तुला **चन्द्र राशि** : मीन **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : पूर्णिमा, 20:29 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1943 प्लव **विक्रम सम्वत** : 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत** : 2077 परिधावी

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : रेवती, 06:17 तक
**योग** : हरषाना, 20:35 तक
**प्रथम करण** : विष्टि, 07:42 तक
**द्वितिय करण** : बावा, 20:29 तक

### शुभ समय

**ब्रह्म मुहूर्त** : 04:44 ए एम से
**प्रातः सन्ध्या** : 05:09 ए एम से
**अभिजित मुहूर्त** : कोई नहीं
**विजय मुहूर्त** : 01:59 पी एम से
**गोधूलि मुहूर्त** : 05:35 पी एम से
**सायाह्न सन्ध्या** : 05:46 पी एम से
**अमृत काल** : 11:27 ए एम से
**निशिता मुहूर्त** : 11:41 पी एम से

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
कुंभचक्र : उत्तर में
होमाहुति : चन्द्र

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ : 06:32 - 07:55 | उद्वेग : 05:41 - 07:18 |
| अमृत : 07:55 - 09:19 | शुभ : 07:18 - 08:54 |
| काल काल वेला : 09:19 - 10:43 | अमृत : 08:54 - 10:30 |
| शुभ : 10:43 - 12:06 | चार : 10:30 - 12:07 |
| रोग वार वेला : 12:06 - 01:30 | रोग : 12:07 - 01:43 |
| उद्वेग : 01:30 - 02:54 | काल : 01:43 - 03:20 |
| चार : 02:54 - 04:18 | लाभ : 03:20 - 04:56 |
| लाभ : 04:18 - 05:41 | उद्वेग : 04:56 - 06:32 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज पूर्णिमा

**आज कौन सा कार्य करें**

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

आश्विन, शुक्ल, पूर्णिमा, 2078 बुधवार, 20 अक्टूबर - 26 अक्टूबर, 2021

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**शादी** शुदा लोगों के गृहस्थ जीवन में भी आज समझदारी और दूरदर्शिता दिखाई देगी। परिवार को एकजुट करेंगे। काम के सिलसिले में दिनमान मजबूत है। गवर्नमेंट से बेनिफिट मिल सकता है।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**आर्थिक** स्थिति मजबूत होगी। सेहत में भी आज अच्छे संकेत दिखेंगे। काम के सिलसिले में थोड़ा ध्यान देना होगा। अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। इधर-उधर की बातों पर नहीं।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**प्रेम** जीवन बिता रहे लोगों के लिए दिनमान अच्छा रहेगा। आपसी बातचीत से कई मुश्किलों का हल निकालने की कोशिश करेंगे। काम के सिलसिले में मेहनत भरा दिन है।

**वृश्चिक** [तो, ना, नी, नू, या, यी, यू]
**सप्ताह** में काफी खर्चे और चिंताएं रह सकती है लेकिन उसके बाद स्थितियां बदल जाएंगी। आपके प्रयास रंग लाएंगे और काम के सिलसिले में अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**मिथुन** [क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह]
**काम** के सिलसिले में दिनमान अच्छा है। मेहनत पर ध्यान दें। शादीशुदा लोगों के गृहस्थ जीवन में आज का दिन बढ़िया रहेगा। ससुराल पक्ष से झगड़े की संभावना है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**सप्ताह** आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा।आज बाद खर्चों में तेजी से बढ़ोतरी होगी, जो आपको चिंता दे सकती है। सेहत फिर भी ठीक रहेगी। कोई बड़ी समस्या नहीं दिखती।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**काम** में भी अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा। और मजबूती से काम करेंगे। अनायास खर्चा हो सकता है। शादीशुदा लोगों के गृहस्थ जीवन में आपसी समझदारी और प्रेम दिखेगा।

**मकर** [भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**सप्ताह** आपके लिए अच्छा रहेगा। काम पर ध्यान देने और खूब मेहनत करने के फल आज आपको मिलेंगे। आपके बॉस आप को बुलाकर कोई अच्छी बात कह सकते हैं।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**सेहत** में थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। भाग्य प्रबल होगा, जिससे कामों में सफलता मिलेगी। गृहस्थ जीवन शांति देने वाला रहेगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा]
**शादीशुदा** लोगों के गृहस्थ जीवन के लिए आज का दिन ठीक-ठाक है। आपके लिए आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। दोपहर तक जो खर्चों का दौर चलेगा।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**आप** अपनी चतुराई और बुद्धिमानी से आज सभी कामों में सफलता पाएंगे। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन भी आप की भूमिका के चलते बड़ा खूबसूरत रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**दोपहर** तक जो खर्चों का दौर चल रहा था, वह धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगा और दोपहर बाद स्थिति मजबूत होगी। आपको भाग्य की प्रबलता से कहीं से धन लाभ हो सकता है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

गौड़ ब्राह्मण महासभा का 14वां परिचय सम्मेलन

# अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन में 128 जोड़े तय

### 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने दिया परिचय

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान की ओर से बीते दिनों विद्याधर नगर के समाज भवन में युवक–युवती अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने जीवनसाथी चुनने के लिए परिचय दिया। इस मौके पर 128 जोड़े तय हुए।

महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण महासभा का 14वां अंतरराष्ट्रीय स्तर का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें पूर्व मंत्री बृजकिशोर शर्मा, अरुण चतुर्वेदी के अलावा कांग्रेस नेता अर्चना शर्मा, राजपाल शर्मा के साथ ही आईपीएस लक्ष्मण गौड, आईएएस हृयदेश कुमार शर्मा, डॉक्टर एसएस शर्मा सहित कई समाज बंधु शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान के साथ भारत के सभी प्रदेशों व विदेशों से आए 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। इस दौरान 128 जोड़े तय हुए। समाज के लिए विशिष्ट योगदान करने वाले भामाशाह, समाजसेवी का सम्मान किया गया।

### जयपुर के लिए उदयपुर से दूसरी उड़ान 31 से

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** अब जैसे-जैसे कोरोना संक्रमण से शहर मुक्त होता नजर आ रहा है, वैसे-वैसे कई एयरलाइंस भी लेकसिटी से पुनः उड़ानें शुरू करने में लगी हैं। यात्रियों के लिए ये अच्छी खबर है कि अब जयपुर के लिए दो उड़ानें होंगी और वो भी नियमित। इससे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट उदयपुर से जयपुर जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधा मिलेगी। पूर्व में इंडिगो की उड़ान 5 सितंबर से शुरू होने वाली थी, लेकिन किन्हीं कारणों से ये शुरू नहीं हो पाई थी। ऐसे में एयरलाइंस अब इसे शुरू करेगी।

**6 शहरों के लिए 15 उड़ानें**

**वर्तमान** में स्पाइस जेट की 1 अगस्त से जयपुर के लिए नियमित उड़ान है। वहीं, इंडिगो की जयपुर के लिए उड़ान 31 अक्टूबर से शुरू होगी। उदयपुर से उड़ान जयपुर के लिए शाम 5.10 पर रवाना होगी और जयपुर 6.20 पर पहुंचेगी। वहीं, जयपुर से शाम 6.50 पर फिर उड़ान भरेगी और उदयपुर 7.55 बजे पहुंचेगी। ये भी नियमित उड़ान होगी। इससे यात्रियों को दो उड़ानों की सुविधा मिल जाएगी। वर्तमान में उदयपुर एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, बेंगलूरू, अहमदाबाद, चेन्नई के लिए कुल 15 उड़ानें हैं।

अकबरपुर से रामगढ़ मिसिंग लिंक का किया शिलान्यास

# महवा क्षेत्र के हर गांव को सड़क से जोड़ा जाएगा-हुडला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**महवा।** सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पाकर अपनी और घर-परिवार की तकदीर बदलकर खुशहाली लाने तथा गांव की तस्वीर सँवारने का कार्य करना हमारी प्राथमिकता में शामिल ये कहना हैं महवा विधायक ओम प्रकाश हुड़ला का उन्होंने आगे कहा कि सरकार के साथ मिलकर ग्रामीणों के उत्थान व गांवों की तरक्की के लिए हरसंभव प्रयासों में हम कार्य कर रहे हैं जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने यह बात ग्राम अकबरपुर में अकबरपुर से रामगढ़ मिसिंग लिंक के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में लोगों को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा की पहले ग्राम पंचायत कमालपुर और ग्राम पंचायत हुड़ला एक ही ग्राम पंचायत थी परंतु समय के साथ यह दोनों अलग-अलग ग्राम पंचायत बन गई है परंतु मैं आज भी इन दोनों को ही मेरी पैतृक ग्राम पंचायत मानता हूं और हुड़ला की तरह ही कमालपुर के लोगों के लिए भी विकास कार्य मैं कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। वर्तमान में कमालपुर ग्राम पंचायत पशुपालकों के लिए प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय सहित राजकीय उ. माध्यमिक विद्यालय मौजूद है और जल्दी हमारी माताओं बहनों के लिए हर घर पर शुद्ध पेयजल पानी पहुंचाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने कहा कि सड़क सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए आवागमन में सहूलियतें बढ़ी हैं और इससे विकास गतिविधियों में इजाफा होने लगा है। हमने हाल ही में क्षेत्र की अन्य सड़कों के सुदृढ़ीकरण तथा नवीनीकरण कार्यों की भी योजना बनाई है। और जिससे लोगो को मुख्य मार्गों से जोड़ा जा सकेगा ।इस दौरान उप प्रधान पंचायत समिति महवा सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि और सरपंच मौजूद थे।

किसान भामाशाह की अनूठी पहल

# खातेदारी से 3 बीघा जमीन पंचायत को विकास के लिए की दान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रानीवाड़ा/सरनाऊ।** आए दिन ऐसे कई मामले सामने आते रहते हैं। जिसमें मात्र एक फीट जमीन के लिए भाई भाई मरने मारने तक उतारू हो जाते हैं। लेकिन कई विरले लोग ऐसे भी हैं।जो अपनी लाखों की जमीन दान करके अपने ग्राम पंचायत के विकास के सपने साकार करना चाहते हैं। वहीं ऐसे में नवसृजित ग्राम पंचायत राजीव नगर के भाखराराम पंवार एवं सुखराम पंवार किसान थानाराम विश्नोई के सुपुत्रों ने राजीव नगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विद्यालय तथा सामुदायिक भवन व ग्राम सभा भवन के लिए अपनी जमीन दान देकर एक मिसाल पेश की है। पंचायती राज विभाग की ओर से भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए भूखंड देने के लिए कई योजनाएं चलाई जाती है। परंतु नवसृजित राजीव नगर ग्राम पंचायत में एक अनूठी पहल करते हुए भामाशाह ने अपनी खातेदारी से 3 बीघा जमीन ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की। सरपंच प्रतिनिधि भीखाराम सारण ने बताया कि विकास कार्यों के लिए पंचायत के पास कोई सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं थी तो जैसे ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्कूल मैदान,सभागार भवन,ग्राम पंचायत कार्यालय,शौचालय जैसी सभी प्रकार की कठिनाइयां महसूस हुई। नवसृजित ग्राम पंचायत के उपसरपंच मीरा देवी के पुत्रों ने पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 3 बीघा सरकारी जमीन दान की। ऐसे में गांव में सरकारी जमीन पर गांव में विकास के लिए सरकारी योजना काफी फायदा मिलेगा साथ ही जमीन पर विकास कार्य हो सकेंगे। साथ ही ग्रामीणों ने आभार जताया।



नवसृजित राजीव नगर में पंचायत की जमीन उपलब्ध नहीं थी। इस स्थिति में मैंने भामाशाह भाखराराम से निवेदन किया तो उन्होंने भविष्य की चिंता किए बिना इस पंचायत के विकास के लिए सरकारी 3 बीघा उपलब्ध कराई और ऐसे भामाशाह से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**भीखाराम सारण,** सरपंच प्रतिनिधि राजीव नगर



ग्राम पंचायत मुख्यालय के लिए जमीन उपलब्ध नहीं थी तो सरपंच प्रतिनिधि भीखाराम सारण एवं ग्रामीणों के आग्रह पर हम दोनों भाइयों ने अपनी जमीन हमारे पिताजी थानाराम की स्मृति में यह नवसृजित ग्राम पंचायत के विकास के लिए दान की है।

**भाखरा राम बिश्नोई,** भामाशाह एवं उपसरपंच प्रतिनिधि

# पिंकसिटी प्रेस क्लब का 30वां स्थापना दिवस समारोह 21 से 23 तक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब का 30वां स्थापना दिवस समारोह 21 से 23 अक्टूबर 2021 को प्रेस क्लब प्रांगण में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ 21 अक्टूबर 2021 को सायं 6 बजे लाईट डेकोरेशन का स्वीच ऑन कर किया जाएगा। तत्पश्चात राजस्थानी लोक नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजित होगा।

स्थापना दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर 22 अक्टूबर को सांय 6 बजे फोटोप्रदर्शनी का उद्धघाटन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। राजस्थानी के विविध अंचलों के पारम्परिक लोक नृत्यों की छटा बिखेरी जाएगी। लोक कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, गोरबन्द, घूमर सहित अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी। 23 अक्टूबर 2021 को प्रातः 11 बजे स्थापना दिवस पर मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मूर्धन्य एवं युवा पत्रकारों व छायाकारों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें लाईफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड, बेस्ट प्रिंट मीडिया रिपोर्टर अवार्ड, बेस्ट इलैक्ट्रॉनिक मीडिया अवार्ड, बेस्ट फोटोजर्नलिस्ट अवार्ड एवं बेस्ट विडियोग्राफर एवं कार्टूनिनिस्ट अवार्ड से नवाजा जाएगा। अवार्ड में प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, साफा, स्मृति चिन्ह,शाँल दिया जाएगा।

## जागरूक खबरें

### मंडल पदाधिकारी एकजुट होकर करें कार्य-शास्त्री



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भाजपा मालवीय नगर मंडल की बैठक सेक्टर 3 स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेश शाह ने की। मंड़ल के विस्तारक प्रवासी पं.सुरेन्द्र शास्त्री ने भी बैठक में भाग लिया। शास्त्री ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि मंड़ल के सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने के लिऐ एकजुट होकर कार्य करें। इसी क्रम में सभी वार्ड संयोजक अपने वार्ड में जल्दी ही बूथ अध्यक्षों की घोषणा करे। पार्टी के प्रति निष्ठावान व समर्पण का भाव रखने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाये। जिससे सशक्त मंडल की परिकल्पना को पूरा किया जा सके। मंडल अध्यक्ष शैलेश शाह ने प्रत्येक माह मंडल की दो बैठक आयोजित करने की बात कहीं। जिसका सभी पदाधिकारीयों ने समर्थन किया। इस बैठक में मंडल उपाध्यक्ष सुनील बड़जात्या, जय गोपल अग्रवाल, महामंत्री बने सिंह, जोरावर सिंह राजपुरोहित, घनश्याम भार्गव, मन्त्री उषा वाधवा, राजीव भार्गव,नीरजा सक्सेना, कोषाध्यक्ष रामअवतार खंडेलवाल, सोशल मीडिया प्रभारी मोहित मित्रा, मन की बात प्रभारी महेश मंगल मीना,वार्ड-131 के पार्षद गोविंद छीपा,वार्ड संयोजक -125 जैसाराम रामलानी, वार्ड संयोजक-126 राधेश्याम शर्मा, वार्ड संयोजक-127 भूपेन्द्र सिंह चौहान, वार्ड संयोजक-130 गंगाधर प्रजापत, वार्ड संयोजक-132 धनराज सिंह सिसोदिया, वार्ड-संयोजक -134 विनोद सुलानिया,कमल बिहारी शरण सहित मंडल कार्यकारिणी उपस्थित रहीं।

### पहली पोथी योजना 2020-21 सम्मान समारोह सम्पन्न





**जयपुर @ जागरूक जनता।** पहली पोथी सम्मान योजना 2020 एवं 2021 का सम्मान समारोह वैशाली नगर के एक होटल में सम्पन्न हो गया। वर्ष 2020 के लिए श्याम सुन्दर तविारी मध्य प्रदेश को उनके प्रथम काव्य संग्रह 'मैं किन सपनों की बात करूं' के लिए एवं 2021 के लिए शशि पाठक को उनके प्रथम काव्य संग्रह 'अंतर्संवाद' के लिए 11 हजार रुपए, सम्मान पत्र, श्रीफल एवं दुशाला उड़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिंदी एवं राजस्थानी भाषा की वरिष्ठ साहित्याकर शासदा कृष्ण थीं एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व निदेशक दूरदर्शन नंद भारद्वाज ने की। कार्यक्रम का संयोजन शिवानी शर्मा का था एवं संचालन आकाशवाणी की सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्घोषक प्रतिमा बनर्जी एवं साहित्यकार सुनीता बिश्नोलिया ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित अतिथियों को पहली पोथी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी संस्थापक नूतन गुप्ता ने अपने स्वागत उद्बोधन में दी। कार्यक्रम के दूसरे भाग में उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और कविता पाठ किया। उल्लेखनीय है कि पहली पोथी योजना जीवन की दूसरी पारी में यानि 60 वर्ष या इसके पश्चात लेखन यात्रा प्रारंभ करने वाले वरिष्ठ जनों के लिए कवियित्री नूतन गुप्ता ने सन् 2020 में शुरू की थी।

### जयपुर टोस्ट मास्टर्स क्लब की 250वीं मीटिंग 23 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर टोस्ट मास्टर्स क्लब 250वीं मीटिंग आगामी 23 अक्टूबर को जयपुर आयोजित होगी। क्लब की अध्यक्ष शिवांगी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग में दीपक मेनन (इंटरनेशनल पास्ट प्रेसीडेंट टोस्ट मास्टर्स) एवं लिंडा मेरिन (वर्ल्ड स्पीच चैंपियनशिप की प्रथम रनरअप) मुख्य अतिथि होंगे और शहर के युवाओं को कम्युनिकेशन एवं लीडरशिप के गुर बताएंगे। शिवांगी अग्रवाल ने बताया कि यह क्लब पिछले 4 सालों से जयपुर में कम्युनिकेशन एवं लीडरशिप स्किल को तराशने में मदद कर रहा है। प्रत्येक शनिवार को सायं 6 से 8 बजे क्लब की मीटिंग आयोजित होती है जिसमें कोई भी इच्छुक व्यक्ति अतिथि बनकर भाग ले सकता है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने परिचर्चा कराई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर मेट्रो -1 के तत्वाधान में राजस्थान विश्वविद्यालय पंच वर्षीय विधि महाविद्यालय, जयपुर द्वारा ऑनलाइन वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र के संयोजक मनोज मीना ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इच्छा मृत्यु की वैधानिकता विषय पर 20 से अधिक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्ष असका राव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर मेट्रो -1 ने कहा की इच्छा मृत्यु जैसे अनेक विधिक विषयों पर विधि के छात्रों को चर्चा और शोध करना चाहिए। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. संजुला थानवी ने स्वागत उब्बोधन दिया। सभी प्रतियोगियों को शुभकामनायें भी दी। प्रतियोगिता के निर्याणक डॉ. राजकुमार और मोनिका रणोत थे। प्रतियोगिता में खुशी शेखावत, अनुपम सेंगर और श्रुति पाठक विजेता रहे।

ANCHOR | JEE Advance Result

# ऑल इंडिया टॉपर रहे राजधानी के मृदुल, रचा इतिहास

### जेईई में मृदुल अग्रवाल ने अब तक का सबसे अधिक स्कोर हासिल किया

### 360 में से 348 अंक किए हासिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** देश की टॉप 23 आईआईटीज की 16 हजार सीटों पर एडमिशन के लिए आयोजित की गई संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस 2021 में जयपुर के मृदुल अग्रवाल ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने न केवल ऑल इंडिया में टॉप किया है बल्कि 360 में से 348 अंकों के साथ 96.66 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं जो आईआईटी.जेईई प्रवेश परीक्षा में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। यह 2011 के बाद से जेईई एडवांस परीक्षा में किसी छात्र द्वारा बनाए गए उच्चतम स्कोर है। पिछले एक दशक में, उच्चतम 96 फीसदी रहा है, जो वर्ष 2012 में था जब टॉपर ने कुल 401 में से 385 स्कोर किया था। 2020 में जेईई एडवांस परीक्षा 396 अंकों की थी और उच्चतम अंक 352 थे, जो लगभग 88.88 प्रतिशत है। गौरतलब है कि आईआईटी खडग़पुर ने 3 अक्तूबर 2021 को जेईई एडवांस 2021 की परीक्षा आयोजित की थी। जेईई एडवांस परीक्षा देशभर के 229 शहरों में परीक्षा हुई थी जिसके लिए तकरीबन 2.50 लाख अभ्यार्थी रजिस्टर्ड थे।ऑल इंडिया रैंक.1 प्राप्त करने वाला छात्र मृदुल अग्रवाल धुन का पक्का है। मृदुल अग्रवाल ने फरवरी जेईई.मेन के बाद मार्च में भी 100 पर्सेन्टाइल प्राप्त कर चुके हैं हैं। मार्च जेईई.मेन में मृदुल ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए थे।

**मोटिवेशन रखें हाई**

**ऑल इंडिया रैंक-फर्स्ट :** मृदुल अग्रवाल का कहना है कि छात्रों को अपनी तैयारी करते समय मोटिवेशन हाई रखना चाहिए। किसी भी विषय की पढ़ाई जबरदस्ती न करें इससे बेहतर होगा कि जिस विषय में मन लगे उसे अच्छे से पढ़े अपनी सफलता को लेकर बेहद खुश मृदुल का कहना है कि पहले टॉपर्स को देखकर लगता था कैसे इतनी अच्छी रैंक हासिल कर पाते हैं लेकिन आज खुद इस मुकाम पर पहुंच कर बेहद खुश हूं। मैंने कभी भी टाइमटेबल बनाकर पढ़ाई नहीं की। हां सुबह उठने के समय सोच लेता था कि आज क्या पढ़ना है। कोविड और लॉकडाउन को लेकर उनका कहना है कि इस दौरान भी ऑनलाइन क्लास चलती रही। शुरुआत में परेशानी हुई फिर धीरे धीरे आदत हो गई। वह बताते हैं कि आठवीं क्लास में एक टैलेंट टेस्ट दिया। वहा से स्कॉलरशिप मिली फिर टीचर्स से सपोर्ट मिलने पर अन्य परीक्षाओं में शामिल होने की प्रेरणा मिली। अपने परिवार से बेहद गहराई से जुड़े मृदुल का कहना है कि पिता से मोरल सपोर्ट मिला। वहीं मां घर का सारा शेड्यूल उनकी पढ़ाई के हिसाब से तय करती थी। देश के टेक डवलपमेंट में अपना योगदान देने का सपना देखने वाले मृदुल अपनी कामयाबी में अपनी मां की बड़ी भूमिका मानते हैं। उनका कहना है कि जब भी भी मायूसी होती थी तो मां के पास जाकर बैठ जाता था। कभी मानसिक रूप से कमजोर पड़ा तो पिता के साथ शेयर किया, पिता भी उनके बात करते थे और एक छोटे इंटरवल के तौर पर कहीं बाहर ले जाते थे।

**देश के लिए देना है योगदान**

आदित्य नेमीवाल : ऑल इंडिया रैंक-29 : अगर मुझे भी चयन करना पड़ा कि विदेश में जाकर काम करना है या देश में तो मैं देश में रहकर की काम करना पसंद करूंगा। यह कहना है जेईई एडवांस 2021 परीक्षा में ऑल इंडिया में 29वें रैंक हासिल करने वाले आदित्य नेमिवाल का। आदित्य बताते हैं कि 11वीं कक्षा से ही जेईई की पढ़ाई करना शुरू कर दिया था साथ ही में कोचिंग भी शुरू कर दी, लेकिन तभी कोविड आ गया और लॉकडाउन लग गया। ऐसे में ऑनलाइन क्लास चलती रही इससे पढ़ाई का समय भी ज्यादा मिलने लगा। नोट्स बनाकर अपनी तैयारी की, टारगेट सेट किए और सफलता हासिल की।अपने फ्यूचर प्लान शेयर करते हुए आदित्य कहते हैं कि हायर स्टडीज के मुझे बाहर जाना है लेकिन स्टडी पूरी होने के बाद देश को बेहतर बनाने में अपना योगदान देना है।

**मेरा टारगेट कम्प्यूटर साइंस**

**तेजस कुमार - ऑल इंडिया रैंक- 88:** कोविड आया, लॉकडाउन भी लगा लेकिन मुझे इससे कोई परेशानी नहीं हुई। यह कहना है जेईई एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया में 88वां स्थान प्राप्त करने वाले तेजस का। तेजा कहते हैं कि दो साल तक ऑनलाइन तैयारी की उससे पहले 11वीं में ऑफलाइन तैयारी की थी। अब आईआईटी मुंबई से कम्प्यूटर साइंस के लिए एप्लाई करना है। उन्होंने बताया कि उनकी पिता आईआईटी रुड़की से पास आउट हैं औ मां डॉक्टर हैं। संगीत का शौक रखने वाले तेजस इन दिनों संस्कृत सीख रहे हैं। वह कहते हैं कि मैं हायर स्टडीज के बाहर जा सकता हूं लेकिन कॅरियर मुझे इंडिया में भी बनाना है। अपनी सफलता का श्रेय अपने टीचर्स और पैरेंट्स को देते हुए उनका कहना है कि यदि कड़ी मेहनत की जाए जो सफलता मिलनी ही है।

**सफलता के लिए जरूरी है हार्ड वर्क**

**रजत गोलेछा-ऑल इंडिया रैंक-100 :** जैसा मुझे टीचर्स ने पढ़ाया उसे वैसे ही अडॉप्ट करता चला गया तभी मुझे सफलता मिल पाई है। जो टीचर्स पढ़ाते थे उसी उसी दिन रिवाइज करता था और शॉर्ट नोट्स बनाकर पढ़ाई की। इसके साथ ही सप्ताह में रोज 8 से 10 घंटे तक सेल्फ स्टडी करते हुए पढ़ाई पर फोकस किया था। मेरे पिता पंकज गोलेछा बिजनेसमैन हैं, जबकि मां चंचल गोलेछा होम मेकर हैं। रजत कहते हैं मेरा सपना कम्प्यूटर साइंस में आईआईटी करने का है। मुझे म्यूजिक का शौक है लेकिन पढ़ाई के लिए पिछले दो साल से इसे बंद कर रखा था। मेरा दूसरे स्टूडेंट्स से भी यही कहना है कि हार्ड वर्क करेंगे तो सफलता मिलेगी ही। टारगेट सेट करें और उसे अचीव करने की कोशिश में लग जाएं।

## जागरूक खबरें

### हर्षोल्लास से मनाया विजयादशमी पर्व



**जयपुर।** असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी पर्व पर गौड़ सनाढ्य फाऊंडेशन और करणी सेना ने मानसरोवर स्थित दुर्गामाता मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शस्त्र पूजन किया गया। पण्डित पुरूषोत्म गौड़ के नेतृत्व में वैदिक मंत्रौचार के साथ शस्त्रों का पूजन करवाया गया, इस मौके पर गौड़ सनाढय फाऊंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष पण्डित देविशंकर शर्मा, गौड़ सनाढ्य फाऊंडेशन राष्ट्रीय संयोजक अनुराग शर्मा, करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, गौड़ सनाढय फाऊंडेशन राष्ट्रीय महामंत्री हरि शर्मा, कार्यक्रम संयोजक सुनील मुद्गल सहित विभिन्न संगठनो के समाज बंधुओइस कार्यक्रम में विप्र महासभा के सुनील उदया परशुराम सेना के अनिल चतुर्वेदी करणी सेना जयदेव सिंह गोगामेडी युवा पार्षद करण शर्मा आशुतोष तिवारी पंकज शर्मा हरिश शर्मा मोहनलाल एडवोकेट प्रकाश शर्मा कैलाश शर्मा चाकसू रामेश्वर नेता सांगानेर भंवर शर्मा राघव शर्मा जुगनू शर्मा नरेंद्र शर्मा डालेंद्र शर्मा रूद्र शर्मा रोशन शर्मा राधेश्याम पालड़ी पवन शर्मा कुलदीप सिरोलिया विपिन शर्मा कपिल शर्मा दीपक गौड़ आदि उपस्थित थे। विजयादशमी के पर्व पर शस्त्र पूजन को लेकर पण्डित देविशंकर शर्मा नें बताया की हिन्दू धर्म में शस्त्र पूजन का अपना महत्व हैं, विजयादशमी के दिन महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा और मर्यादा पुरुषोत्तम राम की पूजा-अर्चना की जाती है। मां दुर्गा की पूजन करने से आदिशक्ति मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है। इससे जीवन में आने वाली विषमताएं, परेशानियां, कष्ट और दरिद्रता का नाश होता है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से धर्म के मार्ग पर चलने वालों को विजय प्राप्त होती है। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक विजय मुहूर्त में विजयदशमी पर हुआ था। जब से ही ये इन दिन शस्त्र पूजन करने की भी सनातन परंपरा चली आ रही हैं।

### संघर्ष समिति ने की निदेशक मुकुल शर्मा से मुलाकात

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नर्सेज संघर्ष समिति ने सीधी भर्ती 2018 में नियुक्त नर्सेज की समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य भवन में मुकुल शर्मा निदेशक (अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। अध्यक्ष सोमसिंह मीणा ने बताया कि नर्सेज की ऑनलाइन काउंसिलिंग सुची जो 30 जुलाई 2021 को जारी सूची को 2 अगस्त 2021 को जारी आदेश अनुसार लगाई रोक हटाकर मूल पदस्थापन किया जाए। भर्ती के लगभग 2 वर्ष गुजर जाने के बाद भी हजारों नियुक्त नर्सेज की वरीयता अनुसार पोस्टिंग नहीं होने से मानसिक परेशान नर्सेज की जोइनिंग तिथि 29 अप्रैल 2020 काल्पनिक लाभ के विभागीय आदेश जारी करने, 108 एम्बुलेंस में कार्यरत नर्सेज को कार्यमुक्त कर मूल पोस्टिंग दी जाए। सिरोही जिले में कार्यरत नर्सेज के स्थानांतरण पर लगे प्रतिबंध को हटाने आदि नर्सेज की मांगो को लेकर वार्ता की। मुलाकात में संजोयक पवन कुमार अध्यक्ष सोमसिंह गुरुप्रताप ओमप्रकाश विनोद बबीता कविता आदि नर्सेज मौजूद रहे।



### वीएचपी के दुर्गा वाहिनी से जुड़ी महिलाओं ने किया शास्त्र पूजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्व हिंदू परिषद से सम्बन्धित दुर्गा वाहिनी मानसरोवर के तत्वाधान में महिलाओं ने दुर्गा माता की आरती एवं शस्त्र पूजन का का आयोजन किया। इस दौरान थड़ी मार्केट स्थित शिव मंदिर पार्क में बड़ी संख्या छोटी-छोटी बच्चियां दुर्गा स्वरूप में दिखाई दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि साध्वी प्रियंवदा रही। उन्होंने अपने सम्बोधन में महिला सुरक्षा व महिलाएं कैसे आत्मनिर्भर बने इस विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के संगठन महामंत्री राजाराम के साथ दुर्गा वाहिनी के प्रखड़ संयोजिका पूजा गुरनानी व मातृशक्ति की किरण शर्मा,दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका रचना, महानगर मंत्री कुलदीप व जिला मंत्री विष्णु गुप्ता मोजूद रहे।



### विजयदशमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण बलराम मंदिर ने मनाया दशहरा उत्सव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जगतपुरा स्थित श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में दशहरा उत्सव मनाया गया जिसमें मंदिर में भव्य सजावट की गई। इस अवसर पर ठाकुर जी के लिए फूल बंगला एवं राम लक्ष्मण अलंकार किया गया। इस कार्यक्रम को मंदिर के सभी सोशल मीडिया चैनल हरे कृष्णा जयपुर में प्रसारित करने की व्यवस्था की गयी । हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के अध्यक्ष अमितासन दास जी ने बताया कि दशहरा का त्योहार बुराई (अधर्म) पर अच्छाई (धर्म) की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान हरिनाम संकीर्तन एवं श्रील जयदेव गोस्वामी द्वारा रचित दशावतार स्तोत्र से रामावतार स्तोत्र का पाठ किया गया। अंत में संकीर्तन के साथ महाआरती एवं पालकी यात्रा की गयी। इस दौरान सायं को राम लीला का मंचन हुआ जोकि एक्टर्स थियेटर एट राजस्थान के सहयोग से किया गया । रामायण पुराण के 8 प्रसंगो पर आधारित यह नाटक लाईट एण्ड साउण्ड तकनीक तथा वीडियो और स्लाईट प्रोजेक्टर के माध्यम से तैयार किया गया था। रवीन्द्र मंच पर आयोजित हुई 30 दिवसीय एक्टिंग एण्ड पर्सनेलिटी डवलपमेंट कार्यशाला में यह नाटक सीनियर फैलो एवं कार्यशाला निर्देशक डॉ. चन्द्रदीप हाडा के निर्देशन में तैयार किया गया था । इस नाटक में लव-कुश, कैकई दशरथ, राम वनवास, सीता हरण, शबरी, हनुमान राम मिलन, राम सेतु निर्माण व राम रावण युद्ध के प्रसंगों को जोड़ कर लगभग 1 घन्टा अवधि का नाटक तैयार किया गया था।



### व्याख्याता संवीक्षा परीक्षा- 2021, 11 से 13 नवम्बर तक होगी परीक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से लेक्चरर (आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2021 का आयोजन 11 से 13 नवम्बर 2021 तक किया जाएगा। परीक्षा अजमेर जिला मुख्यालय पर विषयवार निर्धारित कार्यक्रमानुसार सुबह 10 से 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। काय चिकित्सा, द्रव्यगुण विज्ञान, रचना शरीर, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग, क्रिया शरीर व शालाक्य तंत्र विषय की परीक्षा 11 नवम्बर को आयोजित होगी। पंचकर्म तथा शल्य तंत्र विषय की परीक्षा दिनांक 12 नवम्बर, रोग निदान और अगद तंत्र विषय की परीक्षा का आयोजन 13 नवम्बर को किया जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया कृष्णा नन्दिनी गौशाला उद्घाटन

# गाँव विकास की जरूरतें जनप्रतिनिधि नहीं ग्रामीण ज्यादा समझते हैं-बिरला

## गऊ सेवा के लिए शुरू की कृष्णा नन्दिनी गौशाला-चौधरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**गेण्डोली (बूंदी)।** एरावत एग्रो परिवार (ग्रुप) ने अनेक उत्कृष्ट सेवाओं के बाद बूंदी जिले के गेण्डोली ग्राम के पास कृष्णा नन्दिनी गऊ शाला प्रारंभ की है जिसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के डायरेक्टर सी.आर. चौधरी ने बताया कि गऊ सेवा करना आज बहुत जरूरी हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए इसे प्रारंभ किया गया है। हमारे इस पुनीत कार्य में हमारे अन्य सहयोगी भी हमारे साथ हैं। इस अवसर पर आईमाता मंदिर बिलाड़ा के धर्मगुरु एवं समाज के अन्य प्रबुद्ध जन भी मौजूद थे।




#### लोकसभा अध्यक्ष बोले - कोटा-बूंदी को बनाए मॉडल संसदीय क्षेत्र

गऊशाला उद्घाटन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने द्वादश ज्योतिलिंग कंचन धाम में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि गांव के विकास की आवश्यकताएं जनप्रतिनिधियों से अधिक ग्रामीण समझते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि विकास कार्यों की प्राथमिकताएं भी नेता नहीं बल्कि ग्रामीण स्वयं तय करें। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जाना आवश्यक है। यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बिरला यहां गेण्डोली के निकट स्थित कंचनधाम सेवा संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्र म को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे जिस भी ग्रामीण क्षेत्र में जाते हैं वहां लोग विकास कार्यों की आवश्यकताओं का आवेदन पत्र दे देते हैं। इनमें से अधिकांश आवेदन एक ही प्रकार के कार्यों के होते हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों के लिए यह तय करना कठिन हो जाता है कि वे कौन से कार्य को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह जरूरी है कि गांव के लोग बैठक में गांव के विकास की आवश्यकताओं की सूची बनाएं। फिर इस सूची में प्राथमिकता वाले कार्यों का आपसी विचार-विमर्श से निर्धारण कर जनप्रतिनिधियों का अवगत कराएं। उनसे कार्यों की प्रगति का निरंतर फॉलोअप लें।

#### जनता ने सही उम्मीदवार चुना

प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए बूंदी विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि सांसद के रूप में ओम बिरला का चयन कोटा-बूंदी की जनता का निर्णय बेहद सही था। बिरला न सिर्फ लोकसभा अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी कर रहे हैं, बल्कि संसदीय क्षेत्र की जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को भी पूरा करने में पीछे नहीं हट रहे। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान स्पीकर बिरला के प्रयासों से हजारों लोगों की जान बच सकी।

#### महाराज कृष्णदास कंचन महाराज की समाधि पर की पूजा-अर्चना

बिरला ने कंचन धाम में महाराज कृष्णदास कंचन महाराज की समाधि पर पूजा-अर्चना कर देश की प्रगति और देशवासियों के कल्याण की कामना की।

#### जनता का भरोसा और विश्वसनीयता बेहद जरूरी

बिरला ने कहा कि समाज की सेवा करते हुए कभी फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। किसी भी सामाजिक कार्यकर्ता की पहचान जनता के प्रति उसके भरोसे और विश्वास से होगी।

#### विकास कार्यों में भेदभाव नहीं करे सरकार-चन्द्रकांता

केशवरायपाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने कहा कि चुनाव से पहले नेता का दल से संबंध होता है, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने के बाद वह किसी दल का नहीं बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में यह उसका दायित्व है कि संतुलित विकास के लिए वे किसी के साथ भेदभाव नहीं करें। यही बात सरकारों पर भी लागू होती है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष छीतरलाल राणा, केशवरायपाटन प्रधान वीरेन्द्र सिंह, तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया ने भी संबोधित किया। गेण्डोली सरपंच पदमावती मीणा ने बंद पड़े लिफ्ट सिंचाई परियोजना के काम को जल्द शुरू करवाने की मांग रखी। संचालन रेणु श्रीवास्तव ने किया।

## कविता



**राजेश्वर सिंह**
राजस्व मंडल के अध्यक्ष
@jagrukjanta.net

### भारत महिमा

कोटि-कोटि जन से अधिवासित,
यह विस्तृत भू भाग जहॉ पर ।
केरल से कश्मीर प्रान्त तक,
बिखरे ग्राम, नगर, महानगर।।
*********
बालक, युवा, प्रौढ़, वृद्धजन,
मानव जीवन का विकास क्रम।
धरती पर अस्तित्व का सृजन,
फिर उसके रक्षण का उद्यम।।
*********
कृषि कर्म, पशुपालन में रत,
वाणिज्य और व्यापार में निरत।
स्वेद बिन्दु से नहला कर तन,
करते गतिमय जीवन का रथ।।
*********
कठिन यत्न है मानव तन का,
अग्नि और अन्न के मिलन का।
तब जगती उच्चतर अभीप्सा,
यही सत्य है इस जीवन का।।
*********
पर इस धरती में कुछ ऐसा,
सारा जगत नहीं है वैसा।
आत्म-तुष्टि का भाव प्रबल है,
मिला जरुरत भर गर पैसा।।
*********
क्षमा, दया, करुणा और पर हित,
गहन भाव, विचार सन्निहित।
निर्बल का संबलन अयाचित,
सब अपने हैं, नहीं अपरिचित।।
*********
बालक के प्रति स्नेह, वृद्ध का होता आदर,
नारी का सम्मान, अतिथि का सुन्दर स्वागत।
मृदुता और सरसता से परिपूरित है मन,
विनय, शील, सौजन्य युक्त व्यवहार परम धन।।
*********
एक तत्व ही व्याप्त जगत में और जीवन में,
नदी, समन्दर, जीव-जन्तु और वन-उपवन में।
एक दूसरे से अभिन्न हैं सारे प्राणी,
भारत का विश्वास अमिट इस बोध गहन में।।
*********
इसीलिए तो तीर्थोपम हर जल सन्निधि हैं,
इसीलिए पशु पक्षी की भी पूजा विधि हैं।
इसीलिए यह धरा धाम पावन पवित्र है,
इसीलिए अध्यात्म साधना परम निधि है।।
*********
हर पथ का गन्तव्य प्रभु का परमधाम है,
घृणा, द्वेष, हिंसा, कटुता का नहीं काम है।
शान्ति, प्रगति, समृद्धि व्याप्त हो निखिल विश्व में,
इसकी अभिलाषी भारत भू को प्रणाम है ।।

## विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति व शिक्षक अभिभावक संघ बैठक

# सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का प्रस्ताव पास

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पिंडवाड़ा।** राजकीय मॉडल विद्यालय ब्लाक पिण्डवाडा में विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति व शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित की गई। प्रधानाचार्य श्याम सुंदर व्यास व सचिव एस.डी.एम.सी जितेन्द्र रावल के निर्देशन में आयोजित बैठक में प्राचार्य ने अभिभावकों को संबोधित कर नवीन कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव रखा। प्राचार्य व्यास ने पुरानी कार्यकारिणी भंग की। जिस पर एक-एक करके प्राचार्य द्वारा पदों नामोल्लेख व दायित्व निर्वहन की जानकारी दी गई।जिस पर सर्वसम्मति से हाथ खडे करवाकर चुनाव द्वारा, पी.टी.एम अध्यक्ष, एसडीएमसी- अध्यक्ष, एसटी वर्ग प्रतिनिधि, एस.सी वर्ग प्रतिनिधि, अल्पसंखक प्रतिनिधि, ओबीसी वर्ग प्रतिनिधि, अभिभावक प्रतिनिधि आदि का चुनाव किया गया। बैठक में प्राचार्य ने विद्यालय विकास के अनेक प्रस्तावों से सभा को रूबरू करवाया। जिसमें अत्याधुनिक हारटेक लाईबरेरी, प्रयोगशालाओं का आधुनीकरण, कुछ कक्षों में स्मार्ट क्लासरूम व कैमरे लगवाना, खेल मैदान में एथलेटिक्स ट्रेक बनवाना। जिसका सभा ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। इस अवसर पर पीईईओ झाडोली- नरेन्द्र सिंह सिंदल, सरपंच झाडोली-कैलास सुथार, शिक्षक-खुशवन्त कुमार माली, पुखराज गुरु,हरीश मीना, शिक्षिका-ममता व्यास व मनीला खण्डेलवाल, ताराचन्द भार्गव, गंगासिंह, राम सिंह सैनी, खीम सिंह, मुबारक, नरसाराम गरासिया, चेतन व गणमान्य अभिभावक उपस्थित रहे।

### मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली के लिए ऑनलाइन पंजीयन आज से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली की खरीद के लिये ऑनलाइन पंजीकरण बुधवार से शुरू होगा। आजंना ने बताया कि 868 से अधिक खरीद केन्द्रों पर मूंग, उड़द एवं सोयाबीन की एक नवम्बर से तथा 18 नवम्बर से मूंगफली खरीद की जाएगी।

# उत्साह और गरबा की धुन में झूम उठे छात्र-छात्राएं




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मौका था मानसरोवर स्थित संस्कृति कॉलेज की डांडिया रास के आयोजन का, जहॉ सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राऐं एवं फैकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया और डांडिया खनकाये गये। जिसमें पारंपरिक परिधानों के साथ डिजाइनर और माडर्न डेऊसेज में विधार्थियों एंव फैकल्टी मेंबर्स स्टाइलिस नजर आ रहे थे। सेंट विल्फ्रेड एजुकेषन सोसायटी के मानद सचिव डॉ. केशव बड़ाया द्वारा माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने गुजराती, राजस्थानी एवं बॉलीवुड गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। विधार्थियों एंव फैकल्टी मेंबर्स ने डॉडिया नृत्य के द्वारा भारतवर्ष के अनेक प्रान्तों की संस्कृति के विविध पहलुओं को जीवंत करते हुए रस, लय और ताल के सुन्दर सामजस्य से विलफ्रेडस् का माहौल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया। मानद् सचिव डॉ. केशव बड़ाया द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गए। और कहा कि आज आपके सामने माँ दुर्गा का आदर्श है जो शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक है जिससे आप अपने जीवन में शक्ति और स्वाभिमान का संचार कर सशक्त बना सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्राचार्या ने सभी विजेताओं को और आगे बढने के लिये प्रोत्साहित किया और सभी विद्यार्थियों को आर्षिवचन दिये। संस्था के मानद सचिव डॉ. केषव बड़ाया नें कहा कि डांडिया नृत्य एक नई ऊर्जा का संचार करता है और माँ दूर्गा हमें शक्ति प्रदान करते हुये सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है।

# स्पा कि आड़ में वैश्यावृत्ति का धंधा

### स्पा के बाहर लगे बैनरों पर मुस्कुरा रहे हैं बुद्धा, अंदर होता गंदा धंधा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**बालोतरा @ मयंक अवस्थी।** शहर में स्पा की आड़ में वैश्यावृत्ति का धंधा चल रहा है। शहर के आबादी क्षेत्र में कहीं स्पा सेंटर संचालित है। लंबे से समय इन स्पा सेंटरों मे स्पा के नाम पर युवाओं को बदं कमरे में प्रलोभन देकर मन विचलित करती है फिर गंदे का में लिप्त कर देते हैं। बाडमेर जिला मुख्यालय पर पुलिस प्रशासन द्वारा निरन्तर स्पा सेंटरों पर कार्यवाही कि जा रही है। पर बालोतरा मे पुलिस प्रशासन मौन धारण कर बैठा है। पुलिस प्रशासन कि मौन धारणा आमजन को भारी पड रही है। कोरोना संक्रमण के इस दौर में युवाओं की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है।स्पा सेंटरों के बाहर लगे बडे बडे बैनरो पर बुद्धा मुस्कुरा रहे हैं और अन्दर रंगरेलियों के अड्डे बनते जा रहे हैं। बालोतरा उपखंड मे लगभग 6 स्पा सेंटर खुले हुई है। दिल्ली, कलकत्ता, असम, मुम्बई, नागालैंड, मणिपुर सहित उत्तराखंड जैसे राज्यों से युवतियां आ रही है। जिसकी फिजिकल डॉक्टरी जांच नहीं हो रही है। कही कोरोना काल की इस घडी में कोरोना टेस्ट नहीं करवाने से आफत बन कोरोना का विस्फोट ना हो जाए।इसलिए पुलिस प्रशासन को सख्त होकर इस ओर ध्यान देते हुए कार्यवाही करनी चाहिए।

#### उपखंड क्षेत्र के इन स्थानों पर है स्पा सेंटर

**उपखंड** के मुख्य जहां पुरे दिन आवाजाही का सिलसिला लगा रहता है जैसे जसोल फांटा, नया बस स्टैंड, पचपदरा बाईपास पर बने विभिन्न व्यवस्था कि गई है। इन स्थानों पर स्पा कि आड़ में वैश्यावृत्ति का धंधा किया जा रहा है।

### 23 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा स्थगित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान अधीनस्थ भर्ती बोर्ड की ओर से 23 और 24 अक्टूबर को होने वाली पटवार भर्ती परीक्षा को देखते हुए राजस्थान विवि ने अपनी 23 अक्टूबर को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। विवि प्रशासन की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए है। एनएसयूआई ने इस संबंध में विवि प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था जिसमें कहा था कि एक ही दिन में दो परीक्षा होने के कारण अभ्यार्थियों में असमंजस है कि कौनसी परीक्षा में शामिल हो। जिस पर कार्यवाही करते हुए और विद्यार्थियों की परेशानी को समझते हुए विवि प्रशासन ने परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया है। परीक्षाओं की नई तिथि फिलहाल घोषित नहीं की गई है।

# वेक्सिनेशन विजयोत्सव मनाया

**चित्तौड़गढ़।** देश में कोरोनावायरस के खिलाफ लड़ाई में वैक्सीनेशन की शुरुआत की जाने के बाद अभी तक 100 करोड़ वैक्सीन लगाए जाने पर भारत सरकार द्वारा बीते दिनों वेक्सिनेशन का विजयोत्सव मनाया गया। जिसमें एएसआई के द्वारा चयनित देश की 100 ऐतिहासिक स्मारकों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए तिरंगे की रोशनी से जगमगाया जा गया। राजस्थान में जोधपुर मंडल के अधीन आने वाले 3 स्मारकों को शामिल किया गया। जिसमें चित्तौड़गढ़ कुंभलगढ़ व भरतपुर के डीग पैलेस को शामिल किया गया। विश्व विख्यात दुर्ग पर ऐतिहासिक इमारत विजय स्तंभ को तिरंगे की रोशनी से रोशन किया गया। जिसको देखकर लोग अभिभूत हुए, साथ ही दूर पर स्थित कुंभा महल पर भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। चित्तौड़गढ़ में भी प्रशासन द्वारा एक ही दिन में 80 हजार लोगों को कोविड-19 का टीका लगाकर रिकॉर्ड बनाया था। केंद्र सरकार द्वारा कोरोना के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए देश की चयनित 100 स्मारकों पर विद्युत सज्जा कर की गई।

# आवेदन में मरुधरा के होनहार आगे

### इंस्पायर अवॉर्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बाल प्रतिभाओं में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की राष्ट्रीय इंस्पायर अवॉर्ड प्रदेश की प्रतिभाओं को रास आने लगी है। इस योजना में राजस्थान देश में सिरमौर हो गया है। सबसे अधिक आवेदन राजस्थान से भरे गए हैं और इसमें भी राजधानी जयपुर देश भर में पहले नंबर पर है। राजस्थान से योजना के तहत अब तक 1.28 लाख आवेदन भरे गए हैं जबकि कर्नाटक दूसरे स्थान पर है। कर्नाटक ने अब तक 65 हजार आवेदन भरे हैं। गौरतलब है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली तथा नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन गांधीनगर गुजरात की ओर से छठीं से दसवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों आयु 10 से 15 वर्ष सृजनात्मक/नवाचारी सोच विकसित करने को लेकर इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना का संचालन किया जा रहा है जिसमें देश भर से स्कूली विद्यार्थियों के ऐसे श्रेष्ठ और मौलिक/सृजनात्मक विचारों को संबल प्रदान किया जाता है जो सामाजिक आवश्यकताओं व उपयोगिताओं की कसौटी पर खरे उतरते हैं। 2021-22 शिक्षा सत्र के लिए विद्यार्थियों के ऑनलाइन नॉमिनेशन मांगे गए हैं, जिसमें जयपुर ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यहां से अब तक तकरीबन 15 हजार आवेदन भरे गए हैं।

#### आवेदन की तिथि बढ़ाई

केंद्र सरकार के विज्ञान और तकनीकी मंत्रालय ने योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि को भी 24 अक्टूबर तक बढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। पहले आवेदन की तिथि 15 अक्टूबर तक थी। प्रदेश के शिक्षा विभाग ने इस बार इंस्पायर अवॉर्ड के लिए आवेदन करने का लक्ष्य तकरीबन दो लाख निर्धारित किया था अब जबकि आवेदन की तारीख बढ़ गई है तो विभाग इसे अचीव करने के प्रयास में जुट गया है।

#### पिछले साल भी राजस्थान रहा था आगे

गौरतलब है कि गत वर्ष भी इस योजना में आवेदन करने में राजस्थान पहले स्थान पर रहा था। गत वर्ष राजस्थान से 1.50 लाख आवेदन किए गए थे। राष्ट्रीय स्तर पर देश भर के 51 हजार 707 आवेदनों का चयन किया था जिसमें से राजस्थान के 8027 इनोवेटिव आइडिया चयनित हुए। इनोवेटिव आइडिया चयन में राजस्थान नंबर एक पर था। वहीं राजधानी जयपुर 942 आइडिया चयन के साथ देशभर में टॉप पर रहा था।

#### देश भर के टॉप 50 जिलों में राजस्थान के यह जिले शामिल

जयपुर, अलवर, झुंझुनू, बाड़मेर, चूरू, भरतपुर, चित्तौडगढ़, उदयपुर, सीकर, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, दौसा, बीकानेर, कोटा, जोधपुर, धौलपुर, श्रीगंगानगर, टोंक, चित्तौडगढ़, सवाई माधोपुर, अजमेर, बांसवाड़ा, राजसमंद।

#### यह है इंस्पायर अवॉर्ड का फायदा

इसके तहत ऑनलाइन आवेदन के बाद सृजनात्मक एवं मौलिक सोच वाले आइडिया में से विद्यार्थियों का चयन होता है। उनके मॉडल, प्रदर्शनी आदि को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का मौका मिलता है साथ ही दस हजार रुपए से लेकर पचास हजार रुपए तक की राशि भी प्रोत्साहन स्वरूप मिलती है।

विभागीय अधिकारियों के सम्मिलित प्रयासों के साथ ही स्कूलों ने भी इसमें रुचि दिखाई। संस्था प्रधानों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इंस्पायर अवॉर्ड में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया इसी वजह से राजस्थान से सबसे अधिक आवेदन हुए और जयपुर देश भर में पहले स्थान पर रहा है।

**- रवींद्र कुमार,** जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय

## जागरूक खबरें

### बाइक ग्रुप ने किया वृक्षारोपण



**भिवाड़ी @ जागरूक जनता।** अपने बाइक ग्रुप के माध्यम से जोश ओर उत्साह से लबरेज समय समय पर सामाजिक जागरूकता फैलाने वाले भारत के प्रसिद्ध गुड़गांव चैप्टर बाइक ग्रुप मेंबर ने आर सी चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ वृक्षारोपण किया। साथ ही आर सी पैलेस होटल काम्प्लेक्स में मोगली बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। इस बाइक ग्रुप की ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता ने बच्चों और बड़ो सब के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया। बच्चों को बताया गया कि आप अपने सपनो को पंख कैसे लगा सकतें हैं। इन बाइक ग्रुप की आवाज़ ने मानो भिवाड़ी गुंजा दिया। इस अवसर पर संयोजक शशांक कौशिक, ट्रस्ट की अध्यक्षा गुंजा चौहान, विरक्त सिंह चौहन, सुनीता आदि उपस्थित थे ।

### पीलीबंगा के खेत पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भारतीय समवेत औसध संस्थान जम्मू के तत्वाधान में जिले के चंदेरिया समीप, ग्राम भैरड़ा में प्रगतिशील किसान भंवर सिंह पीलीबंगा के खेत पर जिला कलेक्टर तारा चंद मीना की अध्यक्षता में एक कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के लगभग 150 किसानों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा किसानों को परंपरागत कृषि से हटकर खेती में नवाचार एवं तकनीकी खेती द्वारा सुगंधित पौधों की खेती एवं बागवानी फसलों से आमदनी बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन किया गया। कलेक्टर द्वारा खेत पर लेमन ग्रास का पौधरोपण भी किया गया। सहायक निदेशक उद्यान, डॉ शंकर सिंह राठौड़ द्वारा किसानो को को उद्यानिकी फसलों की खेती की तकनीकी जानकारी दी गई संस्थान के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ एस आर मीणा द्वारा संस्थान के उद्देश्य से अवगत कराया गया। मौके पर उद्यान विशेषज्ञ डॉ राजेश जलवानिया द्वारा सुगंधित पौधों की खेती के बारे में तकनीकी जानकारी दी गई सीएसआईआर के तकनीकी अधिकारी डॉक्टर एमके वर्मा द्वारा सुगंधित पौधों के उत्पादों का मूल्य संवर्धन एवं विपणन पर विस्तृत जानकारी दी गई प्रगतिशील कृषक भंवर सिंह पीलीबंगा द्वारा खेती में नवाचार जैविक खेती एवं पपीते की खेती के बारे में जानकारी दी गई।

### महिलाओ ने भारतीय संस्कृति के साथ किया शाही घुमर



**जोधपुर@ जागरूक जनता।** राठौड़ सिस्टर्स द्वारा महिलाओ के लिए शाही घुमर का आयोजन द ब्लू सिटी मॉल में किया गया, आयोजन कर्ता राठौड़ सिस्टर्स चंचल राठौड़, निशा राठौड़, उपदेश राठौड़, अनेक राठौड़ ने सामूहिक रूप से बताया कि शाही घुमर के दौरान मिस घुमर, मिसेस घुमर, बेस्ट ज्वैलरी, रॉयल लुक, लिटल बाईसा आदि को ज्यूरी द्वारा सिलेक्ट किया गया जिसमें रिंकू खिंची, कनक खींची, राज कंवर, बिना कंवर, चंद्रा कंवर विजेता रहे साथ ही अन्य प्रतिभागियों को कई प्रकार से अलग अलग प्रकार से पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। राठौड़ सिस्टर्स ने बताया कि शाही घुमर में विशेष रूप से अथिति के रुप में कुसुम जीजा, ज्योति राठौड़ जीजा, दीप्ति जीजा एवं अन्य अतिथि शामिल हुए एवं इस कार्यर्‍ म में एक्सपोज़ सलून, कुसुम वेडिंग स्टोर, शान बुटीक, कृतिज्ञा मेकओवर, डॉटी चॉकलेट, वीनस रेनेवाबल्स, खेमचंद पटेल, अक्षिता मेम, आरके ज्वैलर्स आदि ने सहयोग किया।

### अन्जुमन ईस्लाम कमेटी की जानिब से 2 दिवसीय जश्ने ईद मिलादुन्नबी आयोजित



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** अंजुमन इस्लाम कमेटी के तत्वावधान में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव जश्ने ईदमिलादुन्नबी निहायत अदब एहतराम और शान ओ शोकत के साथ कोरोना गाइडलाइंस के तहत अन्जुमन परिसर में अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। रविवार रात को अन्जुमन जमात खाना में महफ़िल ए तकरीर का आयोजन हुआ। जिसमें निम्बाहेड़ा के सभी मस्जिदों के पेश इमाम व कोटा से आयें हुये मौलाना अलामा सईद मुख्तियार साहब ने शिरकत की। हज़रत मोहम्मद साहब की शान में दुरूद, कसीदे, पढ़कर अकीदत पेश की गई।अन्जुमन ईस्लाम कमेटी के सदर शोयब खान ने बताया कि जलसे की शुरुआत कुरआन की तिलावत से की गई। कोटा के मौलाना सईद मुख्तियार साहब ने हज़रत मोहम्मद साहब ने अपनी नूरानी तकरीर में बताया कि मोहम्मद साहब दुनिया मे समाज सुधारक बन कर आये और अमन शांति भाईचारे का पैगाम दिया व चल रही कई परंपरागत बुराइयों को खत्म किया। व औरतो को उचित सम्मान दिलाया। छुआछूत बन्द कराया। नमाज,रोजा, जकात, हज के बारे में बताया। मंगलवार को जश्ने ईदमिलादुन्नबी मनाया जाएगा। तकरीर के दौरान अंजुमन सदर शोएब लाला , नायब सदर ख्वाजा हुसैन, शहर काजी मौलाना आबिद हुसैन, मौलाना युसूफ निजामी, मौलाना फारुक निजामी सहित सभी मस्जिदों के ईमाम साहेबान व अंजुमन मेम्बरान मौजूद रहे।

### कृषि विष्वविद्यालय, जोधपुर को 2.35 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के शुष्क क्षेत्र के किसानों की आजीविका को बढ़ाने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु तथा केर, मोरिंगा तथा नागौरी मैंथी के फल तोड़ाई/कटाई यंत्र बनाने व कटाई उपरांत मूल्य संवर्द्धन के विकास हेतु 2.35 करोड़ रू की परियोजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि विष्वविद्यालय को स्वीकृत हुई। परियोजना के स्वीकृत होने से पारंपरिक खाद्यान्न जैसे केर, नागोरी मैथी तथा मोरिंगा के संरक्षण एवं सवंर्द्धन हेतु बल प्राप्त होगा तथा किसानों को पारपंरिक खाद्यान्न जैसे केर, मोरिंगा तथा नागौरी मैंथी की उत्तम कृषि तकनीक एवं नवाचार अमल मे लाकर अपनी आमदनी बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। परियोजना का कार्य क्षेत्र जोधपुर एवं नागौर जिला रहेगा। डॉ पीयुष प्रधान तथा डॉ सरेष एन वी इस परियोजना का कार्य देखेगें। यह परियोजना पष्चिमी राजस्थान में संचालित की जायेगी तथा इस परियोजना की अवधि 3 वर्ष है। इस अवसर पर कृषि विष्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. बी.आर. चौधरी ने परियोजना स्वीकृत किये जाने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार का आभार प्रकट किया तथा परियोजना का अधिकाधिक लाभ इस क्षेत्र के किसानों तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर की गयी आकर्षक सजावट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**चित्तौड़गढ़ @ इलियास मोहम्मद।** जश्ने ईदमिलादुन्नबी 12 रबी उल अव्वल की पूर्व संध्या पर शहर में कई आयोजन हुए कही तक़रीर व नात ख्वानी हुई तो कहीं कई स्थानों पर समाज की विभिन्न कमेटियों व संस्थाओं के द्वारा फूलों व विद्युतीकरण करके आकर्षक सजावट की गई। शहर के सिपाही मोहल्ला,गांधी नगर कच्ची बस्ती,पावटा चौक व विजय कॉलोनी क्षेत्र में आकर्षक फूलों से विद्युत सज्जा की गई। जिसे देखने के लिए शहर के कई आये इस दौरान कोविड गाइडलाइन का भी पालन किया गया। सोशल डिस्टनसिंग के मद्देनजर ज्यादा भीड़ को अंदर नहीं आने दिया गया।

सिपाही मोहल्ला के जुल्फिकार मुल्तानी ने बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी पैग़म्बर हज़रत मोहम (स.अ.) की पैदाइश की खुशी में मनाया जाता है, इस अवसर पर ईदमिलादुन्नबी की पूर्व पर आशिकाने मिलाद कमेटी द्वारा सिपाही मोहल्ला के चौक में सजावट की गई है। एडवोकेट आरिफ़ अली ने बताया कि सजावट देखने के लिए शहर व उपनगरीय क्षेत्रों भी लोग आ रहे है जिसके लिए उन्हें शोशल डिस्टनसिंग व मास्क का उपयोग करने के लिए भी कहा जा रहा है।

#### गांधी नगर कच्ची बस्ती में कई गयी सजावट

गांधी नगर कच्ची बस्ती में ईदमिलादुन्नबी की पूर्व सन्ध्या पर सजावट की गई। हसनैन नौजवान कमेटी के सदर फरीद खान ने बताया कि, कमेटी के युवाओं द्वारा बस्ती की गलियों में आकर्षक सजावट की इस दौरान कोविड गाइडलाइन कि पालन के लिए युवाओ द्वारा सजावट देखने आने वाले लोगों को मास्क लगाने व सोशल डिस्टनसिंग बनाये रखे की अपील की गई।

#### पुलाव बनाकर घर-घर जाकर किया तक़सीम

शहर के गांधी नगर बस स्टैंड के पीछे कच्ची बस्ती में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर युवाओं द्वारा साडे 3 क्विंटल पुलाव बनाया जिसे कोविड-19 की पालना करते हुए पैकेट बनाकर जरूरतमंदों को घर-घर जाकर वितरण किया।

#### विजय कॉलोनी में की गई सजावट देखने पहुँचे लोग

चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित विजय कॉलोनी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर युवाओं द्वारा आकर्षक सजावट की गई जिसे शहर के उपनगरीय क्षेत्रों से भी लोग उत्साह पूर्वक देखने पहुंचे यहां खाने काबा से लेकर कहीं रोजो की छवियां बनाई गई थी जिसे देखने के लिए लोग आए और प्रफुल्लित होकर सेल्फीयां भी। ली

जिला स्तरीय नेशनल स्टाइल कबड्डी स्पर्धा में एसडी विद्यालय अव्वल

# असफलता ही सफलता की सीढ़ी है-यादव



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कनीना।** एमेच्योर कबड्डी संघ की ओर से एसडी विद्यालय ककराला में महिला एवं पुरुषों की जूनियर व सीनियर वर्ग की जिला स्तरीय नेशनल स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी संघ के प्रधान संजीव तंवर, सचिव कृष्ण श्योराण, नरेश ढिल्लो सन्तराम कोच, प्रदीप कोच व एसडी विद्यालय निदेशक जगदेव यादव, राजेन्द्र यादव, प्रद्यानचार्य औमप्रकाश, सी ई ओ रामधारी व जूडो कोच विवेक, फुटबाल प्रदीप, बॉक्सिंग कोच प्रवीन, कबड्डी कोच सोनपाल सोनू, रतन सिहँ डीईपी एवं राज कुमार डीईपी द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जूनियर सैमीफाइनल लड़को में शिक्षा भारती व जाट, एसडी ककराला व नसीबपूर के बीच खेलें गए। जिसमें सीनियर लड़कों में प्रथम स्थान पर शिक्षा भारती व द्वितीय स्थान पर नसीबपुर टीम विजेता रही और जूनियर लड़कों में प्रथम स्थान पर शिक्षा भारतीय व द्वितीय स्थान पर नसीबपुर टीम विजेता रही। सीनियर सैमीफाइनल में नसीबपुर व जाट, शिक्षा भारती व एसडी विद्यालय ककराला के बीच खेला गया। फाइनल मैच नसीबपुर व शिक्षा भारती के बीच खेला गया। जिसमें शिक्षा भारती विजेता रही। जूनियर लड़कियों का फाइनल मैच एसडी ककराला व सतनाली के बीच खेला गया। जिसमें प्रथम स्थान पर सतनाली टीम रही व द्वितीय स्थान पर एसडी ककराला टीम रही। सीनियर लड़कियों में फाईनल मैच बाबा जोधादास स्पोर्टस एकडमी महरमपूर व एसडी विद्यालय ककराला के बीच खेला गया। जिसमें प्रथम स्थान पर एसडी विद्यालय ककराला व द्वितीय स्थान पर बाबा जोधादास स्पोर्टस एकडमी महरमपुर टीम रही। विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने खिलाडियों की टीम के साथ में उन्होंने कबड्डी संघ, कबड्डी खिलाड़ी व उनके साथ आऐ कोच, अभिभावक तथा ग्रामीण क्षेत्र से आऐ सभी गणमान्य लोगों का विद्यालय में पधारने व सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि भविष्य में इससे अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा लेते हुए अपनी गलतियों में सुधार करना चाहिए। क्योंकि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है, जिस पर नऐ उत्साह, परिश्रम व आत्म विश्वास से आगे बढ़ने की जरुरत है अर्थात सकारात्मक सोच व परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है।

# मेवाड़ में पड़ेगी कड़ाके की सर्दी, छाएगी धुंध

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** इस वर्ष जहां तेज गर्मी और अक्टूबर तक बरसात का असर देखने को मिला है, वहीं अब कड़ाके की ठंड भी असर दिखाएगी। इस बार सर्दी का असर जल्द शुरू हो चुका है वहीं सर्दी का प्रभाव भी ज्यादा होगा। यानी हाड़ कंपाने वाली सर्दी पडने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों की मानें तो सर्दी के साथ धुंध व कोहरे का असर भी इस बार अधिक होने की उम्मीद है।

#### शरद पूर्णिमा से पहले दिखा ठंड का असर

मौसम विज्ञानी प्रो. नरपत सिंह राठौड़ के अनुसार 15 अक्टूबर से अचानक उदयपुर सहित मेवाड़ में सर्दी का असर दिखने लगा है। इसका कारण मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में समय से पहले बर्फबारी, मेवाड़ में अक्टूबर के पहले सप्ताह तक बरसात जिससे हवा में नमी का होना है तथा उत्तर से ठंडी पवनों का असर है। पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी मेवाड़ पर नहीं होगा। इस बार पश्चिमी हिमालय में लगभग 10 दिनों पहले हिमपात हुआ जिससे आचानक ठंड का असर हुआ है, जबकि मेवाड़ में ठंड का असर शरद पूर्णिमा के बाद दीपावली से पहले होता है। वहीं, इस बार मेवाड़ में ज्यादा ठंड एवं कोहरे (धुन्ध) का असर रहेगा।

## विद्युत विभाग के 3 ट्रांसफार्मरों 240 ली. तेल चोरी

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** कोतवाली थानांतर्गत गांवों के खेतों में लगे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने का मामला सामने आया हैं। जानकारी के अनुसार मानपुरा के अजमेर विद्युत वितरण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अवनीश खरे ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट देकर बताया, कि क्षेत्र में ट्रांसफार्मर तोड़फोड़ व चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। सूरजना गांव में खेत में लगे दो ट्रांसफार्मरों में तोड़फोड़ करके अज्ञात उच्चके 180 लीटर तेल चोरी कर लिया, वहीं आछोडा ग्राम में एक खेत में लगे ट्रांसफार्मर से 60 लीटर तेल चोरी कर ले गए। जिस पर विभाग की ओर से कोतवाली थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी हैं। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सहायक उपनिरीक्षक भूर सिंह को सौंपी है।

## जालौर की टीम को अभ्यास के लिए वॉलीबॉल बॉल भेंट कर दी जीत की अग्रिम बधाई

**जालोर/सांचौर @ जागरूक जनता।** 66वीं राजस्थान राज्य सीनियर वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 अक्टूबर 2021 को करोली जिले में होने जा रहा है। जिसको लेकर खिलाड़ियों और शिक्षकों में काफी उत्साह हैं। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां ज़ोर शोर से चल रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जालोर जिले से पुरूष एवं महिला वर्ग की सशक्त टीम का चयन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जगदीश गोदारा ने बताया कि हमारे जालौर जिले की टीम बहुत ही सशक्त टीम एवं जिले की प्रतिनिधित्व करने वाली बालिकाओं को जगदीश गोदारा एवं हिंदू सिंह दूठवा ने वॉलीबॉल बॉल भेंट कर के खेल को खेल एवं सद्भावना से खेलने की भी हिदायत दी और जीत की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर कांग्रेस वरिष्ठ नेता चितलवाना प्रधान प्रतिनिधि हिदू सिंह दुठवा,प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जगदीश गोदारा,पूर्व बीईओ भगवानाराम जी,पंचायत समिति सदस्य पबसिंह हाडेचा,आसुराम गोदारा हाडेचा, युवा नेता महेंद्र माली,अध्यापक प्रवीण खिलेरी, ओम प्रकाश,समेत कई जनप्रतिनिधि एवं सदस्य गण मौजूद थे।

## गरीब एवं आदिवासियों को वस्त्र वितरित





**उदयपुर @ जागरूक जनता।** प्राणीमात्र की सेवा में जुटी मानव कमल कैलाश सेवा संस्थान एवं नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गिर्वा पंचायत समिति के खेजड़ा ग्राम में निःशुल्क वस्त्र वितरण शिविर हुआ। संस्थापक चेयरमैन कैलाश 'मानव' एवं कोषाध्यक्ष कमलादेवी अग्रवाल के सानिध्य में 150 आदिवासी महिलाओं को घाघरा-ओढ़नी, 50 बच्चों को पेंट-शर्ट और 160 जरूरतमंदों को चद्दर बांटे गए। शिविर में साधना अग्रवाल, कुलदिप सिंह, दिलीप सिंह, शांताबाई, सुकान्त, शांतिलाल, राजेन्द्र वैष्णव ने सेवाएं दी।

# अब श्याम नहीं हर्ष संभालेंगे कमान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जालोर।** सरकार की ओर से बुधवार रात प्रदेशभर के पुलिस महकमे में बड़ा फेबदल किया गया। इसमें जालोर जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह का भी तबादला कर दिया गया है। इनके स्थान पर अब हर्षवर्धन अग्रवाला जालोर के जिला पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सम्भालेंगे। पिछले 6 वर्षों में जालोर के 6 पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं, एक को छोड़कर किसी को भी दुबारा लगातार जिला नहीं सौंपा गया है।अब इसे भले ही बॉर्डर की बदनामी का दंश कहे, या फिर भरोसे पर खरा नहीं उतरना, लेकिन वर्ष 2015 के बाद जो भी आईपीएस जालोर का एसपी बनकर आया, उनमें से एक को छोड़कर कोई भी लगातार दुबारा जिले की कमान नहीं ले पाया है। केवल केसरसिंह शेखावत को ही दुबारा लगातार जिले की कमान दी गई, लेकिन उनका भी कार्यकाल जालोर एसपी के रूप में इन छह में से सबसे कम समय का रहा। दरअसल, जालोर जिला गुजरात से सटा है। गुजरात में शराबबंदी है। इस कारण अक्सर अवैध शराब गुजरात पहुंचती है। इस पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती भी है।

#### कुछ बड़ी कार्रवाई की तो कुछ खुलासे बाकी

जालोर पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह ने अपने कार्यकाल में कुछ बड़ी कार्रवाई की तो कुछ खुलासे अभी तक बाकी है। एसपी श्यामसिंह ने उनके कार्यकाल में बजरी माफियाओं पर अंकुश लगाने में काफी हद तक सफल रहे, कुछ घटनाएं ऐसी रही जिनके आरोपियों को तत्काल पकड़ने में कामयाब रहे। अवैध डीजल पकड़ने कार्रवाई, अगस्त महीने में करड़ा थाना क्षेत्र के कोटड़ा के एक घर से साढ़े चार किलो अफीम और 37 लाख नकदी बरामदगी ने भी पुलिस की साख बढ़ाई, लेकिन शंखवाली के बालक लक्ष्मण मीणा समेत आहोर क्षेत्र के कुछ ब्लाइंड मर्डर केस खुलासा करने में विफल रहे है।

#### इन आईपीएस ने संभाली जालोर की कमान

वर्ष 26 जून, 2015 को श्वेता धनखड़ जालोर एसपी के रूप में आई, लेकिन 6 फरवरी को उनका तबादला सीआईडी एसएसबी जोधपुर एसपी के रूप में हो गया। इनके बाद कल्याणमल मीणा जालोर आये, जिनका 8 मई 2017 को 7वीं आरएसी बटालियन भरतपुर में कमांडेंट के रूप स्थानांतरण हो गया। इनके पश्चात विकास शर्मा जालोर एसपी बनकर आये, 8 जनवरी 2019 को इनका भी तबादला हो गया। सूची में शर्मा को चूरू एसपी के रूप में स्थानांतरित किया गया, लेकिन दूसरे ही दिन एक अन्य सूची में उन्हें सीधे जयपुर आयुक्तालय में भेज दिया गया। शर्मा के बाद केसरसिंह शेखावत 9 जनवरी 2019 को जालोर एसपी बनकर आये, लेकिन छह महीने ही नहीं रह पाए और उन्हें हटाकर बांसवाड़ा भेज दिया। इनके बाद हिम्मत अभिलाष टांक 6 जुलाई 2019 को जालोर एसपी बनकर आये, जिनका कार्यकाल दागदार रहा, डोडा तस्करी प्रकरण में उन पर गम्भीर आरोप भी लगे, जिस कारण उन्हें एक साल बाद 6 जुलाई 2020 को हटाकर सीआईडी सीबी जयपुर एसपी लगा दिया गया। इनके बाद श्यामसिंह जालोर एसपी बनकर आये, अब इन्हें 14 वीं आरएसी बटालियन पहाड़ी भरतपुर के कमांडेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### अग्रवाला पहली बार सम्भालेंगे जिला पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी

आईपीएस हर्षवर्धन अग्रवाला पहली बार जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में जालोर एसपी की जिम्मेदारी सम्भालेंगे। मूलतः पश्चिम बंगाल के बीकॉम डिग्रीधारी हर्षवर्धन 29 वर्ष के युवा अधिकारी है। इनका जन्म 20 सितम्बर 1992 को हुआ था और 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी है। सीआईडी सीबी एसपी जयपुर से इनका तबादला जालोर एसपी के रूप में हुआ है। इससे पहले हर्षवर्धन राज्यपाल के परिसहाय (एडीसी), अजमेर दक्षिण और ब्यावर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

ANCHOR

जेके आईटी में डॉ. कलाम की 90 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित

# डॉ. कलाम का स्मपूर्ण जीवन प्रेरणा का प्रकाश पूंज-डॉ. नाहर

### डॉ. कलाम शिक्षित भविष्य को साकार स्वरूप प्रदान करने सदैव तत्पर रहे - युवा उद्योगपति शारदा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**निम्बाहेड़ा।** भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 90 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में यदुपति सिंघानियां इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के सभाहाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति आयोजन समिति के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमल नाहर की अध्यक्षता, उद्योगपति पीयुष शारदा, जेके आईटी के अधीक्षक केएल जोशी, ग्रामीण एकता मंच संयोजक सुरेश झंवर, उबेद खान, अय्यूब खान के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नाहर ने डॉ. कलाम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. कलाम का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणा का प्रकाश पूंज है, गरीब परिवार में जन्म लेने वाले डॉ. कलाम में संघर्ष और परिश्रम के साथ जो मुकाम हासिल किया है, ऐसे मुकाम पर बिरले ही पहुंच पाते है। उन्होने कहा कि विवादित परिस्थितियों, राजनैतिक धर्म साम्प्रदायिकता से परे हटकर अपना जीवन राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत व सशक्त बनाने में समर्पित कर दिया। डॉ. कलाम शिक्षित भविष्य की कल्पना को साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहे, यही वजह रही कि वे राष्ट्रपति पद से निवृत होने के बाद शिक्षक के रूप में देश के भविष्य को निखारने के लिए जुट गए थे। मुख्य अतिथि शारदा ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन की सफलता एवं लक्ष्यो को हासिल करने के लिए शिक्षा के साथ साथ डॉ. कलाम के आदर्शो व सिद्धांतो को अपनाने की जरूरत है, शिक्षित युवा ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जा सकते है। विशिष्ट अतिथि खान, झंवर ने भी कलाम के आदर्श जीवन पर सारगर्भित विचार व्यक्त कर आगे बढने का आव्हान किया। डॉ. कलाम द्वारा शिक्षा कार्यो को लेकर उल्लेखित शपथ दिलाई। प्रारंभ में जेके आईटी के अधीक्षक जोशी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि जेके द्वारा डॉ. कलाम के शिक्षा विजन को अंगीकार करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए है। उन्होने कहा कि जेके आईटी के माध्यम से आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढावा देने के लिए ही निम्बाहेड़ा जैसे स्थान पर आईटी की स्थापना की गई, जिसके माध्यम से सैकडो विद्यार्थी लाभांवित हो रहे है, इतना ही नही जेके आईटी से निकले लगभग 3 हजार विद्यार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रो में कार्यरत होकर अपनी प्रतिभा से देश की सेवा कर रहे है। जेके आईटी के छात्र भाभा एवं इसरो में कार्य कर नगर को गौरान्वित कर रहे है।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व अतिथियों ने डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया। डॉ. कलाम स्मृति आयोजन समिति के अध्यक्ष अशरफ मेव, निशांत अग्रवाल, तालिब अहमद, एसएस अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। जेके आईटी के उपप्राचार्य जीएल व्यास, लोकेश सेन, दशरथ कुमार टांक, मनीष बुनकर, विकास गायरी, हिम्मत सुथार, शुभम चौधरी, जोधसिंह सिराज खान, सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन योगेश माथुर ने किया। कोरोना गाईड लाईन की पालना में कार्यक्रम का समापन हुआ।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta


# नशाखोरी में कई राज्य अव्वल, राजस्थान भी बदनाम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुंबई में क्रूज से बरामद ड्रग केस के बाद एक बाद फिर देश भर में नशे को लेकर चर्चा बढ़ गई है। जितनी तेजी से नशे ने राज्यों में पैर पसारना शुरु किया है उतनी तेजी से ही तस्करी भी बढ़ गई है। बड़ी बात ये है कि नशा लोगों की जिंदगी बर्बाद कर रहा है लेकिन इसका सबसे ज्यादा खामियाजा राजस्थान भुगत रहा है। यहां जिंदगी बर्बाद तो हो ही रही है साथ ही नशे के कारण जानें भी जा रही है। देश में नशाखोरी के चलते मौतों के मामले में राजस्थान सबसे आगे है। शर्मसार करने वाले ये आंकडे यहीं नहीं थम रहे हैं, ये तेजी से बढ़ रहे हैं।

### नशे से सबसे ज्यादा नुकसान राजस्थान को, तीन सौ से ज्यादा मौतें सिर्फ तीन साल में

नशे के चलते कर्ज होना, बर्बाद होना जैसे मामले तो कई सामने आए लेकिन इनसे भी ज्यादा बड़े मामलों में राजस्थान देश में बदनाम हो गया। एनसीआरबी रिकॉर्ड के अनुसार साल 2017- 18 और 2019 में 2300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। शर्म की बात ये है कि इनमें सबसे ज्यादा 338 लोग राजस्थान के है। उसके बाद कर्नाटक 239 और उत्तर प्रदेश 236 का नंबर आता है। जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से सत्तर फीसदी की उम्र बीस से पचास साल के बीच है।



### भांग ए अफीम और गांजे ने कर दिया राजस्थान को बदनाम

**हाल** ही में एनसीआरबी ने रिकॉर्ड जारी किए हैं। साल 2020 में नशा पिछले सालों की तुलना में बढ़ा है। पिछले साल अधिकतर समय लॉकडाउन में गुजरा उसके बाद भी देश में पकड़ी गई 13 लाख 70 हजार किलो प्रतिबंधित दवाएं और ड्रग पकडी गई है। तीन लाख किलो अफीम युक्त नशा पकडा गया देश भर में जिनमें मॉरफिन, हेरोईन और पॉपी हस्क जैसी ड्रग शामिल हैं। आठ लाख 50 हजार किलो से ज्यादा भांग युक्त नशा बरामद किया गया है जिसमें गांजा, भांग, सुल्फ, हशीश और चरस शामिल हैं। इनके साथ ही पांच हजार तीन सौ किलो से ज्यादा फिजियोएक्टिव ड्रग भी बरामद की गई हैं जो दिमाग पर सीधे करते हैं असर और अवेचतन मन पर काबू करते हैंए इनमें केटोमाइन, मेटापेटोमाइन समेत अन्य ड्रग शामिल हैं। 82 हजार किलो से ज्यादा मेडिसिनल दवाएं और इंजेक्शन भी बरामद कि गए हैं जो दवा की पर्ज्ची के बिना मिलना मुश्किल हैं। ये बरामदगी तो पूरे देश की है लेकिन इनमें तीन राज्यों का बड़ा योगदान है। इनमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश और एमपी का नंबर है। राजस्थान और उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा गांजे, अफीम और डोडा की तस्करी होती है। साथ ही पाकिस्तान के रास्ते राजस्थान और अन्य राज्यों में हेरोईन का जाल भी बिछाया जाता है। इसी साल गंगानगर, बीकानेर, बाडमेर से हेरोईन बरामद करने के दस से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। यूपी, एमपी और राजस्थान में अफीम की खेती के लिए करीब पचास हजार से ज्यादा लाइसेंस जारी किए गए हैं और इसके अलावा करीब एक लाख से ज्यादा जगहों पर अवैध तरीके से इसकी खेती की जाती है।

डेंगू का कहर :19 दिन में 6790 से भी ज्यादा केस आए

# चिकित्सा अधिकारियों की छुट्टियां रद्द, कंट्रोल रूम खुलेंगे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया समेत अन्य मौसमी बीमारियों ने कहर मचा रखा है। अस्पतालों में ओपीडी के साथ-साथ आईपीडी में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए मंगलवार को चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने प्रदेश के सभी चिकित्सा, स्वास्थ्य अधिकारियों और विभाग से जुड़े अधिकारियों संग बैठक कर इसे कंट्रोल करने पर चर्चा की। साथ ही, मंत्री ने अगले आदेशों तक सभी जिलों के चिकित्सा अधिकारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है।

अक्टूबर में अब तक राजस्थान के 33 में से 30 जिलों में 6790 से भी ज्यादा डेंगू के केस मिले हैं। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हर जिले में ओपीडी में मरीजों की लम्बी लाइनें लग रही हैं।

# मोदी से मिले शाह, कश्मीर की स्थिति की दी जानकारी

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** देश में सुरक्षा स्थिति की व्यापक समीक्षा करने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें जम्मू कश्मीर में चुनिंदा वर्गों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा से उत्पन्न हालात सहित आंतरिक सुरक्षा से संबंधित आंकलन से अवगत कराया। जम्मू कश्मीर में आम नागरिकों को निशाना बनाये जाने की घटनाओं के बाद से सक्रिय केन्द्रीय गृह मंत्री ने सोमवार को ही गुप्तचर ब्यूरो मुख्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में करीब छह घंटे तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक अरविंद कुमार के साथ साथ विभिन्न राज्यों के पुलिस महानिदेशकों, पुलिस महानिरीक्षकों अर्द्धसैनिक बलों के प्रमुखों के साथ साथ देश में और विशेष रूप से जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की व्यापक समीक्षा की थी।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

Arvind
Raymond
FABRIC FOR SHIRTS
TROUSERS, SUITS, JACKETS
KURTA & PAYJAMA
DESIGN & CUSTOM
TAILORING
ALSO AVAILABLE
G-16-17, Vrindavan Complex
Central Spine
Vidhyadhar Nagar, Jaipur
Mo. : 9828084878
Ph. : 0141-2339890



9649981711, 9649829804
युवराज फर्नीचर हाऊस
एल्युमिनियम के दरवाजे, प्लास्टिक के दरवाजे
किचन कैबिनेट
वॉलपेपर
एल्युमिनियम पार्टिशन
PVC फॉल सीलिंग
सभी प्रकार की लकड़ी का संतोषजनक कार्य भी किया जाता है
बी-180, जे.पी. कॉलोनी, 16 नं. बस स्टैण्ड, आरपीए रोड, विद्याधर नगर, जयपुर

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com


Computer Paradise
Desktop / Laptop / Printer Sale & Service
All Type Accessories • Antivirus Software
Toner Cartridge Refilling • Computer Peripherals
hp lenovo acer intel Tally Canon EPSON DELL
Bhupendra Singh Tanwar
computer.paradise@hotmail.com
9352566707
G-3, Plot No. B-23, L. S. Nagar, Naya Khera, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302039

अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
कीमत का 150%
तक लोन करवायें...
IDFC FIRST Bank
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
MAGMA
TATA CAPITAL We only do what's right for you
HeroFinCorp.
sk FINANCE
Mahindra Finance
HDFC BANK We understand your world
*केवल जयपुर के लिए
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available
शर्तें लागू

मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार



# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

आश्विन, पक्ष - शुक्ल, तिथि - पूर्णिमा, संवत 2078 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-34, 20 अक्टूबर - 26 अक्टूबर, 2021 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

जागरूक जनता

www.jagrukjanta.com

विश्वसनीय समाचार पत्र

## जो दिखेगा वही बिकेगा

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

## आज ही बुक करें विज्ञापन





## आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्पले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

हिन्दुस्तान जिंक के चंदेरियाप्लान्ट में आपदा प्रबंधन का पूर्वाभ्यास

# ज़िंक में आपात स्थिति पर मुस्तैदी से पाया काबू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान ज़िंक के चंदेरिया संयंत्र में हाइड्रो वन एसिड प्लांट में डीटी टॉवर के पास डक्ट से गैस लिकेज होने की सूचना और उसमें दो कर्मचारियों के बेहोश होने की जानकारी दी गयी। सूचना मिलते ही जिंक प्रशासन एवं जिला प्रशासन ने तुरन्त हरकत में आकर बचाव एवं स्थिति पर काबू पाने की उपयुक्त तथा त्वरित कार्यवाही शुरू की। भारत सरकार के नेशनल डिजास्टर मेनेजमेंट ऑथोरिटी के तहत् हिन्दुस्तान जिंक की इकाई चन्देरिया लेड जिंक स्मेल्टर में हाइड्रो 1 में ऑफ़साइट इमरजेंसी रेस्पोन्स ड्रील किया गया। प्रातः 10.16 बजे सबसे पहले गैस लिकेज़ की सूचना पर जिंक प्रशासन की फायर ब्रिगेड एवं एम्बूलेंस के साथ रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच तुरन्त बचाव एवं नियंत्रण की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड सी.चंद्रु के निर्देशन में पायरों यूनिट हेड कमोद सिंह ने रेस्क्यू एवं कंट्रोल रूम पहुंच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं जिला प्रशासन को सूचित किया। सीपीपी हेड एवं कारखाना प्रबंधक मानस त्यागी, अमित सुराण यूनिट हेड ,एसबीयू रोस्टर हेड दीपक विल्सन एवं इंचार्ज गौरव विजय ने मौके पर पहुँच कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये। इसी बीच मॉकड्रील के तहत् वहां मौजूद कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला एवं लीकेज़ पर काबू पाने के लिए कारखानें में उपलब्ध संसाधनों स्प्रींकलर सिस्टम, फायर ब्रीगेड, फायर हाईड्रेन्ट मोनिटर से पानी का क्लाउड बनाकर सल्फर डाइ ऑक्साइड को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। बाहरी सहायता मिलने से पूर्व ही जिंक प्रशासन द्वारा स्थिति पर काबू पा लिया गया। इस बीच सबसे पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत सिंह देवल, गंगरार पुलिस थानाधिकारी शिवलाल मीणा, उपअधीक्षक गंगरार शाहना खानम मौके पर पहुंचे एवं स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया एवं आपातकाल पर काबू पाने के लिये हिन्दुस्तान ज़िंक की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि घटना की सूचना के साथ ही आवश्यक सहायता की जानकरी देने और समय समय पर आस पास के उद्योगों के साथ इस हेतु नियमित चर्चा से बेहतर सामंजस्य से सहयोग को सुनिश्चित करने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने ज़िंक अधिकारियों से संपूर्ण जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिये। पुठोली प्राथमिक चिकित्सालय से चिकित्सक दल, गंगरार तहसीलदार नरेश गुर्जर, चंदेरिया थाना अधिकारी अनिल जोशी, बिरला सीमेंट, नगर परिषद की फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, मय दल पुलिस जाब्ता, सांवलिया चिकित्सालय से एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे। हिन्दुस्तान ज़िंक के सेफ्टी हेड आदित्य सिंह ने अधिकारियों को सारे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी एवं मॉकड्रील को संचालित किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मॉक ड्रील को सराहनीय एंव सफल बताते हुए किसी भी आपदा की स्थिति में उद्योग तत्परता से प्रबंधन एंव बचाव राहत के कार्य करने हेतु निर्देशित किया। मॉक ड्रील के दौरान आईओसीएल के टर्मीनल सेफ्टी ऑफिसर दीप्ति मूंदड़ा, चंदेरिया स्मेल्टर की सेफ्टी टीम से जय प्रकाश चंदेरिया, दीपक पटेल, मीनाक्षी कुमावत, जीवीतेश उपाध्याय, छायांक देशमुख प्रोसेस साईट, सिक्योरिटी से सुरक्षा अधिकारी पदमलोचन एवं हरीप्रताप ने मुस्तैदी से आपातकालीन स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग किया।

अरिहंताणं रक्त सारथी संस्थान के बैनर तले हुआ शिविर का आयोजन

# उत्साह से महिलाओं के साथ युवाओं ने किया रक्तदान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीनमाल-** अरिहंताणं रक्त सारथी संस्थान की ओर से नाहर ब्लड बैंक सेंटर भीनमाल में रक्त दान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कस्बे के वाशिंदों ने रक्तदान करने में भारी उत्साह दिखाया। अरिहंताणं रक्त सारथी संस्थान की ओर से भीनमाल में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिला व पुरुषों ने बढ चढकर भाग लिया।

अरिहंताणं रक्त सारथी संस्थान के सचिव टीकमाराम भाटी ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को सफल बनाने में कई सदस्यों ने दिन रात मेहनत की। संस्थान की ओर से भीनमाल में यह पहला रक्तदान शिविर था, लिहाजा कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह नजर आ रहा था। संस्थान के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसका परिणाम यह निकला कि रविवार सुबह शिविर 9 बजे शिविर शुरू होने से पहले ही आयोजन स्थल पर रक्तदान करने वालों की भीड़ जमा होने लग गई तथा दोपहर 3 बजे तक कैंप में रक्तदाताओं का तांता लगा रहा। शिविर में रक्तदान के लिए नवयुवकों के साथ-साथ महिलाओं ने भी खासा उत्साह दिखाया।

अरिहंताणं रक्त सारथी संस्थान के अध्यक्ष जैन कैलाशकुमार मुंथा ने बताया कि लोगों में डेंगू की बीमारी बढ़ने के कारण इमरजेंसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि एक रक्तवीर के रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को प्रति तीन माह में एक बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनुराज गुप्ता, काउन्सलर सतपाल विरट, सहयोगी गणपत वर्मा, महेंद्र कुमार, अरिहंताणं संस्थान के कोषाध्यक्ष मनोज सेन की सेवाएं अनुकरणीय रही। इस अवसर पर गोरखाराम हेंगड़े, रविन्द्र रोहिन, शेजल कुमारी जैन, नंदिरा कुरेशी, विक्रम सोनी, वचनाराम भाटी, रमेश रोहिन, मोहम्मद इल्यास, श्रवण सैन, अर्जुन बोस, तेजराज भाटी, विकास जैन, ओखाराम बोस, प्रवीण जैन, अब्दुल खान, नीलेश जैन, पुष्पेन्द्र सिंह, हैदर खान, घेवाराम सहित कई रक्तवीर उपस्थित थे।

## जागरूक खबरें

### पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने मुख्य सचिव निरंजन आर्य को दिया ज्ञापन



**चोमू @ जागरूक जनता।** पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी आज शासन सचिवालय, जयपुर में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव निरंजन आर्य से मिले। पूर्व विधायक सैनी ने मुख्य मांगों को लेकर मुख्य सचिव आर्य को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने ज्ञापन में मांग कि ग्राम पंचायत सामोद में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित विज्ञान संकाय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थानांन्तरित किया जाए। क्योंकि राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सामोद को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तन कर दिया गया है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राधास्वामी बाग चौमूं, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिकुटिया, मोरीजा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रोलानियों की ढाणी, इटावा-भोपजी राजकीय विद्यालय में भी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोली जावे। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने पूर्व विधायक सैनी को कहा कि मांगों को लेकर जल्द ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

### कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत एवं संगठन के पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित



**जालोर @ जागरूक जनता।** जालोर।अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई के आदेशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस सेवा दल के प्रभारी विष्णु शर्मा जी प्रकाश भर्तियां एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के निर्देशानुसार कांग्रेस सेवा दल के विधानसभा स्तर ,ब्लॉक स्तर, एवं नगर इकाई के स्तर के अध्यक्ष, एवं संगठन के पुनर्गठन व अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल की ओर से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी कांग्रेस सेवा दल की सदस्यता अभियान सेवादल चला गांव गली ज्वाइन सेवा दल अभियान के तहत आज रानीवाड़ा विधानसभा की बैठक पूर्व उपमुख्य सचेतक रतन देवासी जी के निर्देशन में कांग्रेस कार्यालय रानीवाड़ा में राजस्थान कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव वं जिला प्रभारी कमलेश रावल व आनंद पवार की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष पुखराज बिश्नोई की अध्यक्षता व विधानसभा प्रभारी मांगीलाल गर्ग की विशिष्ट अतिथि में आयोजित की गई , बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार रानीवाड़ा आने पर जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई का कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया, बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई जिले की पांचों विधानसभा में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर 4000 कांग्रेस सेवा दल के सरि य सदस्य बनाने के लिए सदस्यता अभियान की विधिवत शुरुआत रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में की गई बैठक में संगठन के नए गठन के लिए रूपरेखा तय कर आगामी आने वाले दिनों में रानीवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष एवं ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की बहुत ही जल्द घोषणा कर दी जाएगी एवं इस सदस्यता अभियान को एक मिशन के रूप लेकर बहुत ही जल्द जिले को दिए गए 20,000 सरि य कार्यकर्ताओं से जोड़ना को पूर्ण किया जाएगा बैठक में पूर्व प्रधान एवं जिला परिषद सदस्या रमिला मेगवाल, रानीवाड़ा उप प्रधान महादेवाराम देवासी, पंचायत समिति सदस्य सांवलाराम राणा, डी सी सी निवर्तमान सचिव अम्बालाल चितारा, सेवाड़ा सरपंच अमरसिंह जांगू, सुरजवाडा सरपंच कृष्ण राजपुरोहित, गांग सरपंच राधेश्याम चौधरी, युका विधानसभा अध्यक्ष रमेश सारण, सेवादल पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामकिशन विश्नोई, रमेश कटारिया, चंदनसिंह सोलंकी, बलवंताराम कोली, नरपत मेगवाल, गिरधारीलाल देवासी, गणेश देवासी करडा, हरिगाराम विश्नोई, राजुराम मांजु, किशनलाल विश्नोई,केशाराम गोदारा, मसरूराम देवासी, शैतानाराम डुडी, जगदीश, खंगाराराम विश्नोई राजीव नगर, कांग्रेस सेवा दल के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे, बैठक को जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई, जिला प्रभारी कमलेश रावल, आनंद पंवार, प्रभारी मांगीलाल गर्ग, पूर्व प्रधान रमीला मेगवाल, सरपंच कृष्ण राजपुरोहित ने संबोधित किया, बैठक का संचालन निवर्तमान जिला सचिव अम्बालाल चितारा ने किया

जागरूक जनता
jagrukjanta.com
फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# प्रदेश में 23 और 24 को फिर से होगी बारिश, 5 जिलों में अलर्ट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में दो दिन झमाझम के बाद फिर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके चलते 23 और 24 अक्टूबर को पांच जिलों में बारिश होगी। मौसम विभाग की माने तो 19 से 22 अक्टूबर तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। उधर, पिछले दो दिन के भीतर राजस्थान के कुछ जिलों में ही तेज बारिश के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है और किसानों ने मुआवजे की मांग भी की है। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक आर.एस. शर्मा ने बताया कि दो से तीन दिन तक जारी पश्चिमी विक्षोभ का असर पूर्ण रूप से समाप्त हो चुका है। चार दिन बाद फिर से पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा और बीकानेर, हनुमानगढ़, जोधपुर, गंगानगर और चूरू में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। इसके अलावा बाड़मेर के भी कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना बन रही है। पूर्वानुमान जताया जा रहा है कि 23 व 24 को हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। लेकिन एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना भी जताई जा रही है।



### 19 जिलों में सामान्य से कम तापमान

राजस्थान में दो दिन तक हुई अच्छी बारिश के चलते 19 स्थानों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो पिलानी का तापमान 23.9 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 10.3 डिग्री कम है। इसी प्रकार अलवर का तापमान सामान्य से 9.4 डिग्री गिरकर 24.6 डिग्री, सवाईमाधोपुर 8.3 डिग्री गिरकर 26.3 डिग्री दर्ज किया गया है। उधर, प्रदेश के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अधिकतर जिलों का तापमान सामान्य से ज्यादा रहा।

### बढ़ रहे मौसमी बीमारियों के मरीज

मौसम के बदलते मिजाज के कारण मौसमी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। वहीं डेंगू व मलेरिया के मरीजों की तादाद में भी काफी इजाफा हुआ है। इस बदले मौसम ने सर्दी-जुकाम के मरीज भी बढ़ा दिए हैं। खासकर छोटे बच्चों में इस तरह के लक्षण काफी देखने को मिल रहे हैं। अस्पतालों में ओपीडी में इन दिनों मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। निजी अस्पतालों की हालत तो यह है कि एक बैड पर तीन-तीन मरीज लेटा रखे हैं।

जयपुर शहर की पेयजल व्यवस्था में सुधार की कवायद

# शहर के 24 सब डिवीजन में जाकर इंजीनियर लेंगे फीडबैक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर शहर जलदाय विभाग के अधिकारी अब वर्षों से ओएंडएम ठेकेदारों के भरोसे चल रही जयपुर शहर की पेयजल व्यवस्था को पटरी पर लाना चाहते हैं। इसके लिए इंजीनियर अपने एयर कंडीशन कमरों को छोड़ जयपुर शहर के नार्थ व साउथ सर्कल के सभी 24 सब डिवीजनों में पहुंच कर सुबह पेयजल सप्लाई के लिए पंप चलाने वाले,लीकेज सुधारने वाले व अन्य तकनीकी कर्मचारियों से सीधा संवाद कर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए फीडबैक लेंगे।

जानकारी के अनुसार 20–21 अक्टूबर को नार्थ सर्कल के अधीक्षण अभियंता अजय सिंह राठौड़ व उनकी टीम सर्कल के सभी 12 सब डिवीजनों में जाएगी और इन तकनीकी कर्मचारियों से एक घंटे तक संवाद कर पेयजल व्यवस्था में सुधार को लेकर फीडबैक लेगी । इसी तरह से साउथ सर्कल के अधीक्षण अभियंता नितिन जैन और उनकी टीम भी 22–23 अक्टूबर को सब डिवीजनों में जाकर इसी तरह फीडबैक लेगी। बैठकों में जेईएन और एईन भी मौजूद रहेंगे।

### यह लिया जाएगा फीडबैक

- शहर की पेयजल व्यवस्था कैसे सुधरे
- पेयजल लाइनों के लीकेज की समस्या का समाधान क्या हो
- जितना पेयजल सप्लाई हो रहा है उसके अनुरूप कैसे राजस्व कैसे जुटाया जाए
- जितना पानी टंकी में भरा गया और कितना खर्च हुआ इसका सटीक आंकलन कैसे हो

सोमवार को सुबह 10 बजे एसई नॉर्थ के कार्यालय में भी इसी तरह की बैठक रखी गई। लेकिन 11 बजे तक एक भी तकनीकी कर्मचारी वहां नहीं पहुंचा। कर्मचारियों का कहना था कि कर्मचारियों को बुलाया गया लेकिन अधिकारी वहां नहीं मिले।

जयपुर शहर की पेयजल व्यवस्था में अभी काफी सुधार की गुंजाइश है। हम पहले ग्राउंड स्तर से फीडबैक लेना चाहते हैं। पता तो चले कि आखिर गड़बड़ी किस स्तर पर हो रही है।

**- मनीष बेनीवाल,** अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर शहर

# रामलाल शर्मा ने ली उपखंड अधिकारियों के साथ मीटिंग



**चौमूँ @ जागरूक जनता।** जयपुर रोड स्थित उपखंड कार्यालय में विधायक रामलाल शर्मा ने चौमूँ उपखंड के अधिकारियों के साथ मीटिंग ली। चौमूँ विधानसभा में मौसमी बीमारी डेंगू के बढते खतरे को देखते हुए इसकी रोकथाम और जागरुकता के लिए उपखंड अधिकारी राहुल जैन और चिकित्सा अधिकारीयों के साथ उपखंड कार्यालय में मीटिंग हुई। मीटिंग में डेंगू बीमारी की रोकथाम पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर ब्लॉक सीएमएचओ एसके चोपड़ा, विकास अधिकारी सहित कालाडेरा, गोविंदगढ़ और चौमूँ चिकित्सा प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## प्रेसक्लब अध्यक्ष मीणा ने की मुख्यमंत्री गहलोत से मुलाकात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा के नेतृत्व में मंगलवार को सीएमआर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को प्रेस क्लब स्थापना दिवस पर आने का न्योता दिया और पत्रकारों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। सबसे पहले प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित कार्यकारिणी साथियों का परिचय कराते हुए प्रेस क्लब की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव रामेंद्र सोलंकी, उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष डीसी जैन, कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज गुर्जर, मांगी लाल पारीक उपस्थित रहे।

## ईद ए मिलादुनबीः मरीजों को किये फल वितरीत



**चोमू @ जागरूक जनता।** शहर मे मुस्लिम समुदाय की ओर से मंगलवार को ईद ए मिलादुनबी का त्योहार मनाया गया। कोरोना संक्रमण के चलते मुस्लिम समुदाय के लोगो ने ईद ए मिलादुनबी पर मरीजो को फल व शरबत खीर आमजन को वितरीत किये। दिलशाद गोरी ने बताया की हिंदू मुस्लिम भाईचारे आपसी सौहार्द प्रेम भावना के प्रतीक त्योहार पर शहर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मरीजो को फल वितरीत किये गये। ईद ए मिलादुनबी के मोके पर एसडीएम राहुल जेन ने बताया की इस तरह के प्रोग्राम होते रहने चाहिए जिससे शहर में आपसी भाईचारा व सौहार्द बना रहे। कार्यक्रम में एसडीएम राहुल जैन, सहायक पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र सिंह निर्वाण, थानाप्रभारी हेमराज मूँड़, डॉक्टर अनिल कुमार सेन, प्रवीण सैनी, राहुल शर्मा, गोलू शर्मा, समाजसेवी प्रेमसिंह सोलंकी, पुलिस मित्र नरेंद्र कुमार सोनी, हाजी इसलाम रफिक नागोरी, दिलशाद गोरी, शमशेर पठान ,माहिर गोरी, साजिद, मुकद्दर अगवान, फारूख गोरी, शरीफ,व मुमताज सहित लोग मोजूद रहें।

ANCHOR | खादी व ग्रामोद्योग आयोग दे रहा प्रशिक्षण

# देश को प्रदेश सीखा रहा गोबर का पेंट बनाना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खादी व ग्रामोद्योग आयोग राजस्थान ना सिर्फ अपने प्रदेश बल्कि अब पूरे देश को गोबर के वैदिक पेंट का प्रशिक्षण दे रहा है। जिसके चलते पूरे देश में 18 यूनिट लगने जा रही हैं। इसके अलावा जयपुर और नीमराना निजी संस्थान को तकनीकी हंस्तातरण के तहत दो यूनिट लगा जा रही हैं। गोबर का वैदिक पेंट इस कदर पसंद किया जा रहा हैं कि महज इतने कम समय में 15 लाख लीटर से भी ज्यादा इसकी बिक्री हो चुकी है। हानिकारक रहित रसायनों के उपयोग से गाय के गोबर से पेन्ट बनाया जा रहा है जो घर–भवनों की रंगाई पुताई के अलावा सभी तरह के मेटल और लकड़ियों पर किया जा सकता है। वर्तमान में राजस्थान में जयपुर के कुप्पारपा खादी प्लाजा झालाना संस्थानिक क्षेत्र और जोधपुर में वैदिक पेंट की बिक्री हो रही है।




इसके अलावा जयपुर व नीमराना में इसकी यूनिट स्थापित की जा रही है।

### 680 लोगों ने ली ट्रेनिंग, मानकों पर खरा

महज एक साल में देश के 680 लोग इस वैदिक पेंट को बनाने की ट्रेनिंग जयपुर स्थित कुमारप्पा राष्ट्रीय हाथ कागज संस्थान से ले चुके हैं। संस्थान की ओर से तैयार किया गया यह पेन्ट राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप है। इस पेन्ट की थिकनेस, स्मूथनेस, और ब्रश पर चलने जैसे तमाम मापदंडों के लिए राष्ट्रीय स्तर की सरकारी व प्रतिष्ठित निजी लैब में इसका परीक्षण कराया जा चुका है। जहां यह पेन्ट सभी मानकों पर खरा उतरा है।

### 18 निजी संस्थान को तकनीकी हंस्तातरण

खादी व ग्रामोद्योग आयोग राज्य निदेशक बद्रीलाल मीणा ने बताया कि जयपुर स्थित ट्रेनिंग सेंटर से सीखकर जाने के बाद देश में अभी 18 यूनिट लगाई जा रही हैं। इसके तहत डीलरशिप का आवंटन भी कर दिया है। निदेशक मीणा ने बताया कि अभी त्योहारी सीजन को देखते हुए 30 प्रतिशत का ट्रेड डिस्काउंट दिया है। इसके अलावा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खादी के आउटलेट पर 10 प्रतिशत की छूट के साथ इस पेंट की सेल हो रही है। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्दृेश है कि हर गांव तक रोजगार पहुंचे और हर गौशाला को आर्थिक संबंल मिल सके। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यर्‍ म के तहत फीसदी की सब्सिडी का प्रावधान है।

### राजस्थान सिखा रहा है पूरे देश को गोबर का पेंट बनाना, अब तक लाखों लीटर बिका...

वर्तमान में कुमारप्पा राष्ट्रीय हाथ कागज संस्थान को सेंटर फॉर एक्सीलेंस बनाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन टीम के दृवारा इसका पुर्ननिर्माण किया जा रहा है। इसके लिए एमएसएमई मंत्रालय से प्रतिनिधि मंडल दौरा कर रहे हैं। इस संस्थान को उच्चतम गुणवत्ता का बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

### देश का एकमात्र स्थान

कुमारप्पा राष्ट्रीय हाथ कागज संस्थान देश का एक मात्र प्रशिक्षण केंद्र हैं जहां कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए गोबर के वैदिक पेंट बनाने और उसकी ईकाई लगाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं कि यहां ट्रेनिंग के लिए नंबवर तक के बैच की सीटें भर चुकी हैं।

## जागरूक खबरें

### पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा 'दशहरा साहित्यिक महोत्सव' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा पावन पर्व दशहरा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन "दशहरा साहित्यिक महोत्सव" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'अच्छाई की ताकत' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा सच्चाई और अच्छाई की ताकत पर आधारित अपनी बेहतरीन रचनाओं को प्रस्तुत कर लोगों को सदा सच्चाई और अच्छाई का साथ देने के लिए प्रेरित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन "पुनीत सर्वोत्तम रचनाकार" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समूह द्वारा आयोजित "लघु ई-पुस्तक रचना कार्यक्रम" में शामिल होकर 'सोच का सागर' नाम की लघु ई-पुस्तक की रचना करने के लिए मीता लुनिवाल (जयपुर, राजस्थान) को विशेष तौर पर ऑनलाइन "पुनीत कलम गौरव" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने सभी देशवासियों को पावन पर्व दशहरा की शुभकामनाएं दी और महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने समूह द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए हिंदी रचनाकारों को सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम सरोज कंचन, डॉ. ऋतु नागर, डॉ. सुधा मिश्रा, प्रतिभा तिवारी, पल्लवी सिन्हा, डॉ. उमा सिंह बघेल, मुकेश बिस्सा, मीता लुनिवाल रचनाकारों के रहे।

### जन हित के कार्य समय पर पूरे हो-राठौड़



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला विकास समन्वय एंव निगरानी समिति (दिशा) की बैठक यहां जिला कलक्ट्रेट सभागार में सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड की अध्यक्षता और सांसद रामचरण बोहरा की सहअध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला प्रमुख रमा देवी और जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकगण मौजूद थे। जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बैठक के आरम्भ में जिले के सभी अधिकारियों का परिचय करवाया। बैठक में जल जीवन मिशन योजना, प्रधान मंत्री ग्रामीण सडक योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वैक्सीनेशन सहित जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने कहा कि जनहित के कार्य समय पर पूरे किये जाने है आवष्यक है। सांसद रामचरण बोहरा ने जिले चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। जिला प्रमुख रमा देवी ने इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रधानगण को बुलाये जाने का सुझाव दिया। जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों निर्धारित समय में निर्धारित प्रारूप में जनप्रतिनिधीगण को सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देष दिये।

### नगर निगम हैरिटेज एवं ग्रेटर में टाउन वेण्डिग कमेटी के सदस्यों के चुनाव, 26 अक्टूबर तक पेश कर सकते है आपत्तियॉ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज के अन्तर्गत टाउन वेण्डिग कमेटी में प्रतिनिधित्व के लिये कुल 10-10 सदस्यों (तीन-तीन महिला सदस्य अनिवार्य) का चयन किया जाना है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट-उत्तर एवं नगर निगम (हैरिटेज) चुनाव अधिकारी श्री बीरबल सिंह ने बताया कि 26 अक्टूबर तक दावे एवं आपत्तियॉ जयपुर हैरिटेज के लिये कार्यालय समय में हैरिटेज मुख्यालय पर कमरा नम्बर-139 एवं नगर निगम ग्रेटर के लिये दावे एव आपत्तियां 26 अक्टूबर को ही नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर कमरा नम्बर-एसई 104 पर पेश किये जा सकते है।

### रक्तदान शिविर में 263 यूनिट रक्त एकत्रित



**चौमू @ जागरूक जनता।** शहर के रींगस रोड स्थित गणेश गार्डन में सोमवार को स्वर्गीय मुकेश कुमार सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में चौमू विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, एमजेएफ कॉलेज के चेयरपर्सन कैलाशराज सैनी, सैनी समाज तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, आरएलपी नेता छुट्टन यादव, कांग्रेस नेता अभिषेक सैनी ने शिरकत की। इस मौके पर 263 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर संयोजक विकास सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया है। इस अवसर पर विकाश सैनी, विजय सैनी, आशीष सैनी, अजय सैनी, मनीष सैनी, शुभम, अरुण, रवि आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग की दीपावली को लेकर तैयारियां जारी

**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** दीपावली महापर्व के मद्देनजर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिजली लाईनों व सब ग्रिड स्टेशन की मरम्मत की जा रही है। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जेईएन अजय कुमार बाज्या ने जानकारी देते हुए बताया कि पनियाला 33 केवी लाईन की मरम्मत के कार्य को लेकर बुधवार को शटडाउन रहेगा। जिसके चलते सुबह 8.30 से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं नांगल पण्डितपुरा एवं पनियाला जीएसएस के साथ-साथ हांसियावास,नांगल पण्डितपुरा, गोपीपुरा, जाहिदपुरा, रीको औधोगिक क्षेत्र,सांगटेड़ा,गोनेड़ा, मोरदा, केशवाना एवं शुभ आश्रय (केशवाना) के 11 केवी फीडर्स की भी मरम्मत के चलते बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### लोक कलाकारों की टीम नुक्कड़ नाटक के जरिए गाँव-गाँव करेगी जागरूक

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर श्री ताराचंद मीणा के निर्देशन में लोक कलाकारों की टीम बुधवार से ग्राम पंचायतो में नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आमजन को प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों का लाभ उठाने हेतु जागरूक करेगी। जिला कलक्टर सुबह दस बजे टीम को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा इन टीमों को शेष पंचायतों में भेजा जाएगा जहाँ आगामी दिनों में शिविर आयोजित होने हैं। पहले दिन बुधवार को ये कलाकार तुम्बडिया, रूपाखेडी, खाखली, डला उर्फ़ किशनपूरा, नन्दवाई, तम्बोलिया पंचायतों में प्रस्तुती देगी।

# हुड़ला ने किया बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर सड़क का शिलान्यास

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**महुवा।** विधानसभा क्षेत्र के गांव फुलमंडा से पाखर तक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी सड़क के शिलान्यास के दौरान गांव फुलमंडा में आयोजित पद दंगल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओम प्रकाश हुड़ला ने शिरकत की और पाखर से फुल मुंडा तक जाने वाली सड़क को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर बनाए जाने की भी घोषणा की।

इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास के मामले में कोई भी भेदभाव नहीं किया जा रहा है जब पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ तथाकथित राजनेताओं ने हमारी 10 वर्ष की जन सेवा के बावजूद अपने षडयंत्र के द्वारा हमारा टिकट काट दिया था और हमें लोगों की जन सेवा से दूर करने का प्रयास किया था तब आप जनता जनार्दन का आशीर्वाद और हमारे और आपके बीच में जो पवित्र रिश्ता है उसका ही परिणाम है कि हमें राजस्थान के विधानसभा में दूसरी बार जाने का मौका मिला आज जब हम इस तरीके के पद दंगल के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं तो लोगों के आपसी भाईचारे और सद्भावना को देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता है। परंतु कुछ लोग मीणा को गुर्जर से गुर्जर को मीना से दलित को अगड़ों से और अगड़ों को पिछडो से जातियों में कटु भावना पैदा करने वाले हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

आप सबको जैसा पता ही है कि अभी कुछ दिनों पहले आप सब के सहयोग से आप सब के आशीर्वाद से जो कोरोना की पहली और दूसरी लहर में बाहर के लोगों की हमने जनसेवा की थी उसको विश्व स्तर पर सराहा गया और उसी के परिणाम स्वरूप गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के द्वारा हमें अंतरराष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ विधायक का पुरस्कार मिला जो आप सब के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि आप सब लोगों के परिणाम से महुआ में अब लगभग हर ग्राम पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं हमारे दोनों उपखंड महुआ और मंडावर में राजकीय महाविद्यालय खुल गया है और हमारे महुआ उपखंड में राजकीय आईटीआई कॉलेज भी जल्द शुरू होगा। हमारे लोगों को हमारे छात्रों को हमारे नवयुवक साथियों को घर के आसपास अच्छी और गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा मिल सके इस की कोशिश की जा रही है। आज जब पाखर से फुल मुंडा तक यह सड़क का नाम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सड़क करने की घोषणा कर रहा हूं तो मन आनंद से प्रफुल्लित हो रहा हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा गरीब पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए कार्य किए गए वो अनन्त काल तक यादगार रहेंगे वो भारत माता के सच्चे सपूत थे। इस दौरान विभिन्न लोग मौजूद थे।

# सखी सहेली ग्रुप में लुटाए दीवाली गिफ्ट




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** सखी सहेली ग्रुप की तरफ से दीवाली क्वीन सीजन 2 का आयोजन किया गया। अध्यक्ष संगीता पुरोहित ने बताया की शास्त्री नगर स्थित डेजर्ट डेस्टिनी रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में नितिन अरोड़ा, हेमंत गहलोत, दिनेश गौड़, गुरुदत्त पुरोहित और नीरज बोहरा अतिथि थे। कार्यक्रम की उपाध्यक्ष सुमन सिसोदिया व कोषाध्यक्ष मीनाक्षी गौड़ ने बताया की इस दौरान मिस दीवाली क्वीन करीना महेश्वरी, मिसेज दीवाली क्वीन रितिका देवड़ा, डांसिंग क्वीन, करवा क्वीन और डांडिया क्वीन में जूही, बेस्ट सिंगिंग में श्रद्धा नाहर जैन, सोलह श्रृंगार में प्रतिभा जैन, प्रतियोगिता में विजेता रही, जिसमें गिफ्ट पार्टनर के रूप में अनुराग लोहिया, तुषार मंगनानी, पूनम पोहानी और संजीव व्यास का सहयोग रहा।

प्रचार मंत्री राधा भाटी ने बताया कि इस कार्यक्रम का संचालन एंकर पियूष और एंकर मानसी किया। सिक्युरिटी नारायण सिक्युरिटी द्वारा सभी को कोरोना गाइड लाइन का पालन करवाया गया, इस कार्यक्रम में दौरान विशेष रूप से साउंड एसआरडीज साथ ही विशेष अतिथि के रूप में रविन्द्र सिंह भाटी उपस्थित रहे, ज्यूरी मेम्बर ज्योत्सना व्यास, मोनिका सोलंकी, आदि निर्णय लेकर प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से फोटोग्राफी पार्टनर शॉट्ज़ स्टूडियो से नीतिन सोलंकी ने सभी प्रतिभागियों के एक से बढ़कर एक फ़ोटो खिंचे ताकि प्रतिभागी उन्हें यादगार के रूप में सहेज कर रख सके।

कार्यक्रम कर दौरान सखी सहेली ग्रुप द्वारा दीवाली गिफ्ट लुटाए गए, जिसमे आने वाले सभी को गिफ्ट मिले ,किसी को एक तो किसी को तीन गिफ्ट मिले, गिफ्ट पाकर सभी के चेहरे खिल उठे, कार्यक्रम के दौरान महिलाओ ने पारंपरिक वेशभूषा में घुमर नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दी, मीनाक्षी गौड़ जिसको घुमर नृत्य के विशेष अदाज के लिए सभी जानते है वो भी घुमर पर जोरदार थिरकी एवं प्रतिभागी प्रतिभा ने भी घुमर पर नृत्य किया साथ ही कार्यक्रम में सिंगर श्रद्धा नाहर जैन ने गाना गाकर माहौल खुशनुमा बना दिया, कार्यक्रम का समापन विजेताओ को चांदी की पायल, मोमेंटो एवं आदि पुरस्कार देकर किया गया।

कार्यालय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय

# जिला स्तरीय कला उत्सव में श्रेष्ठ विद्यार्थियों को किया चयन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिंडवाड़ा।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय पिण्डवाड़ा में वर्चुअल मोड पर जिला स्तरीय कला उत्सव 2021 का आयोजन किया गया। मुख्य जिला शिक्षाधिकारी समग्र शिक्षा सिरोही से इस हेतु निर्णायक मंडल में तीन सदस्य दल ने भाग लिया। जिसमें प्रथम निर्णायक मंगल सिंह दहिया वरिष्ठ व्याख्याता डाईट आबूपर्वत, द्वितीय इनामुल हक कुरैशी कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा सिरोही व तृतीय जितेन्द्र रावल प्रथम सहायक स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय पिण्डवाड़ा ने अलग-अलग नौ विधाओं में प्राप्त कुल 70 प्रतिभागियों की वीडियों (प्रविष्टियों) को जाँचकर श्रेष्ठ बालक व बालिका का चयन प्रधानाचार्य श्याम सुंदर व्यास के मार्गदर्शन में किया। चयनित श्रेष्ठ बालक-बालिका आगे राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। प्रविष्टियों की संख्या अधिक होने से निर्णायकों को निर्णय निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। देर शाम 7 बजे तक प्रविष्टियों को जाँचकर अन्तिम परिणाम निकाला गया। जिसमें संगीत (गायन) शास्त्रीय संगीत में जिला स्तर पर प्रथम स्थान बालक वर्ग में जयेश कुमार रा.उ.मा.वि. झाडोली रहे वहीं छात्रा वर्ग में कशिश रा.मा.वि.गाँधीनगर आबूरोड रही। संगीत (गायन) पा.लो.संगीत में हर्षित प्रजापत स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पिण्डवाडा, छात्रा वर्ग में सृष्टि राजपुरोहित स्थानीय विद्यालय रही। संगीत (वादन)शास्त्रीय संगीत बालक वर्ग में लोकेश ओझा तो छात्रा वर्ग में संगीता बिश्वास स्थानीय विद्यालय रही। संगीत (वादन) पारम्परिक लोक संगीत गौतम भाटी छात्र वर्ग में तो छात्रा वर्ग में दृष्टि सोनी स्थानीय विद्यालय रही। नृत्य (शास्त्रीय) में छात्र वर्ग में कोई प्रविष्टि नहीं मिली वहीं छात्रा वर्ग में युक्ति कुमारी स्थानीय विद्यालय रही। नृत्य (लोक) में भी छात्र वर्ग में कोई प्रविष्टि प्राप्त नहीं हुई तो छात्रा वर्ग में विष्णु देवड़ा स्थानीय विद्यालय रही। दृश्य कला (द्वि-आयामी) में छात्र वर्ग में विकास पुरोहित महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जावाल ने बाजी मारी तो छात्रा वर्ग में दीक्षिता कुमारी स्थानीय विद्यालय विजेता रही। दृश्य कला (त्रि- आयामी) में छात्र वर्ग में प्रांजल अग्रवाल तो छात्रा वर्ग में पलक अग्रवाल स्थानीय विद्यालय विजेता रहे। वहीं स्थानीय खेल- खिलौने में छात्र वर्ग में रितेश कुमार गहलोत स्थानीय विद्यालय तो छात्रा वर्ग में अनामिका कुमारी रा.उ.मा.वि.चनार आबूरोड रही। विजेताओं संग द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रभारी शिक्षकों द्वारा यथाशीघ्र पहुंचा दिया जायेगा। इस अवसर पर गतिविधि प्रभारी खुशवन्त कुमार माली, हर्षमाथुर समग्र शिक्षा उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्तकर्ताओं को प्राचार्य श्याम सुंदर व्यास ने पुरस्कृत किया। जिसमें उत्सव प्रभारी जितेन्द्र रावल,गतिविधि प्रभारी खुशवन्त कुमार माली, निर्मला कोली, कुसमलता बैरवा व शिक्षकगण और छात्र उपस्थित रहे। प्राचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में निरन्तर आगे बढ़ने व उन्नति करने हेतु प्रोत्साहित किया।

जेके आईटी में डॉ. कलाम की जन्म जयंती के उपलक्ष में कार्यर्‌ म आयोजित

# डॉ. कलाम शिक्षित भविष्य को साकार स्वरूप प्रदान करने सदैव तत्पर रहे-शारदा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**निम्बाहेड़ा।** भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 90 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में यदुपति सिंघानियां इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के सभाहाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति आयोजन समिति के तत्वाधान में सोमवार को राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमल नाहर की अध्यक्षता, उद्योगपति पीयुष शारदा के मुख्य आतिथ्य एवं सीके ग्रुप के डायरेक्टर व आयोजन समिति के संरक्षक वसीम खान, जेके आईटी के अधीक्षक केएल जोशी, ग्रामीण एकता मंच संयोजक सुरेश झंवर, उबेद खान, अय्यूब खान के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नाहर ने डॉ. कलाम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. कलाम का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणा का प्रकाश पूंज है, गरीब परिवार में जन्म लेने वाले डॉ. कलाम में संघर्ष और परिश्रम के साथ जो मुकाम हासिल किया है, ऐसे मुकाम पर बिरले ही पहुंच पाते है। उन्होने कहा कि विवादित परिस्थितियों, राजनैतिक धर्म साम्प्रदायिकता से परे हटकर अपना जीवन राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत व सशक्त बनाने में समर्पित कर दिया। डॉ. कलाम शिक्षित भविष्य की कल्पना को साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहे, यही वजह रही कि वे राष्ट्पति पद से निवृत होने के बाद शिक्षक के रूप में देश के भविष्य को निखारने के लिए जुट गए थे। मुख्य अतिथि शारदा ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन की सफलता एवं लक्ष्यो को हासिल करने के लिए शिक्षा के साथ साथ डॉ. कलाम के आदर्शो व सिद्धांतो को अपनाने की जरूरत है, शिक्षित युवा ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जा सकते है। विशिष्ट अतिथि खान, झंवर ने भी कलाम के आदर्श जीवन पर सारगर्भित विचार व्यक्त कर आगे बढने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि वसीम खान ने उपस्थित शिक्षको को डॉ. कलाम द्वारा शिक्षा कार्यो को लेकर उल्लेखित शपथ दिलाई। प्रारंभ में जेके आईटी के अधीक्षक जोशी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि जेके द्वारा डॉ. कलाम के शिक्षा विजन को अंगीकार करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए है। उन्होने कहा कि जेके आईटी के माध्यम से आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढावा देने के लिए ही निम्बाहेड़ा जैसे स्थान पर आईटी की स्थापना की गई, जिसके माध्यम से सैकडो विद्यार्थी लाभांवित हो रहे है, इतना ही नही जेके आईटी से निकले लगभग 3 हजार विद्यार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रो में कार्यरत होकर अपनी प्रतिभा से देश की सेवा कर रहे है। जेके आईटी के छात्र भाभा एवं इसरो में कार्य कर नगर को गौरान्वित कर रहे है। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व अतिथियों ने डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया। डॉ. कलाम स्मृति आयोजन समिति के अध्यक्ष अशरफ मेव, निशांत अग्रवाल, तालिब अहमद, एसएस अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। जेके आईटी के उपप्राचार्य जीएल व्यास, लोकेश सेन, दशरथ कुमार टांक, मनीष बुनकर, विकास गायरी, हिम्मत सुथार, शुभम चौधरी, जोधसिंह सिराज खान, सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन योगेश माथुर ने किया। कोरोना गाईड लाईन की पालना में कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बैग पाकर खिले बच्चों के चेहरे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बेरू/जोधपुर।** भारत में अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक बैंक ऑफ इंडिया ने बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधि के अंतर्गत 16 अक्टूबर 2021 शनिवार को बैंक ऑफ इंडिया जोधपुर अंचल के बेरू ग्राम में व्यवसायिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेरू ग्राम के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बालक - बालिकाओं के लिए स्कूल बैग का वितरण किया गया। बैंक ऑफ इंडिया जोधपुर अंचल के आंचलिक प्रबंधक विनायक शुक्ल एवं उप आंचलिक प्रबंधक अशोक पाठरावे द्वारा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। बेरू बैंक ऑफ़ इंडिया ब्रांच मैनेजर महेंद्र देवड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में आए हुए सभी ग्राम वासियों को बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी से अवगत कराया गया एवं कहा की भारत सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को हमारे बैंक द्वारा पूर्ण रूप से क्रियान्वित किया जाता रहा है। प्रबंधक महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंक सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के साथ आमजन के हित में अग्रणी रहता है बैंक के ग्राहकों के प्रति सहजता एवम संतोषप्रद व्यवहार का दृष्टिकोण मुख्य विशेषताओं में शुमार हैं सरकार द्वारा एवं एमएसएमई के क्षेत्र को प्राथमिक स्तर पर रखा गया है । इसीलिए इसकी योजनाओं को लागू करने में बैंक की अहम भूमिका रहती हैं।

बैंक ऑफ इंडिया के सतत विकास एवं वृद्धि हेतु जोधपुर अंचल के आंचलिक प्रबंधक द्वारा कहा गया कि हम अंचल के हर क्षेत्र को वित्तीय लाभ पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। बैंक अपने ग्राहकों को अति सुगम एंव बेहतर सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। मैनेजर देवड़ा ने बताया कि कहा कि बैंक विश्वसनीयता, बेहतर और सक्रिय सेवा, ग्राहक कें द्रित उत्पाद, निरंतर नव परिवर्तन और सामाजिक दायित्व आदि पांच सिद्धातों पर अमल करते हुए बुलंदियों पर पहुंची है। कार्यक्रम के दौरान बेरू सरपंच मोतीराम द्वारा सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया व विद्यालय स्टाफ द्वारा धन्यवाद देते हुए कहा कि बैंक की शिक्षा के क्षेत्र में दी जाने वाली सेवा छात्र - छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम देगी। इस दौरान ग्रामवासी कई सामाजिक कार्यकर्ता विद्यालय स्टाफ छात्र छात्राओं सहित पूरी टीम एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

बीमारियों को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

# आपातकालीन चिकित्सक ड्यूटी कक्ष में लगे बोर्ड पर भी तारीख चेंज नहीं करते

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में जहां डेंगू के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं तो वहीं मौसमी बीमारियों के कारण अस्पताल के आउटडोर में भी लगातार इजाफा हो रहा है. डेंगू से बचाव के लिए जहां साफ-सफाई रखने के सुझाव दिये जाते है. वहां अस्पताल खुद ही बीमार नजर आ रहा है. अस्पताल परिसर में ही गंदगी फैली हुई है. चारों ओर गंदगी के ढेर नजर आ रहे हैं अस्पताल परिसर में सफाई ना के बराबर हो रही है मरीजों के बैठने और पीने के पानी की भी पर्याप्त व्यवस्थाएं भी नहीं है लोगों को पर्ची कटाने के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता है अस्पताल परिसर में मरीज को पर्याप्त सुविधाएं भी नहीं मिलती है जिसके कारण मरीज इधर-उधर भटकता रहता है और अंत में प्राइवेट हॉस्पिटल में जाने को मजबूर होता ह है आपातकालीन चिकित्सक कक्षा में लगा बोर्ड भी अपनी कहानी कह रहा है उस बोर्ड पर तारीख भी 20 दिसंबर 2020 अंकित है आज तक उस बोर्ड पर तारीख भी चेंज नहीं हुई अस्पताल प्रशासन की कितनी बड़ी लापरवाही है जिससे मरीजों को यह पता नहीं चलता है कि आज किस डॉक्टर की आपातकालीन कक्ष में ड्यूटी है इससे यह का ज्ञात होता है कि चोमू सरकारी हॉस्पिटल राम भरोसे ही है क्या जिम्मेदार अधिकारी इन पर कार्रवाई करेंगे

SDM राहुल जैन अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। अस्पताल में गंदगी देखकर स्ष्ठरूने नाराजगी जाहिर की। अस्पताल ·¤e दीवारों पर जगह-जगह पान मसाला और गुटके की पीक नजर आने पर अस्पताल में सफाई कर्मियों को फटकार लगा दी। SDM ने कहा कि अगर सफाई कर्मचारी काम नहीं करते हैं तो इनको हटाने की कार्रवाई करें. तो वहीं अस्पताल में चिकित्सा कर्मियों को भी SDM फटकार लगाते नजर आए. अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखकर अतिरिक्त पर्ची काउंटर खोलने के लिए भी चिकित्सा प्रभारी को दिशा निर्देश दिए।

